सेंसेक्स 73,142.80 ▼ -15.45
डॉलर 82.885 ▲ +0.040

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 14.0 | 19.0 |
| धनबाद | 28.0 | 15.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 24.0 |
| पलामू | 28.0 | 14.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 24 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-25, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सामाजिक सद्भाव के अग्रदूत हैं संत ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को दी रूस-यूक्रेन ...12 देश विदेश

**रांची सर्राफा**
सोना (10 ग्राम) 59,100
चांदी (1 किलो) 76,500

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# 4,981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश

**जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक पर भिड़े दोनों पक्ष के विधायक** | **वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रस्ताव पर सोमवार को होगी चर्चा** | **सदन दो मार्च तक चलेगा, सत्र के दौरान कुल सात बैठकें होंगी** | **हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही करीब 40 मिनट तक चली**

### पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन करते दिखे भाजपा विधायक

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के साथ शुरू हुआ। भाजपा व आजसू विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए आसन के समक्ष हंगामा किया, जिसका सत्तापक्ष के विधायकों ने विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में 4,981 करोड़ 03 लाख रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। अब सोमवार को वाद-विवाद के बाद इसे पारित कराया जाएगा। मालूम हो कि सदन दो मार्च तक चलेगी। सात दिवसीय विधानसभा सत्र के लिए सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक और आजसू विधायक लंबोदर महतो 28 जनवरी को हुए सीजीएल परीक्षा पर्चा लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। बता दें, इस मामले में राज्य सरकार ने जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने हंगामा कर रहे विधायकों से अपनी सीटों पर वापस जाने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि इन मुद्दों को सत्र के दौरान लिया जाएगा।

हालांकि, विधायक विरोध करते रहे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार नौकरी की परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कानून लाई थी। इसके बावजूद इतना बड़ा पेपर लीक हुआ। इसलिए हम पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही करीब 40 मिनट तक चली। इसके बाद सदन स्थगित कर दी गई। अब 26 को सदन की कार्यवाही होगी। अध्यक्ष ने सदन को बताया कि सत्र के दौरान सात बैठकें होंगी, जिसमें 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश किया जाएगा। उन्होंने सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्यों से लोगों के हित में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने का आग्रह किया।



### प्रदीप यादव ने दी सफाई

पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग पर विधायक प्रदीप ने कहा कि पेपर लीक की यह कोई पहली घटना नहीं है। देश में यह 43वीं घटना है। यूपी की बुलडोजर सरकार में भी ऐसा हुआ है। इसमें बड़ा गिरोह काम कर रहा है। निश्चित रूप से इसमें कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन ये (भाजपा) किसान आंदोलन पर चुप हैं। इस विस से प्रस्ताव पास होना चाहिए कि सदन किसानों के साथ है।

### हेमंत सोरेन नहीं हुए शामिल

बजट सत्र में जमीन घोटाला मामले में ईडी के हाथों गिरफ्तार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शामिल होने का मौका नहीं मिला। ईडी कोर्ट ने बजट सत्र में शामिल होने के लिए उनकी ओर से दाखिल याचिका गुरुवार को निरस्त कर दी। हेमंत सोरेन ने ईडी कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर 26 फरवरी को सुनवाई होगी।

### शोक प्रकट करने के बाद विस 11 बजे तक के लिए स्थगित

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन में शोक प्रकाश लाया गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित मंत्रियों और विधायकों ने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। सदन में जमुआ के विधायक रहे चंद्रिका महथा, बिहार के मुंगेर से लोकसभा सदस्य रहे ब्रह्मानंद मंडल, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य गुणानंद झा, सरयुग मंडल, कानून जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले न्यायविद फली एस नरीमन, आचार्य विद्यासागर महाराज, डॉ प्रभा अत्रे, उस्ताद राशिद खान और अमीन सयानी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक प्रकाश के बाद विधानसभा सभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### हेमंत के बजट सत्र में हिस्सा लेने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई 26 को

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति ईडी कोर्ट की ओर से नहीं दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। वर्चुअल मोड में सुनवाई में भाग लेते हुए ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने जवाब के लिए समय मांगा और सोमवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया। हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी निर्धारित की। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ईडी की विशेष अदालत ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी और हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी गई है। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है। इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में शामिल होने की एक दिन अनुमति ईडी की विशेष अदालत से मिली थी।

## एक नजर

### झारखंड में वित्त आयोग का गठन, अमरेंद्र प्रताप बने अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में पांचवें वित्त आयोग का गठन कर दिया है। रिटायर्ड आईएएस अमरेंद्र प्रताप सिंह को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि रांची स्थित संत जेवियर कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर और अर्थशास्त्री हरीश्वर दयाल सदस्य बनाए गए हैं। राज्य के पंचायती राज विभाग के निदेशक पदेन सदस्य होंगे। राज्य सरकार की अनुशंसा पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को इनकी नियुक्ति का आदेश दिया है। गौरतलब है कि झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 114 के तहत राज्य में वित्त आयोग के गठन का प्रावधान किया गया है।

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का मुंबई में निधन




**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जी. जोशी का शुक्रवार सुबह 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके रिश्तेदारों के एक संक्षिप्त बयान में कहा गया है, हमारे परिवार को आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मनोहर जोशी का आज सुबह तीन बजे लंबे समय तक उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के बाद निधन हो गया। शिव सेना के वरिष्ठ नेता का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके माटुंगा स्थित आवास पर रखा जाएगा। परिवार ने कहा, जोशी का अंतिम संस्कार दोपहर करीब तीन बजे शिवाजी पार्क श्मशान में किया जाएगा।

# रिम्स सहित राज्य में चार सीसीयू का शिलान्यास कल

### गढ़वा व पाकुड़ के जिला अस्पतालों में 50-50 बेड

### गिरिडीह जिला अस्पताल में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक

### तीन योजनाएं देवघर में जबकि एक योजना दुमका को मिल रहा है




**आरएनएम। नई दिल्ली/ रांची**

प्रधानमंत्री मोदी 22 फरवरी से लगातार देश के विभिन्न राज्यों में परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर रहे हैं। रविवार को प्रधानमंत्री गुजरात के राजकोट से देश को स्वास्थ्य संरचना के क्षेत्र में बड़ी सौगात देंगे और अलग-अलग राज्यों में 11500 करोड़ के करीब 200 से ज्यादा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। इनमें झारखंड की भी नौ योजनाएं शामिल हैं। इनमें चार जिलों में क्रिटिकल केयर यूनिट , तीन जिलों में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और दो जिलों में बीएससी नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास शामिल है। इस क्रम में रिम्स में भी 50 बेड वाला क्रिटिकल केयर यूनिट का शिलान्यास होगा। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है।

**भारत सरकार के अधिकारी पहुंचे :** राज्य में पीएम के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के सेक्शन ऑफिसर रमेश देशवाल झारखंड पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे देवघर एयरपोर्ट पर आने के बाद वह दुमका में हैं। प्रधानमंत्री राज्य में 09 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिनमें तीन योजनाएं देवघर में हैं, जबकि एक दुमका में है। रांची रिम्स के अलावा गढ़वा व पाकुड़ के जिला अस्पतालों में 50-50 बेड एवं गिरिडीह जिला अस्पताल में 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही देवघर जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सारठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनाराय तरही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मार्गो मुंडा का भी शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा पीएम फूलोझानो मेडिकल कॉलेज, दुमका एवं कोडरमा मेडिकल कॉलेज, कोडरमा से संबद्ध बीएससी नर्सिंग कॉलेज का भी शिलान्यास करेंगे। बता दें कि कोडरमा मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति चार साल पूर्व ही केंद्र से मिल चुकी है। चार साल पूर्व खुद प्रधानमंत्री ने कोडरमा में मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी थी। लेकिन अभी तक कॉलेज का निमाण भी सही तरीके से शुरू नहीं हो सका है।

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कैबिनेट से 29 प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

# 100 की जगह हर महीने 125 यूनिट बिजली मुफ्त

### रांची में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना होगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अब राज्य के लोगों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह निर्णय झारखंड कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को लिया गया। बैठक सीएम चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई। इसमें 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट हर महीने मुफ्त बिजली दी जाएगी। रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट एवं मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की




स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट लगेगा।

साथ ही इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2024 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गयी। गिरिडीह जिलान्तर्गत बगोदर-सरिया अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। नई दिल्ली के नए झारखंड भवन के कार्यालय के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। राज्य योजनान्तर्गत दुग्ध संग्रहण, विधायन एवं विपणन योजना के तहत झारखंड मिल्क फेडरेशन के माध्यम से गिरिडीह एवं जमशेदपुर में नए डेयरी प्लांट एवं रांची के होटवार में मिल्क पाउडर प्लांट तथा मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके निमित्त कुल तीन अरब बीस करोड़ अड़तीस लाख की नाबार्ड अन्तर्गत आरआईडीएफ ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### स्मार्टफोन व टैब को लेकर कैबिनेट से स्वीकृति

केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत क्रियान्वित पोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए स्मार्टफोन्स के क्रय एवं आपूर्ति निमित्त दर संशोधन की स्वीकृति दी गई। केंद्र संपोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अन्तर्गत वितीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत ग्रामीण स्तरीय सहियाओं (आशा) को राज्य में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कुल एक अरब चौदह करोड़ पच्चीस लाख रुपये की योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए टैब क्रय कर उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गयी।

### हाईकोर्ट ने अमित शाह पर टिप्पणी मामले में खारिज की राहुल गांधी की याचिका



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने एमपी-एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका खारिज होने के बाद राहुल गांधी के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत में मामले की सुनवाई नौ फरवरी को पूरी हो गई थी।

### जेजेएमपी के 10 लाख के इनामी सहित दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के जोनल कमांडर मनोहर परहिया और एरिया कमांडर दीपक भुइयां ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। जोनल कमांडर मनोहर पर सरकार ने 10 लाख रुपये इनाम भी घोषित कर रखा था। मनोहर लातेहार जिले के छिपादोहर का रहने वाला है जबकि दीपक पलामू के पाकी का रहने वाला है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी, रवि शंकर मिश्रा समेत अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस संबंध में आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दोनों नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि दोनों नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों से संपर्क साधा था और आत्मसमर्पण नीति की जानकारी ली। सरकार की नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी दोनों को दी गई। इसके बाद दोनों ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा में लौटने वाले नक्सलियों को पुलिस हर संभव मदद करेगी। एसपी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाला मनोहर नक्सली संगठन में जोनल कमांडर के रूप में कार्यरत था। इस पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में 13 से अधिक नक्सली हिंसा के मामले दर्ज थे। उन्होंने बताया कि इस पर सरकार की तरफ से 10 लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। पुनर्वास नीति के तहत सभी प्रकार की सुविधा आत्म समर्पण करने वाले दोनों नक्सलियों को दी जाएगी।

## इंडिया

# कर्नाटक के मंदिरों में 10 प्रतिशत टैक्स और धर्म निरपेक्षता


सुनील बादल

***भारत*** प्रारंभ से ही धर्म को संविधान की मान्यता देता रहा है और दूसरी विचारधारा जो प्रगतिशील की रही है उसका मानना है की भारत को धर्म निरपेक्ष होना चाहिए। इन दोनों विचारधाराओं के बीच द्वंद को भी लोग स्वीकारते हैं पर एक तीसरी विचारधारा भी है जो सुविधानुसार कभी किसी धर्म को तो कभी किसी धर्म को औजार की तरह इस्तेमाल करती है पर अभी मुद्दा जो गरमाया हुआ है वह है मंदिरों पर टैक्स लगाने का? सवाल भेदभाव का है कि जजिया टैक्स की तरह मंदिरों पर ही क्यों टैक्स और क्या इसका इस्तेमाल दक्षिण में धर्म की राजनीति गरमाने के लिए हो रहा है ताकि भाजपा को रोका जाए जैसा भाजपा बता रही है या मंदिरों को व्यवसाय मानकर उनसे टैक्स वसूलने की नई शुरूआत हो रही है? कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार की तरफ से मंदिरों को टैक्स के दायरे में लाने पर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार ने विधानसभा में 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पास कराया गया है। यह एक करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत और 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच राजस्व वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत कर संग्रह का आदेश देता है। इस विधेयक ने कर्नाटक में एक राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, जिसमें सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच तीखी नोकझोंक हो रही है। इतना ही नहीं मंदिरों पर शुल्क लगाने की क्षमता पर एक गरमागरम बहस छेड़ दी है। इससे बेंगलुरु से लेकर दिल्ली तक राजनीति गरमा गई है।बीजेपी ने राज्य सरकार पर हिंदू विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया है, जबकि कांग्रेस ने विधेयक का बचाव करते हुए कहा है कि इसी तरह के प्रावधान 2001 से लागू हैं। कर्नाटक सरकार के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बीजेपी के आरोपों का जवाब देते हुए उनकी धार्मिक राजनीति पर सवाल उठाया और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मंदिरों और हिंदू हितों की रक्षा की है। कर्नाटक के लोग बीजेपी की चालों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में अपना असंतोष व्यक्त करने की




संभावना है। रेड्डी ने पत्रकारों से कहा कि यह प्रावधान नया नहीं है बल्कि 2003 से अस्तित्व में है। तो वहीं बीजेपी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार मंदिर के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है।जबकि कांग्रेसनित सरकार का कहना है कि राज्य में 40 से 50 हजार पुजारी हैं, उन्हें इसी पैसे से बीमा कवर दिया जा सकता है। सरकार के मंत्री रामलिंगा रेड्डी का कहना है कि हम चाहते हैं कि अगर उनके साथ कुछ होता है तो उनके परिवारों को कम से कम पांच लाख रुपये मिलें। प्रीमियम का भुगतान करने के लिए हमें सात करोड़ रुपये से आठ करोड़ रुपये की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि सरकार मंदिर के पुजारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना चाहती है, जिसके लिए सालाना पांच करोड़ से छह करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। बीजेपी ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगते हुए कहा कि टैक्स एक ही धर्म पर क्यों जबकि सुविधा सभी को है। सिद्धारमैया सरकार ने बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान वक्फ संपत्तियों के लिए किया है। 200 करोड़ ईसाई समुदाय के लिए और अन्य धार्मिक स्थलों के लिए 20 करोड़ रुपये के फंड का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 10 करोड़ रुपए की लागत से भ०?य हज भवन बनाने की भी घोषणा की गई है। यह हज भवन मंगलौर में बनाया जाएगा।बीजेपी का आरोप है कि अल्पसंख्यक समुदायों खासकर मुस्लिम और ईसाइयों के लिए इस बजट में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई हैं। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने बजट में वक्फ संपत्ति और ईसाई समुदाय के लिए 330 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जबकि, कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जहां मुजराई (हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती) विभाग द्वारा नियंत्रित 'ए और बी' यानी बड़े और छोटे श्रेणी के 400 के करीब मंदिरों से हिंदू भक्तों द्वारा दिया जाने वाला सालाना औसतन दान 450 करोड़ रुपये सरकार के खजाने में जाता है। प्राचीन हिंदू मंदिरों के मरम्मत तक के लिए कोई राशि नहीं दिए जाने पर बीजेपी ने हंगामा किया। सिद्धारमैया सरकार हिंदू मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने वाले किसी भी विधेयक का विरोध भी करती आई है। हिंदू मंदिरों से हर साल इतना धन सरकार के खजाने में जाने के बाद भी बजट में इन मंदिरों के विकास, सुरक्षा और संरक्षण के लिए राशि का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

## एक नजर

### कोडरमा में ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना 12वें दिन खत्म

**कोडरमा।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना 12 वें दिन शुक्रवार शाम को समाप्त हो गया। शुक्रवार को आंदोलनकारियों और प्रशासन के बीच वार्ता के बाद ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने शिव वाटिका में आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। समाहरणालय में डीसी मेघा भारद्वाज और एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह की उपस्थिति में ढिबरा संघ के नेताओं के बीच बिंदुवार वार्ता हुई। प्रशासन ने ढिबरा को लेकर कानूनी अड़चन सरकार के स्तर से शीघ्र ही दूर कर लेने का भरोसा दिलाया। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने कहा कि आंदोलन की जीत हुई है। प्रशासन से वार्ता काफी सकारात्मक रही है, जिसके आधार पर ढिबरा मजदूरों के हित में आंदोलन को समाप्त किया गया है।

### 25 हजार के कर्ज पर सूद में जुड़ गया पांच लाख, व्यापारी ने लगाई फांसी

**रामगढ़।** सिर्फ 25 हजार के कर्ज पर पांच लाख के सूद ने एक व्यापारी की जान ले ली। रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा मोहल्ले में शुक्रवार को कपड़ा व्यवसाई सुशील कुमार साहू ने फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक के पिता योगेंद्र साहू ने पुलिस को बताया कि उनका 37 वर्षीय बेटा सुशील पिछले कुछ दिनों से काफी तनाव में था। वह ना तो दुकान जाना चाह रहा था और ना ही कोई और काम कर पा रहा था। शुक्रवार को उसने फांसी लगा ली तो परिवार के लोग उसे फंदे से उतारकर होप हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर थाना पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। योगेंद्र साव ने कहा कि उसके बेटे ने एक महिला से कर्ज के रूप में 25 हजार रुपये ब्याज पर लिया था। अब महिला 25 हजार के ब्याज के साथ 4-5 लाख रुपये जोड़कर एक मुश्त पैसे की मांग कर रही थी। इस कारण वह दबाव में था और आत्महत्या कर लिया। मामले को लेकर घरवालों ने थाने में आवेदन दिया है।

### खूंटी में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को, जिला जज ने की तैयारियों की समीक्षा

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में नौ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों का अधिकारी शामिल हुए। जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराने में सहयोग करें और वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि वे मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें।

### 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# आत्मनिर्भरता के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी : सुदेश कुमार महतो




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** रुडसेट संस्थान में शुक्रवार को विधायक सुदेश कुमार महतो ने 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन किया। इसके अलावे संस्थान के महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिए. मौके पर उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रुडसेट के सार्थक प्रयासों के कारण ही अब तक नौ हजार लोगों ने रोजगार प्रशिक्षण लिया है इनमें से 72 प्रतिशत लोग इसे रोजगार का साधन बना चुके हैं। आत्मनिर्भरता के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी है। इस संस्थान ने अपने प्रशिक्षुओं में आत्मविश्वास की भावना को मजबूत किया है। इन प्रयासों से समाज मजबूत होगा। जीवन में मार्गदर्शन मिलेंगे लेकिन जीवन में निर्णय स्वयं ही लेना पड़ता है। रुडसेट पर बनी फिल्म का प्रीमियर शोः कार्यक्रम के दौरान रुडसेट पर बनी एक फिल्म रुडसेट के बढ़ते कदम का प्रीमियर शो आयोजित किया गया. विधायक सुदेश कुमार महतो ने क्लिक करके शो की शुरूआत की. फिल्म में रुडसेट द्वारा देश भर में किए गए कार्यों एवं इसकी भूमिका का चित्रण किया गया है. फिल्म का निर्माण रांची विवि के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, मारवाड़ी कालेज के फिल्म विभाग के कोर्स डायरेक्टर एवं फिल्म मेकर डा. सुशील अंकन ने किया है. समारोह का संचालन जगदीश महतो ने किया. इस मौके पर केनरा बैंक के अंचल कार्यालय से अधिकारी सलोनी, निदेशक संजीत कुमार, शाखा प्रबंधक सुब्रतो नायक, जयपाल सिंह, गया राम महतो, योगेश्वर महतो, दिनेश महतो, अनिल कुमार, जगदीश महतो, दशरथ महतो आदि मौजूद थे.

# ऐसा माहौल बनाएं कि बच्चे परीक्षा को तनाव के रूप में न लें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों के साथ एक दिवसीय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 6.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि हम सबों को स्कूल और घर में ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए, जिससे बच्चे परीक्षा को तनाव के रूप में न लें। उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि परीक्षा के माहौल को पूरी तरह से तनाव मुक्त बनायें, जिससे बच्चे सहज भाव से निर्भीक होकर परीक्षा दे सकें। परीक्षा पे चर्चा के रिसोर्स पर्सन डॉ संजय मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से पूरे देश के 220 जिलों में इस प्रकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में झारखंड के लगभग 14 जिलों में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कुछ दिन पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में 34 मंत्र दिए थे।

### कांग्रेस में टिकट को लेकर नेताओं की लॉबिंग हुई तेज

**रांची।** झारखंड में इंडिया गठबंधन का खाका करीब-करीब तैयार कर लिया गया है. पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का फॉमूर्ला भी तैयार कर लिया गया है. इसके तहत दोनों दल अपने-अपने हिस्से सात-सात सीटें रखेंगी. जिसमें दोनों दल एक-एक सीट राजद और वामदल को देंगे. अगर कांग्रेस की बात को करें तो उनके हिस्से आनी वाली छह सीटों को लेकर टिकट चाहने वाले नेताओं की लॉबिंग तेज हो गयी है. अपने-अपने स्तर से पार्टी आलकमान के समक्ष अपनी-अपनी गोटियां सेट करने में जुट गये हैं. कुछ सीट से दो जबकि कुछ सीटों से तीन-तीन, चार-चार दावेदार सामने आ रहे हैं. उम्मीद जतायी जा रही है कि फरवरी के अंत या मार्च के पहले सप्ताह तक सीट और प्रत्याशियों का औपचारिक एलान हो जायेगा. रांची सीट एक बार से फिर से कांग्रेस के हिस्से में आयी है. रांची से वैसे तो दो लोगों का नाम है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व रांची से सांसद सुबोधकांत सहाय और कुरमी नेता केशव महतो कमलेश का नाम है.

# पशुधन विकास योजना को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने की जरूरत : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शुक्रवार को जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यशाला में जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी डॉ तेरेसा तिर्की, सुरेश कुमार गव्य तकनीकी पदाधिकारी के साथ ही जिले के सभी प्रखंडों के पशु चिकित्सकों ने भाग लिया। उपायुक्त ने पशुपालकों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्नत गतिविधियों के माध्यम से पशुपालकों को उचित अवसर भी मिल रहे हैं। इससे उन्हें अपनी आजीविका को बेहतर बनाने में सहयोग मिल रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से नई पद्धतियों के संबंध में जानने और पशुओं के उचित रख-रखाव, बीमारियों एवं उपायों की जानकारी प्राप्त करें। स्टॉल के माध्यम से भी पशुपालकों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता है। खूंटी जिले में कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए जाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में भी सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें हर स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि पशुपालन को बढ़ावा देते हुए दूध, मांस, अंडा के उत्पादन में वृद्धि लाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनायें। आमदनी का सृजन करना एवं ग्रामीण पशुपालकों की आय को दोगुना करना है। मेले में उपायुक्त द्वारा लाभुकों के बीच दुधारू गायों का वितरण किया गया।

### जुमार नदी पर बनेगा राजधानी का सबसे बड़ा शवदाह गृह

रांची। रांची के जुमार नदी पर राजधानी का सबसे बड़ा शवदाह गृह बनेगा.सांसद संजय सेठ की पहल पर 7.5 करोड़ रुपये में इसका निर्माण किया जाएगा. यहां विद्युत शवदाह के साथ चूल्हे की भी व्यवस्था होगी. सांसद ने शुक्रवार को प्रस्तावित शवदाह गृह के स्थल का निरीक्षण किया. कहा कि यह अत्याधुनिक शवदाह गृह होगा, जहां लोग पारंपरिक रीति रिवाज से भी और विद्युत के माध्यम से भी अंतिम संस्कार कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि इस स्थल पर रिम्स के लावारिस शवों का भी अंतिम संस्कार किया जाता है. ऐसे शवों की संख्या भी दर्जनों में होती है, ऐसी स्थिति में शवदाह गृह का निर्माण होने से यह कार्य भी सुगमता पूर्वक हो सकेगा. सांसद ने बताया कि शवदाह गृह में चार भवन भी बनेंगे. इसके अलावे अन्य कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी. ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। शव गृह में हर तरह की सुविधा होना बहुत ही जरूरी है।

# झापा और आदिवासी सेना के कार्यकर्ता 25 फरवरी को थामेंगे जेएमएम का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आदिवासी सेना (बंधु तिर्की) और झारखंड पार्टी (एनोस) के हजारों नेता और कार्यकर्ता 25 फरवरी को झामुमो का दामन थामेंगे. कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम चंपाई सोरेन की उपस्थिति में रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा व गुमला के सभी नेता व कार्यकर्ता सदस्यता ग्रहण करेंगे. आदिवासी सेवा के महासचिव अलबिन लकड़ा, सचिव विकास तिर्की और झारखंड पार्टी की केंद्रीय प्रवक्ता अंशु लकड़ा ने पत्रकार सम्मेलन में इस बात की जानकारी दी. झारखंड पार्टी की प्रवक्ता अंशु लकड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन एक ऐसे युवा नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अपनी कुर्सी की बलि देना उचित समझा, लेकिन भाजपा के आगे घुटने नहीं टेके. कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर झूठे केस में मुकदमा दायर करके उन्हें जेल भेजने का काम किया है. झारखंड के आदिवासी मूलवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग आगामी चुनाव में इसका जवाब देंगे. आदिवासी सेवा के अरविंद लकड़ा ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आंदोलन और सैकड़ों लोगों की शहादत के बाद झारखंड राज्य का गठन हुआ. राज्य गठन के बाद भाजपा ने यहां सबसे अधिक शासन किया. इस दौरान झारखंड में आदिवासी मूलवासी का हक और अधिकार छीना गया है. जमीन को लूटा गया और खनिज संपदा का सौदा किया गया. कहा कि हमें गर्व है कि हेमंत सोरेन ने अपनी कुर्सी गंवाना उचित समझा, मगर भाजपा के सामने घुटने नहीं टेका. झारखंड को असली पहचान दिलाने के लिए हेमंत सोरेन के साथ हैं।

# गरीब और कम पढ़ी-लिखी 12 महिलाओं के बैंक अकाउंट्स से करोड़ों का ट्रांजेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** ईडी ने झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत टाटीझरिया ब्लॉक की रहने वाली 12 महिलाओं को नोटिस भेजा है। इन महिलाओं के बैंक अकाउंट से करीब 3.90 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ है। झरपो नामक गांव की रहने वाली सभी महिलाएं कम पढ़ी-लिखी और गरीब हैं। दरअसल, उनके नाम जब कई पन्नों वाला नोटिस पहुंचा तो वे कुछ समझ नहीं पाईं। बाद में कुछ पढ़े-लिखे लोगों ने इसके बारे में उन्हें बताया तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। ईडी के नोटिस से वे हैरान-परेशान हैं। ईडी ने बीते साल 27-28 दिसंबर को कोलकाता के एक साइबर ठग रोबिन यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसके ठिकानों से बरामद दस्तावेजों से पता चला कि

**एक महिला ने इनका एकाउंट खुलवा सभी का पासबुक, एटीएम व चेकबुक अपने पास रख लिया था**

उसने अपनी अवैध आय को छिपाने के लिए बड़ी राशि 12 महिलाओं के अकाउंट्स में ट्रांसफर की है। अकाउंट्स से अप्रत्याशित ट्रांजैक्शन की जांच के लिए बैंक अधिकारी पिछले दिन महिलाओं से पूछताछ करने गांव पहुंचे थे। अब उन्हें ईडी का नोटिस मिला है। एजेंसी ने महिलाओं को अपना पक्ष रखने को कहा है। ईडी पटना ने इन महिलाओं के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है और मामले की जांच शुरू हो गई है। इनके बैंक खातों में कोलकाता से 3.90 करोड़ रुपये डाले गये थे, जिसमें से 3.25 करोड़ रुपये निकाले जा चुके हैं। बचे हुए 65 लाख रुपये में से 6 लाख रुपये बाद में निकाल लिए गए हैं। महिलाओं का कहना है कि भराजो गांव की रहने वाली गुड़िया देवी नामक एक महिला ने करीब एक साल पहले गांव में उनके साथ बैठक की और कुटीर-लघु उद्योग खुलवाने में आर्थिक मदद दिलाने के नाम पर बैंकों में उनके अकाउंट्स खुलवाये। उनके एटीएम कार्ड, पासबुक और चेक बुक महिला ने अपने पास ही रख लिया। बाद में उन्हें एक-एक हजार रुपए दिए गए। बैंक अकाउंट्स में कितने पैसे हैं, किसने रकम डाली और किसने निकाली, इस बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। अब ईडी का नोटिस मिलने के बाद परेशान महिलाओं ने उनके साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर स्थानीय थाने को आवेदन दिया है।

### कॉलेज में अनियमित रूप से आते हैं शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति भी नहीं बनाते

# छात्र-छात्राओं में आक्रोश, 7 दिनों का दिया अल्टीमेटम



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,बेड़ो के राँची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार महतो के नेतृत्व में एबीवीपी के कॉलेज ईकाई का एक प्रतिनिधिमंडल प्राचार्य प्रदीप कुमार अधिकारी से मिलकर छह सूत्री मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा । कॉलेज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से परेशान होकर व विद्यार्थियों को समुचित मूलभूत सुविधाओं के नही मिलने से नाराज व आक्रोशित एबीवीपी के कार्यकताओं ने दर्जनों छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य महोदय का घेराव किया और जमकर हंगामा किया। इस दौरान एबीवीपी के कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुशांत कुमार ने कहा कि आए दिन शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारियों के कॉलेज समय से नहीं आने पर शैक्षणिक कार्य व विभाग के अन्य कार्य बिलकुल बाधित हो रहे हैं और विद्यार्थियों को परेशान होकर कक्षा के लिए भटकना पड़ता है । इस मौके पर उपाध्यक्ष अनिता तिर्की ने बताया कि ऐसे कई शिक्षक व कर्मचारी है जो अधिकतर दिनों में कॉलेज से अनुपस्थित रहते है और एक ही दिन में ही आकर अपना पूरे महीने भर की हाजरी बना लेते हैं व साथ ही कॉलेज प्रशासन को दबाव बना कर अपना वेतन लेते है । इसी बीच विक्रम कुमार महतो ने बताया कि विश्वविद्यालय से कुलपति महोदय का सख्त आदेश है कि सभी लोग कॉलेज में लगे बायोमैट्रिक सिस्टम से ही प्रतिदिन अपना अटेंडेंस बनाएं परन्तु अफसोस इस नियम का पालन नहीं कर के आज भी रजिस्टर पर ही हाजरी बनाई जाती है । इस दौरान एबीवीपी के श्रवण कुमार ने विरोध जताते हुए कहा कि कई शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारी कॉलेज में मनमानी करते है। छात्रों को छोटे से छोटे कार्यों के लिए भी कई दिन तक विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है कुछ कर्मचारी 12 बजे आते है और

**ऐसे कई शिक्षक व कर्मचारी है जो अधिकतर दिनों में कॉलेज से अनुपस्थित रहते है**

अपना हाजरी बनाकर कॉलेज से गायब हो जाते है। नाराज छात्र-छात्रों ने जमकर हल्ला करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत सिलेबस के आधार पर महाविद्यालय के पुस्तकालय में विषयवार सारी पुस्तकें जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए एवं साथ ही साथ कॉलेज परिसर में अविलम्ब स्वच्छ पेयजल की समस्या को सुलझाते हुए एक स्थायी प्याऊ की व्यवस्था कराई जाय। एबीवीपी के बेड़ो कॉलेज इकाई के कार्यकताओं ने महाविद्यालय के प्रचार्य व कॉलेज प्रशासन को सात दिनों का अल्टिमेटम देते हुए जल्द जल्द सारी समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

# सीएम से मिले गोमिया विधायक बेरमो को जिला बनाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिला. इस दौरान सीएम से बेरमो को जिला बनाने की मांग की गई. उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कई तर्क रखे जिससे बेरमो को जिला बनाया जाये. बेरमो को जिला बनाने की मांग को ले कर पिछले 80 दिनों से बेरमो अनुमंडल कार्यालय के बाहर घरना पर बैठे हैं. इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर चुके हैं. वहीं बेरमो जिला बनाओ के आंदोलनकारियों ने तेनुघाट से रांची तक का पद यात्रा भी कर चुके हैं. सीएम से मुलाकात में अधिवक्ता संघ बेरमो के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील महतो, कुलदीप प्रजापति ,मिथुन चन्द्रवंशी और मुकेश कुमार शामिल रहे.

## न्यूज बॉक्स

### हुलसू में पुलिस और पीएलएफआई के दस्ते में मुठभेड़, कोई हताहत नहीं

लापुंग। लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसू गांव के गढ़ा टोली की ओर पुलिस और पीएलएफआई के दस्ते के बीच शुक्रवार की सुबह मुठभेड़ की सूचना मिली है। मुठभेड़ के दौरान गोली चलने की भी सूचना मिल रही है। एक कथित उग्रवादी को पुलिस ने दबोच लिया है। लेकिन दस्ते के अन्य उग्रवादी भाग निकलने में सफल रहे। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार गोली चली है लेकिन किसी तरह का कोई हताहत नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार पीएलएफआई का दस्ता जंगल किनारे कारो नदी में स्नान कर रहा था। तभी अचानक पुलिस वहां पहुंच गई। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही उग्रवादी भाग निकलने में सफल रहे। एक कथित उग्रवादी पूरी तरह से कपड़ा नहीं पहन पाया था जिसके कारण वह भाग निकलने में सफल नहीं रहा और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। हालांकि पुलिस प्रशासन ने इस तरह की किसी घटना की पुष्टि नहीं की है। लापुंग के नए थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने कहा कि उन्हें इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में गोली चलने मुठभेड़ होने तथा एक कथित उग्रवादी के पुलिस के हाथ लगने की चचाएं लापुंग के सापुकेरा साप्ताहिक हाट में चर्चा का विषय बना हुआ था। लोगों ने बताया कि जोनल कमांडर अमृत होरो का दस्ता हो सकता है।

### ग्राम पंचायत विकास योजना सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा की देखरेख में ग्राम पंचायत विकास योजना सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर पंचायती राज विभाग की प्रखंड समन्वय अनिमा बारला के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक पंचायत से दो- दो वार्ड सदस्य, फ्रंट लाइन वर्कर, वीआरपी एवं मुखिया के द्वारा नामित स्वंय सेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान योजना निर्माण प्रक्रिया में ग्रामीणों की सहभागिता को विडियो एवं चलचित्र के माध्यम से दल के सामने बताया गया। साथ ही मानचित्र से संबंधित चिन्हित समस्याओं को देखने संबंधित गतिविधियों को पहचान करने की जानकारी दी गई। एक्टिविटी के माध्यम से योजनाओं को चयन करना सिखाया गया। इस मौके पर समाजसेवी अरविंद सिंह और शशी देवी सहित दर्जनों प्रतिभागी मौके पर मौजूद थे।

### अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो को भावभीनी विदाई दी गई



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित सभागार में अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो और अंचल निरीक्षक अनुज टेटे को शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने सीओ व सीआई के कार्यकाल की चर्चा की और उनके बेहतर कार्यकाल को लेकर उन्हें शाल व बुके देकर सम्मानित किया। वहीं सीओ ने भी अपने कार्यकाल में अपेक्षित सहयोग को लेकर लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मांडर की जनता ने कार्य में काफी सहयोग किया। मौके पर प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, रामबालक ठाकुर, उप प्रमुख अमानत अंसारी, अमिताभ पाठक, ,होसे उराँव, मुखिया सुकरा उराँव मुखिया मंगरा उराँव ,अनूप राम , बी पी ओ गौरव मिश्रा, सुनिल सिंह, अंचलकर्मी , प्रखण्ड कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

### नरकोपी के नए थाना प्रभारी देव प्रताप धान ने कार्यभार संभाला



**बेड़ो।** नरकोपी थाना के नए थाना प्रभारी के रुप में देव प्रताप धान ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी अभिजीत कुमार से प्रभार लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन शांति स्थापित करना तथा क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नरकोपी उनके लिए बिल्कुल नई जगह है। लेकिन यहां के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा सहयोगी पुलिस कर्मियों की मदद से क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने में उन्हें मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण और पदस्थापन सरकारी ड्यूटी का एक हिस्सा है। वे अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे। इस मौके पर उन्होंने थाने में कार्यरत सभी पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और उनसे सहयोग का अपील किया। उधर निवर्तमान थाना प्रभारी अभिजीत कुमार को नरकोपी के ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई दी तथा नए थाना प्रभारी का स्वागत किया।

### मुरी ओपी में नए थाना प्रभारी के रूप में कुंदन कुमार ने अपना योगदान दिया



**सिल्ली।** मुरी ओपी में नए थाना प्रभारी के रूप में कुंदन कुमार ने अपना योगदान शुक्रवार को दिया। बताते चले कि कुंदन कुमार इसके पूर्व में गुमला जिला के विष्णुपुर में पद स्थापित थे। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि हमारा पहला प्राथमिकता रहेगा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना तथा अपराध मुक्त रखना साथ ही साथ ग्रामीणों से भाईचारा स्थापित करना। क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों के बीच जागरूकता रैली का भी आयोजन किया जाएगा जिससे आए दिन सड़क दुर्घटना होती है उसमें कमी आए।

### लापुंग के नए थाना प्रभारी ने कार्यभार संभाला



**लापुंग।** लापुंग के नए थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने शुक्रवार को अपना योगदान दिया। वे 2018 बैच के दारोगा हैं। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार से प्रभार लिया। प्रभार लेने के उपरांत उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति, सद्भावना और लोगों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों खासकर उग्रवादियों और अपराधियों से निपटने के लिए वे पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पब्लिक पुलिसिंग के माध्यम से क्राइम को कंट्रोल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी-अभी वे तुरंत योगदान दिए हैं। लापुंग की वस्तु स्थिति को समझने और आवश्यकता अनुसार कदम उठाने के लिए वे हमेशा तैयार रहेंगे। उल्लेखनीय है कि संतोष कुमार यादव का लोहरदगा जिले के टाउन थाना से रांची मुख्यालय में स्थानांतरण किया गया, जहां से विभागीय निदेर्शानुसार उनका पदस्थापन लापुंग थाना में किया गया।

# राहत : अब रिम्स में मरीजों तक पहुंचेगी दवाएं नहीं लगनी होगी लंबी लाइन

## ओपीडी और इमरजेंसी के मरीजों को दवा खरीदने में लगता है डेढ़ घंटे का समय

**अमित कुमार। रांची**

राजधानी स्थित राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में इलाज करा रहे गरीबों को जेनेरिक दवा खरीदने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रिम्स में वैसे ही लोग ईलाज के लिए जाते है जिनके पास पैसे की कमी होती है जिन्हें सरकार की ओर से कम दामों पर दवाएं नहीं मिलने पर मजबूरी में डॉक्टरो की पर्ची पर हजारो रुपये खर्च कर बाहर की दवा दुकानों से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं । रिम्स परिसर में जेनेरिक दवाओं की सिर्फ दुकाने हैं, जिसमें एक भारतीय जनऔषधि केंद्र है और दूसरा अमृत है। जहां सुबह के 10 बजे से लेकर शाम के तीन से चार बजे तक काफी भीड़ लगी रहती है। ओपीडी के मरीज, भर्ती मरीजों और इमरजेंसी के मरीजों की दवाओं के लिए सुबह से ही भीड़ लगी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि मरीजों को आधे घंटे में दवा की जरुरत है तो कैसे इन दुकानों से दवाओं की खरीदारी करे। डॉक्टर की पर्ची जमा करने के सवा से पौने दो घंटे के बाद ही दवाएं मिल पाती हैं। इस दौरान ऐसे मरीजों की जान हलक में लटकी होती है। मरीज के परिजनों से इस पर सवाल करने पर कहते हैं कि यहां कम दाम में दवाएं मिलती हैं इसलिए भीड़ होती है।




**छह हजार मरीजों के लिए अभी है दो जेनेरिक दवा केंद्र**

**व्यवस्था में सुधार की जा रही है। इन्वेंटरी को ऑनलाइन किया जा रहा है, जिसके बाद डॉक्टरों द्वारा लिखी गई पर्ची की सभी दवाएं आप रुपी सरकारी दवा दुकानों में चली जाएगी। मरीज के अस्पताल से बाहर निकलते समय या भर्ती मरीज को उनके बेड तक दवाएं पहुंचा दी जाएगी।**

*हिरेन बिरुआ, रिम्स सुप्रिटेंडेंट*

### क्या कहते है मरीज व परिजन



अपने मरीज के इलाज के लिए आया हूं। डॉक्टर ने कहा कि फौरन दवा दें। लेकिन जनऔषधि केंद्र में डेढ़ घंटे से लाइन में लगने के बाद दवा खरीद पाया हूं। व्यवस्था में सुधार की जरुरत है।

*विक्की साहू, तिलेश्वर साहू सेना छात्र अध्यक्ष*



यहां अच्छा इलाज होता है इसलिए आयी हूं। लेकिन दवा खरीदने के दौरान ऐसा लगा कि मुझसे गलती हो गई है। अच्छा होता कि बोकारो के ही किसी सरकारी अस्पताल में इलाज करा लेती।

*बसंती कुमारी, बोकारी स्टील सिटी*

# डेंटल सर्जन नियुक्ति में स्वास्थ्य विभाग व सफल अभ्यर्थियों को नोटिस

**कट ऑफ डेट 31 अगस्त 2021 थी, लेकिन ऐसे अभ्यर्थियों को चुन लिया जिनके पास निर्धारित तिथि तक नहीं थे अनुभव**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में डेंटल सर्जन की नियुक्ति में अनियमितता की सीबीआई जांच के लिए दाखिल याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने एनआरएचएम, स्वास्थ्य विभाग व चयनित अभ्यर्थियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि यदि नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है तो तो जांच सीबीआई को भी सौंपी जा सकती है। इस संबंध में डॉ अविनाश ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। उनकी ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने अदालत को बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने डेंटल सर्जन सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें शैक्षणिक योग्यता के साथ दो साल का अनुभव मांगा था। इसके लिए कट ऑफ डेट 31 अगस्त 2021 थी, लेकिन विभाग ने ऐसे अभ्यर्थियों को चुन लिया, जिनके पास निर्धारित तिथि तक अनुभव नहीं था और न ही उस समय तक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त की थी। विभाग की ओर से चार अगस्त 2023 को विज्ञापन निकाला गया था। विज्ञापन में शर्त थी कि डेंटल सर्जन के लिए बीडीएस की शैक्षणिक योग्यता के साथ दो साल के कार्य का अनुभव होना चाहिए। लेकिन बिना अनुभव वाले कई अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर ली गई है। इसलिए इस मामले की जांच सीबीआइ से कराई जानी चाहिए। इसके बाद अदालत ने संबंधित सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है।

## बाबा संत गाडगे की मनायी गई 148वीं जयंती

**रांची।** शुक्रवार को राष्ट्रसंत संत गाडगे बाबा की 148वीं जयंती समारोह का आयोजन लालपुर रांची में प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार रजक की अध्यक्षता में मनायी गई। श्री रजक सहित उपस्थित अतिथियों ने संत गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संत गाडगे बाबा के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डलते हुए उपेन्द्र रजक, रंधीर रजक, अशोक रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा मानवता के महामानव थे। उन्होंने जीवन काल में देश के कई स्थानों पर दर्जनों धर्मशाला, पनशाला पाठशाला, छात्रवास आदि का निर्माण करवाएं जो आज भी संचालित है। उन्होंने कहा कि संत गाडगे बाबा का जन्म 23 फरवरी को महाराष्ट्र के अमरावती जिला के शेनगांव में हुआ था। वे बुद्ध के मार्ग से प्रभावित हो कर 25 वर्ष की आयु में गृह त्याग दिए और समाज में फैले अंधविश्वासों छुआ- छूत आडंबर, दहेज प्रथा, अशिक्षा, गंदगी के विरूद्ध बड़ा संघष कर समाज सुधार के क्षेत्र में कई कार्य किए।

## लाइट हाउस प्रोजेक्ट, का शीघ्र होगा लोकार्पण : कुलदीप नारायण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव-सह-मिशन निदेशक, हाउसिंग फॉर आल कुलदीप नारायण द्वारा झारखण्ड मंत्रालय के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) झारखण्ड के विभिन्न घटकों सहित लाइट हाउस परियोजना, रांची के क्रियान्वयन के प्रगति की समीक्षा की गयी । इस समीक्षात्मक बैठक में प्रमुख रूप से अरवा राजकमल , सचिव , नगर विकास एवं आवास विभाग , आदित्य कुमार आनंद , निदेशक , नगरीय प्रशासन निदेशालय , आर. के. गौतम, उप महानिदेशक, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, शैलेश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, बीएमपीटीसी, श्रीमती शीतल कुमारी ,सहायक नगर आयुक्त, रांची नगर निगम , अभिलाषा कुमारी, सहायक निदेशक , पी एम ए वाई, निर्माणकर्ता एजेंसी मैजीक्रीट के सिद्धार्थ शर्मा, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की केंद्रीय टीम एवं राज्य की टीम उपस्थित रहे । बैठक में मुख्यतः केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना लाइट हाउस परियोजना, रांची के उद्घाटन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गयी एवं आवश्यक निदेश दिए गए । संयुक्त सचिव महोदय द्वारा बताया गया की लाइट हाउस परियोजना, रांची का निर्माण नयी एवं उभरती तकनीक श्री डी वॉल्यूमेट्रिक प्रीकास्ट टेक्नोलॉजी से कराया गया है। भारत में रिकॉर्ड टाइम मात्र 18 माह में इस तकनीक से पंचमुखी मंदिर , धुर्वा के पास 1008 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### गंगा और दामोदर प्रदूषण रिपोर्ट मामला

# झारखंड सरकार पर एनजीटी ने लगाया 25 हजार का जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने झारखंड में गंगा और उसकी सहायक नदी दामोदर में प्रदूषण की रिपोर्ट जमा नहीं करने पर झारखंड सरकार पर 25 हजार रुपए का टोकन जुमार्ना लगाया है। ट्रिब्यूनल ने इसके लिए झारखंड के मुख्य सचिव सहित राज्य के उन सभी जिलों के उपायुक्तों की उदासीनता पर नाराजगी जाहिर की है। जुर्माने की रकम उन जिलों के उपायुक्तों से वसूलने को कहा गया है, जिन्होंने एनजीटी के निर्देश के बावजूद प्रदूषण की स्थिति पर रिपोर्ट नहीं जमा की। झारखंड में गंगा नदी साहिबगंज से गुजरती है, जबकि उसकी सहायक दामोदर नदी के बहाव का सबसे ज्यादा क्षेत्र बोकारो, धनबाद और रामगढ़ जिलों में है। इन सभी जिलों के उपायुक्तों से एनजीटी ने 24 नवंबर, 2023 और 5 दिसंबर, 2023 को रिपोर्ट तलब की थी। एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने टोकन जुर्माने की रकम एक सप्ताह में जमा करने को कहा है। पीठ ने कहा कि लगातार अवसर दिए जाने के बावजूद न तो उपायुक्तों ने कोई उत्तर दिया, न ही मुख्य सचिव ने ट्रिब्यूनल से कोई संवाद स्थापित किया। पीठ ने यह आदेश एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड में गंगा की सहायक नदी दामोदर में लगातार प्रदूषण जारी है। उन्होंने सुनवाई के दौरान प्रदूषण की रिपोर्ट जमा नहीं करने पर ट्रिब्यूनल से मांग की थी कि प्रिंसिपल ऑफ पॉल्यूटर पेज के तहत संबंधित उपायुक्तों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है।

## 42 सिख संगतों का जत्था गुरुद्वारा चंद्रकोणा की यात्रा के लिए रवाना



**रांची।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की अगुवाई में 42 सिख संगतों का जत्था गुरुद्वारा चंद्रकोणा की यात्रा के लिए जाने से पहले गुरुद्वारा साहिब में अरदास के बाद रवाना हुआ। तजेंद्र सिंह ने कहा की गुरुद्वारा चंद्रकोणा, खड़गपुर पश्चिम बंगाल में स्थित है जो की सिखों के पहले गुरु धन गुरुनानक देव जी के चरण प्राप्त गुरुद्वारा है और सिख समुदाय में इस जगह की बहुत आस्था है। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान गुरमीत सिंह एवं सेक्रेटरी गगनदीप सिंह सेठी ने संगत को पूरा उत्साह के साथ यात्रा को रवाना किया। जत्थे की सेवा अगवाई राजेंद्र सिंह बंटी, केसर सिंह राजपाल करंगे और वॉलंटियर प्रीतम सिंह गोपी रहंगे। मौके पर कोषाध्यक्ष रणप्रीत सिंह होड़ा, गुरुनानक स्कूल के प्रधान कुलतार सिंह होरा, गुरुनानक अस्पताल के प्रबंधक सदस्य सतपाल सिंह दुआ, हरजीत सिंह स्विंकी, तजेंद्र सिंह मक्कड़, राजदीप सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह दुहरा उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय साइकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को रांची के समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय गठित साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की। बैठक में रांची के परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जेएसएससी-सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच के लिए भाजयुमो ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर भाजयुमो के आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। साथ ही मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात, प्रदेश महामंत्री रूपेश कुमार सिन्हा, प्रदेश मंत्री पूजा सिंह, प्रदेश मंत्री पवन पासवान, कार्यालय मंत्री संजय महतो, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह शामिल थे।

## झारखंडी जनता के जवाब के लिए तैयार रहे केंद्र : झामुमो




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष नौवें दिन शुक्रवार को धनबाद जिला समिति अध्यक्ष लखी सोरेन की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर लखी सोरेन ने कहा कि झारखंडी जनता के जवाब के लिए केंद्र सरकार तैयार रहे। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में लोगों में रोष है। इसी का परिणाम है कि गांव-गांव में न्याय यात्रा निकाले जा रहे हैं। अलग-अलग संगठन भी धार्मिक स्थलों पर पूजा-पाठ और दुआएं कर रहे हैं। केंद्र की तानाशाही का अंत 2024 में जरूर होगा। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी, धनबाद जिला समिति के केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, धरणीधर मंडल सहित अन्य कई नेता मौजूद थे।

### इक्फाई विवि में साहित्य क्लब का उदघाटन

# अंतरर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने मातृभाषा के महत्व को चित्रित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए मिश्रित और रोमांचक स्वादों में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया। जबकि कुछ छात्रों ने मातृभाषा की 'व्यथा' को बताने के लिए मैथिली, भोजपुरी, हिंदी, खोरठा, नागपुरी और अंग्रेजी में सुंदर स्वरचित कविताएँ सुनाईं; दूसरों ने अपने कैनवास पर मातृभाषा के 'प्रतिबिंब' को चित्रित करने के लिए अपना रचनात्मक पक्ष सामने लाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के इक्फाई लिटरेचर क्लब नामक साहित्य क्लब का भी उद्घाटन किया गया। क्लब के संयोजक सहा. प्रोफेसर, श्री अमित चतुर्वेदी ने कहा, यह क्लब अकादमिक अंतराल को भरने और निर्धारित और डिजाइन की गई गतिविधियों की अंतिम संख्या के साथ छात्रों को अपने क्लब गतिविधि कक्षाओं में शामिल करने के लिए खुद को स्थापित करेगा। यह वह स्थान है जहां छात्र अपनी रुचि और पसंद के विषयों पर सोचने, पढ़ने और लिखने के लिए स्वतंत्र हैं। क्लब एक ऐसा मंच भी है जहां छात्र राजनीति, प्रौद्योगिकी, कानून, प्रबंधन, दर्शन, आध्यात्मिकता, परोपकार आदि पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि, पद्मश्री मधु मंसूरी हसमुख ने इस उद्धरण के साथ उत्सव का खूबसूरती से सारांश दिया, भारत एक विविध राष्ट्र है और हमें अपनी भाषा विविधता पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने शिक्षित और पकड़ रखने वाले लोगों द्वारा कलम के सही उपयोग पर जोर दिया। यदि शिक्षण के माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग किया जाए तो एक बच्चा नई भाषा को आसानी से समझ सकता है। उन्होंने अपना संगीतबद्ध गीत भी गाया, जिसका शीर्षक था: 'गांव छोड़ें नहीं, जंगल छोड़ें नहीं।' झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. प्रोफेसर देव व्रत सिंह ने मातृभाषा के महत्व को समझाते हुए कहा, यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करते हैं जिसे वह समझता है, तो यह बात उसके दिमाग तक जाती है। यदि आप उससे 'उसकी' मातृभाषा में बात करते है, तो यह बात उसके हृदय तक जाती है। समारोह की विशिष्ट अतिथि ऑल इंडिया रेडियो भोपाल की डॉ. कीर्ति सिंह ने एक सुंदर कहानी के माध्यम से एक दूरदराज के गांव में पैदा हुए बच्चे और शहरी परिवेश में पैदा हुए बच्चे के जीवन की तुलना की और जड़ों के साथ रहने के महत्व का निष्कर्ष निकाला।

## हरमू मैदान में पासवान महासम्मेलन 25 को

**रांची।** राजधानी के हरमू मैदान में 25 फरवरी को पासवान महासम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से पासवान समाज के लोगों का महाजुटान होगा। पासवान समाज के बबलू पासवान ने शुक्रवार को कहा कि इसमें सभी जिलों की महिलाएं लाल पगड़ी और साड़ी पहनकर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ महासम्मेलन में शिरकत करेंगी। इस दौरान भव्य शोभायात्रा हरमू मैदान से अरगोड़ा चौक होते हुए वापस हरमू मैदान आएगी।

## अंतरराष्ट्रीय काव्यगोष्ठी का आयोजन

**रांची।** अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा मंच के द्वारा शुक्रवार को शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ ऑनलाइन काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के संस्थापक डॉक्टर नरेश नाज (दिल्ली )मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहें। साथ ही हरियाणा की डॉक्टर प्रीता पंवार उपस्थित थीं। झारखंड इकाई की अध्यक्ष डॉक्टर जयंती ने गोष्ठी की अध्यक्षता की तथा संचालन पुष्पा सहाय ने की।

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों का ओलंपियाड में अभूतपूर्व प्रदर्शन



**कक्षा 2 के अभ्युदित आदित्य ने अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल किया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 2 के अभ्युदित आदित्य ने स्कूल स्तर पर प्रथम रैंक के साथ-साथ जोनल एवं रीजनल स्तर पर भी प्रथम रैंक हासिल किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें स्वर्ण पदक, विशिष्ट पदक और उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रमाण-पत्र के साथ 1000 रुपये का उपहार मिला। उन्होंने प्रॉबलम सॉल्विंग स्किल, रिजनिंग, गणितीकरण, विश्लेषणात्मक सोच, सटीकता और आवश्यक दक्षताओं का प्रदर्शन किया। समय प्रबंधन के कारण उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। कक्षा 1 के बाल अवनीश श्रीवास्तव को विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाण-पत्र के साथ विशिष्टता पदक और 500 रुपये का उपहार मिला। 9 छात्रों को विशिष्टता पदक, विशिष्टता और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए। 48 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हेतु स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्रों की उपलब्धि की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अन्य छात्रों को भी गणित का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि यह संख्याओं की जादुई दुनिया है जिसका सदुपयोग व्यावहारिक जीवन में भी होता है।

## महाशिवरात्रि पर हल्दी 5, मेहंदी 6 एवम संगीत का कार्यक्रम 7 को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री शिव बारात आयोजन समिति के तत्वाधान में इंद्रपुरी शिव मंदिर में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा को लेकर बहुत सारी विशेष बातों पर चर्चा की गई साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया की 5 मार्च को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हल्दी का कार्यक्रम, 6 मार्च को मेहंदी ,और 7 मार्च को संगीत का कार्यक्रम इंद्रपुरी शिव मंदिर की महिला भक्तों के द्वारा आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा में महाकाली एवं शिव का महा तांडव का दृश्य, श्री कृष्ण सुदामा एवं भगवान की रासलीलाओं की भव्य झांकियां, श्री राम लाल की ऊपर आधारित सुंदर और मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगे। महाशिवरात्रि के शोभायात्रा को लेकर श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के तमाम सदस्यों में भरपूर उत्साह है। इस बैठक में समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, शैलेंद्र कुमार ,सत्येंद्र तिवारी, महेश सोनी,सुनीता देवी ,रवि अरोड़ा, राकेश अरोड़ा,नवीन पापनेजा, नमन भारतिया ,विवेक राज, हीरालाल पपनेजा, संजय अरोड़ा ,संजय अग्रवाल, गौरव बजाज ,सुमित बजाज , श्रवण साहू यह जानकारी श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के मिडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दिया।

### राउरकेला स्टील प्लांट के न्यू प्लेट मिल में

# फोर्स्ड कूलिंग पर आरडीसीआईएस परियोजना का उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परिश्रमी अनुसंधान की परिणति और नवोन्मेषी इंजीनियरिंग को स्वचालित मजबूर शीतलन प्रणाली के रूप में मनाया गया। सेल अनुसंधान एवं विकास केंद्र, रांची की प्रतिभा का प्रमाण, न्यू प्लेट में उद्घाटन किया गया एस आर सूर्यवंशी, कार्यकारी निदेशक (वर्क्स) द्वारा राउरकेला स्टील प्लांट की मिल, राउरकेला स्टील प्लांट, पी पाठक, सीजीएम (आरटी), आरडीसीआईएस, के के केशरी, सीजीएम, आरडीसीआईएस, राउरकेला केंद्र, डॉ. एस रथ, जीएम (एफआर एंड टी), आरडीसीआईएस, डॉ. एसके ठाकुर, डीजीएम (एफआर एंड टी), आरडीसीआईएस और आरएसपी और आरडीसीआईएस दोनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। राउरकेला स्टील प्लांट की (एनपीएम) सबसे उन्नत प्लेट रोलिंग मिल है न्यू प्लेट मिल की उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता को पहचानते हुए, आयरन के लिए आरडीसीआईएस, रांची ने चुनौतियों के बीच इस नए परिवर्तन की यात्रा शुरू की। प्लेटों को ठंडा करने के लिए, जिसके परिणाम स्वरूप मासिक डाउनटाइम होता है, इस प्रकार कुल मिलाकर उत्पादन में बाधा उत्पन्न होती हैथी। इस चुनौती से पार पाने के लिए, आरडीसीआईएस ने एक उत्कृष्ट समाधान की संकल्पना की स्वचालित मजबूर शीतलन प्रणाली, प्लेट को कम करने के उद्देश्य से एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के तहत तैयार की गई यूएसटी परीक्षण से पहले का तापमान। इसे आरडीसीआईएस द्वारा इन-हाउस डिजाइन और विकसित किया गया है सिस्टम को कूलिंग बेड के बीच कनेक्टिंग रोलर टेबल पर रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है और निरीक्षण बिस्तर, उत्पादकता बाधाओं को कम करने के लिए तैयार है। शीर्ष और शामिल बॉटम कूलिंग हेडर, स्वचालित मजबूर शीतलन प्रणाली एकरूपता सुनिश्चित करती है प्लेट की चौड़ाई को पानी के स्प्रे से कवर करना, जिसे खत्म करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है स्प्रे के बीच हस्तक्षेप. एक मजबूत संरचना हेडर का समर्थन करती है, जबकि प्रावधान जैसे कि पानी की टंकी, स्वयं-सफाई फिल्टर और केन्द्रापसारक पंप निर्बाधता की गारंटी देते हैं कूलिंग स्प्रे हेडर पर 5 बार पानी की आपूर्ति। इसके अलावा, एक घोल पंप यह व्यवस्था छिड़काव किए गए पानी का कुशलतापूर्वक निपटान करती है, जिससे नीचे जमा होने से रोका जा सकता है रोलर टेबल. एक एकीकृत नियंत्रण प्रणाली, जिसमें चालू/बंद शट-ऑफ वाल्व, प्रवाह शामिल है।

## माघी पूर्णिमा पर भगवान श्रीवेंकटेश्वर का होगा महाभिषेक, सुबह शुरू होगा अनुष्ठान



**रांची।** शनिवार को माघी पूर्णिमा व्रत के उपलक्ष्य पर पहाड़ी मंदिर के सन्निकट स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में सुबह से अनुष्ठान शुरू होंगे । अनुष्ठान विधि की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत आम श्रद्धालुओं के दर्शन- पूजा के लिए प्रातः 7 बजे मंदिर के बाहरी कपाट को खोल दिया जाएगा। माघी पूर्णिमा के दिन प्रातः काल स्नान आदि करने के बाद भगवान श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर के पूजा में संलग्न होना चाहिए। ऐसा करने से विद्या, निर्मल कीर्ति, आरोग्य, आयु,अक्षय धन, समस्त पापों से मुक्ति तथा भगवान का लोक प्राप्त होता है । यह पूर्णिमा के व्रत और भगवान श्रीमन्नारायण की उपासना करने से सौभाग्य, सदाचार, संतानों की वृद्धि, सत्संग, सत्य ,उदार भाव,ख्याति, शूरता और बल सब कुछ मिलता है।

## रांची में ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी की खादगढ़ा टीओपी पुलिस ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मिल्लत कॉलोनी से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रांची सिटी डीएसपी और लोअर बाजार थाना प्रभारी के नेतृत्व में एएसआई भीम सिंह ने यह कार्रवाई की। फिलहाल, दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# लोगों के सशक्तिकरण में सिल्क उद्योग का है महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सिल्क उद्योग का लोगों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस उद्योग में किसान और श्रमिकों का भी अहम योगदान है।

उन्होंने नवनियुक्त वैज्ञानिकों को कहा कि इस क्षेत्र को नवाचार, नई तकनीकी और नई प्रणाली के साथ विकसित करने की आवश्यकता है ताकि विश्व के मानचित्र पर भारत सर्वाधिक सिल्क उत्पादन और निर्यात करने वाला देश बन सके। इससे देश आर्थिक प्रगति के साथ-साथ किसान और श्रमिकों के आय में वृद्धि होगी।



राज्यपाल रांची में शुक्रवार को केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 66 नवनियुक्त वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में तसर सिल्क और बाजार की मांग के अनुरूप तसर से संबंधित उत्पादों में विविधता लाने की आवश्यकता है। इस अवधारणा के साथ कार्य करने पर विश्व के अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के लिए आत्मविश्वास और सतत प्रयास आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कोरोना का टीका विकसित करने और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान के लैंडिंग के लिए वैज्ञानिकों का निरंतर उत्साहवर्धन किया एवं हमारे वैज्ञानिकों ने आत्मविश्वास के साथ सफलता हासिल की।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 37 एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजभवन में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के कुल 37 एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया। उन्होंने कैडेटों से संवाद करते हुए कहा कि हमारे इन कैडेटों ने प्रतिनिधित्व कर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि वे अधिकारी भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने एनसीसी कैडेटों को इसके लिए अथक परिश्रम किया। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी अपनी विविध गतिविधियों के माध्यम से हमारे देश के युवाओं को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका




का निर्वहन कर रहा है। एनसीसी रक्तदान, साक्षरता, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसी सामाजिक सेवा गतिविधियों की दिशा में भी सक्रिय रहता है। एनसीसी युवाओं के लिए अपने व्यक्तित्व को विकसित करने और देश की प्रगति में योगदान देने का एक उत्कृष्ट संगठन है। यह उनमें अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना पैदा करता है, जो किसी भी नागरिक के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने कहा कि एक अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। समारोह में मेजर जनरल एएस बजाज, एडीजी, बिहार और झारखंड निदेशालय और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बोले विधायक

### कांग्रेस नेता प्रदीप यादव



जेएसएससी-सीजीएल 2023 का पेपर लीक होना गंभीर मामला है। लेकिन यह मामला सिर्फ झारखंड में ही नहीं हुआ है। देश में जहां-जहां प्रश्न पत्र लीक हुए हैं, सभी की जांच होनी चाहिए।

### हटिया विधायक नवीन जायसवाल



झारखंड के युवाओं का भविष्य अंधकार में है। अब तक हुए परीक्षाओं का पेपर लीक हो जाना सरकार के कार्य प्रणाली पर सवाल उठता है। एचईसी पर कहा कि केंद्रीय मंत्री से मिलकर इसकी कायाकल्प पर बातचीत जारी है।

### नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी



जेएसएससी तथा सीजीएल 2023 सहित अब तक 43 प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं। इसे लेकर छात्र सड़क पर उतर गए हैं। इस मामले पर सरकार को सीबीआई जांच करनी चाहिए। क्योंकि अन्य जांच एजेंसी व्हाइट कॉलर के दबाव में स्पष्ट रिपोर्ट नहीं दे पाएगी।

### सुदेश महतो सिल्ली विधायक



अब तक की सरकार ने जो नियम बनाया है। उसी के तहत अब तक हुई सभी परीक्षाओं की जांच करें तो स्पष्ट हो जाएगा की सोरेन सरकार की क्या नियत है । क्योंकि भ्रष्टाचार में सनलिप्त रहे सोरेन सरकार की फाइले खुलने लगी है।

# विकसित भारत की नींव रखेंगे किसान : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रांतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सह बिहार-झारखंड के ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी मनोज यादव उपस्थित रहे। मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान भाजपा किसान मोर्चा डोर टू डोर कैंपेन चला केंद्र द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगा।




प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान विकसित भारत की नींव रखेंगे। प्रधानमंत्री कहते हैं कि आनेवाले 20-25 वर्ष भारत के विकास की यात्रा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो 2047 शताब्दी वर्ष में पूरी होगी। भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारतीय अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान है। इसीलिए प्रधानमंत्री का मानना है कि विकसित भारत की नींव भी हमारे किसान और मजदूर भाई ही रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा की भाजपा के लिए सबसे वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं, एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेको योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री ललित ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शुक्ला, राजेश सिंह ,राजकुमार सिंह, अमरनाथ चौधरी ,प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, राजेश कुशवाहा, अजय मुंडा, प्रभात सिंह , अर्जुन राम, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे, विशाल साहू, सोशल मीडिया प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, मीडिया प्रभारी वैभव कुमार सिंह, प्रभात रंजन, सफदर अली, विरेन साहू ,विश्वनाथ रवानी, मोचीराम बाउरी, वत्स घोष ,कमलेश मंडल, प्रमोद नाथ शाहदेव, कामेश्वर महतो शामिल थे।

## अबुआ आवास योजना लाभुकों के चयन में गड़बड़ी : देवेन्द्र नाथ

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिती (जेबीकेएसएस) की ओर से शुक्रवार को अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में हो रही गड़बड़ी व अनियमितता को लेकर सोनाहातु बीडीओ खगेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। मौके पर छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा राज्य के आदिवासी-मूलवासी के सुविधायुक्त आवास के लिए अबुआ आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के लाभुक चयन में सोनाहातु प्रखंड के 14 पंचायत में भारी अनियमितता की सूचना मिली है। यहां ग्राम सभा की प्राथमिकता सूची से लाभुक का चयन न करते हुए जियो टैग और ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने से ही लाभुकों का चयन किया जा रहा है। अनियमितता व धांधली के ठोस साक्ष्य उजागर हो रहे हैं। महिला प्रधान परिवार, दिव्यांग परिवार, भूमिहीन परिवार, विस्थापित परिवार, बाढ़ पीड़ित परिवार आदि को बिल्कुल नजरअंदाज किया जा रहा है। मनमानी का आलम यह है कि जिसको सबसे पहले आवास मिलना चाहिए वह वंचित हो जा रहें हैं। बीडीओ खगेश कुमार ने सारी बातों को गंभीरता से लेते हुए उचित नियमसंगत करवाई करने का भरोसा दिया।

## हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच पर लगी रोक हटाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में राज्य सरकार की याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। साथ ही सीबीआई जांच पर लगी रोक को भी हटा दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। पूर्व में मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने पर कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। इससे पूर्व हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअली पक्ष रखा था जबकि महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता मनोज कुमार एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सुनवाई में उनका सहयोग किया था। इस दौरान कोर्ट को बताया गया था कि हाई कोर्ट का आदेश केवल प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज करने का था लेकिन राज्य सरकार की अनुमति के बिना सीबीआई ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली, जो गलत है। पीई में यदि सीबीआई को कुछ मिले थे तो राज्य सरकार की अनुमति लेनी चाहिए थी।

# नेता प्रतिपक्ष ने रामगढ़ में अनिकेत के परिजनों से की मुलाकात, पुलिस प्रशासन को ठहराया दोषी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने रामगढ़ थाने में खुदकुशी करने वाले युवक अनिकेत उर्फ कोका के परिजनों से शुक्रवार की शाम शहर के मिलोनी क्लब स्थित आवास पर मुलाकात की। बावरी ने कहा कि एक गरीब परिवार के बच्चे की हत्या पुलिस अत्याचार की वजह से हो गई। आज जिला प्रशासन पूरी कानूनी प्रक्रिया का ढोल पीट रहा है। यह कोई विशेष तौर पर नहीं किया जा रहा। यह सारी प्रक्रिया एक प्रोटोकॉल है, जिसको फॉलो किया जा रहा है। बावरी ने कहा कि एक नागरिक को जो संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं, उन सभी अधिकारों को ताक पर रखकर युवक को थाने ले जाया जाता है। उसे प्रताड़ित किया जाता है और उसके परिवार वालों को यह बताने की भी कोशिश नहीं की जाती कि



किस मामले में उसे हिरासत में लिया गया है। इसके बाद उस युवक की मौत हो जाती है और परिजनों को उससे मिलने नहीं दिया जाता। यह सारी चीजें इस बात की और इशारा कर रही हैं कि प्रशासन मामले पर पर्दा डाल रहा है। बावरी ने रामगढ़ एसपी के आधिकारिक बयान पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बड़े घर का युवक होता तो पुलिस पहले वारंट जारी करती या नोटिस जारी करती लेकिन एक गरीब परिवार का बच्चा था, इसलिए उसे होटल से उठाकर थाने ले जाया गया। झारखंड में प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी इसी तरीके से चल रही है।

**15 लाख मिले मुआवजा और जमीन :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाबरी ने जिला प्रशासन से 15 लाख रुपये मुआवजा अनिकेत के परिजनों को देने की मांग की है। साथी कहा कि इस गरीब परिवार को आवास बनाने के लिए जमीन भी दिया जाना चाहिए। इस परिवार की बदहाल स्थिति को देखकर

## पुलिस अत्याचार नहीं हुआ, अनिकेत ने की खुदकुशी : एसपी

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने के हाजत में अनिकेत उर्फ कोका की मौत पर उसके परिजन कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। इस मुद्दे पर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने शुक्रवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि अनिकेत के पिता महेंद्र राम और मां रीना देवी ने कहा है कि पुलिस के अत्याचार से अनिकेत की मौत हुई है लेकिन सच्चाई इसके ठीक विपरीत है। एसपी ने बताया कि तीन दिन पूर्व चैम्बर ऑफ कॉमर्स रामगढ़ के कार्यालय में हुई चोरी की घटना से संबंधित अनुसंधान के क्रम में अनिकेत भुइयां उर्फ कोका को संदिग्ध पाते हुए रामगढ़ थाना में पूछताछ के लिए लाया गया था।

## 36 घंटे के बाद भी परिजनों ने नहीं उठाया शव

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने में अनिकेत की खुदकुशी के 36 घंटे के बाद भी उसका शव परिजनों ने नहीं उठाया है। हालांकि, सामाजिक तौर पर एक बार शुक्रवार की शाम अनिकेत के पिता कुछ लोगों के साथ रामगढ़ थाना पहुंचे। अधिकारियों से उन्हें कानून की हर प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पूरा सहयोग करने का आश्वासन मिला लेकिन परिजन और सामाजिक संगठन के लोग इस मुद्दे पर पुलिस पदाधिकारी को ही दोषी ठहराने पर अड़े रहे। अंततोगत्वा प्रशासन और परिजनों की यह वार्ता विफल हो गई। अनिकेत का शव समाचार लिखे जाने तक शवगृह में ही पड़ा हुआ था।

## मुद्दे गौण, बेरोजगारी व पलायन जैसी समस्याओं की कहीं नहीं चर्चा

# क्या योजनाओं की गिनती पर लड़ा जायेगा लोस चुनाव!

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** 18वीं लोकसभा के गठन के लिये चुनाव नजदीक है। राजनीतिक दलों ने देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव फतह करने के लिये बिसात बिछानी शुरू कर दी है। 13 मार्च के बाद कभी भी चुनाव तिथि की घोषणा शुरू होने संबंधी चुनाव आयोग के फरमान के बाद काउंट-डाउन शुरू हो गया है, किंतु हैरत की बात है कि किसी भी राजनीतिक दल की जुबां पर बेरोजगारी विशेषकर पलामू में नासूर बन चुकी युवाओं के पलायन का मुद्दा नहीं है। प्रदेश व राष्ट्रीय नेता तो दूर सियासी पार्टियों के क्षेत्रीय व स्थानीय क्षत्रप भी आमजन से जुड़ी समस्याओं पर मुंह खोलने का नाम नहीं ले रहे हैं। सभी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर वफादार सिपाही की तरह चुनावी जंग में उतर आये हैं। और तो और अपने नीति-नियंताओं से मायूस



प्रदेश की राजनीतिक राजधानी कही जाने वाली पलामू की जनता भी इसे अपनी नियति मान चुप्पी का चादर ओढ़े हुये है। जबकि बिना सिर-पैर के मुद्दों पर चौक-चौराहों पर जमकर चर्चा-परिचर्चा छिड़ी है। आम चुनाव में केंद्र में सत्तासीन भाजपा जहां 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन, महिलाओं को निःशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन व आयुष्मान भारत योजना का जोरशोर से बखान कर रही है। वहीं प्रदेश की सत्ताधारी झामुमो अबुआ आवास व हाल में शुरू की गई पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही है। मुफ्त में राशन, घर व दवा-इलाज की मृग मरीचिका में मस्त आम जनता को भी मूल मुद्दों की कहां खबर है।

**अबुआ आवास में उपलब्धि से शिकायत ज्यादा :** पहले जरूरतंद नागरिकों को आवास मुहैया कराने वाली इंदिरा आवास का नाम केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना कर दिया। इसे लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने खूब हो-हल्ला भी मचाया। उसके बाद अब प्रदेश सरकार ने अबुआ आवास के नाम से नयी योजना चला रही है। योजना का नाम बदलने से अहम है कि जनता को इसका लाभ मिले। अबुआ आवास की सूची को लेकर आमजन की शिकायतें बढ़ती ही जा रही हैं। सरकार को इस संबंध में निश्चित ही ध्यान देना चाहिये।

**राशन वितरण में भी समस्याओं का अंबार :** दूसरी तरफ केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राशन वितरण को लेकर भी समस्याओं का अंबार बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां वितरण की मॉनिटरिंग के लिये सरकार ने विधिवत खाद्य आयोग का गठन किया है। दूसरी तरफ बढ़ती शिकायतों को देखते हुये आयोग की उपयोगिता पर ही सवालिया निशान लग रहा है। ई-पाश मशीन में अंगूठा लगाने के बाद भी राशन का वितरण नहीं करना गंभीर मामला है।

# जमीन की गलत खरीद-बिक्री में प्रेम प्रकाश की जमानत पर फैसला सुरक्षित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गैरकानूनी खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद-बिक्री की गई थी। इस मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता पाई गई है ।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम का मुख्य सचिव व अन्य ने किया स्वागत



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का मुख्य सचिव एल खियांग्ते सहित अन्य ने स्वागत किया। साथ ही मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### सीएम ने विधानसभा अध्यक्ष का किया स्वागत

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो का मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री ने यंग इंडिया रैली को दिया समर्थन

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 28 फरवरी को आयोजित यंग इंडिया रैली को समर्थन दिया है। साथ ही कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र युवाओं का मुद्दा उनकी पार्टी का प्रमुख एजेंडा बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को बचाने के लिए छात्र-नौजवानों को आगे आना जरूरी है। हम छात्र नौजवानों की लड़ाई के साथ है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, आईसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ एवं छुटूराम महतो ने मुलाकात की और यंग इंडिया रैली के लिए समर्थन मांगा। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र-युवाओं के एजेंडे पर इसके लिए यंग इंडिया चार्टर 2024 सौंपा।

### विधायक लोबिन हेम्ब्रम की अन्याय यात्रा सात मार्च से

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वे सात मार्च से राज्यभर में अन्याय यात्रा पर निकलेंगे। यात्रा संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू होगी। हेम्ब्रम का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को ठगने का काम किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल, मंत्री बसंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, सुदेश महतो, सरयू राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद सिंह और डॉ लंबोदर महतो भी उपस्थित थे।

### विधानसभा के गेट पर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन




**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने विधानसभा गेट के सामने प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी मामले की सीबीआई से जांच करने की मांग की। भाजपा विधायक मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर बोकारो विधायक विरंची नारायण ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग हमलोग कर रहे है।

### विभूतियों का शोक व्यक्त करने के बाद विधानसभा 11 बजे तक के लिए स्थगित


**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन में शोक प्रकाश लाया गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सहित मंत्रियों और विधायकों ने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। सदन में जमुआ के विधायक रहे चंद्रिका महथा, बिहार के मुंगेर से लोकसभा सदस्य रहे ब्रह्मानंद मंडल, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य गुणानंद झा, सरयुग मंडल, कानून जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले न्यायविद फली एस नरीमन, आचार्य विद्यासागर महाराज, डॉ प्रभा अत्रे, उस्ताद राशिद खान और अमीन सयानी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक प्रकाश के बाद विधानसभा सभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके पूर्व सदन में 4981 करोड़ का तृतीय अनुपूरक सदन में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने पेश किया है। सोमवार को इस पर चर्चा होगी।

### झारखंड हाई कोर्ट में वीरेंद्र राम के सहयोगियों की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद और नीरज मित्तल के सहयोगी हरीश यादव की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुना। इसके बाद कोर्ट ने इन दोनों के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले में वीरेंद्र राम के दो अन्य सहयोगियों राम प्रकाश भाटिया और सीए नीरज मित्तल ने दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। उल्लेखनीय है कि ताराचंद और हरीश यादव के खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। ताराचंद और हरीश यादव को ईडी ने 23 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ताराचंद को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इन पर वीरेंद्र राम के पैसों का निवेश में सहायता करने का आरोप है। वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को वे विभिन्न बैंकों में लोगो के अकाउंट खुलवाकर व्हाइट करने का काम करते थे। लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाने का काम वह वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल के कहने पर करता था।

### मिथिलेश ठाकुर का बयान छात्र विरोधी : ओम वर्मा

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बयान को अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने छात्र विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि मंत्री जी के बयान से छात्रों के प्रति सरकार की असंवेदशीलता झलकती है। राज्य के लाखों छात्रों और आजसू ने पेपर लीक की सीबीआई जांच कराने के लिए आंदोलन किया है। सरकार ने उन लाखों छात्रों की मांग को एक झटके में गलत साबित कर दिया है। इस मामले में विधानसभा के अवर सचिव जैसे बड़े पद पर बैठे लोगों की संलिप्तता सामने आई है। इस मामले के तार राज्य के कई बड़े सफेदपोश लोगों के साथ साथ अन्य राज्यों से भी जुड़े हैं। सरकार इन्ही सफेदपोश लोगों को बचाने के लिए सीबीआई जांच से कतरा रही है ।इतने गंभीर आरोपों से घिरे होने के बाबजूद जेएसएससी अध्यक्ष का इस्तीफा भी निजी वजहों से आया है। इसमें छात्र भावनाओं का सम्मान कहीं नजर नहीं आता है। इस इस्तीफे से सरकार छात्रों को केवल दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। छात्रों की मांग न मानने वाली सरकार नहीं झुकने की बात करती है, तो सरकार भी यह समझ लें कि जब तक इस मामले की सीबीआई द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं होती है।



## एक नजर

### कुरमी विकास मोर्चा की महारैली को सफल बनाने का निर्णय

**गिद्दी।** कुरमी विकास मोर्चा की बैठक रिकवा में हुई। बैठक में रांची में 25 फरवरी को ओंकार महारैली को सफल करने का लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कपिलदेव महतो ने अधिक से अधिक लोगों के शामिल करने का अपील किया। कहा इसके लिए प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क और बैठक की जा रही है। बैठक के अध्यक्षता बिंदु देवी और संचालन दिलीप महतो ने की। बैठक में कुरमी विकास मोर्चा केंद्रीय महासचिव कपिल देव महतो, सुजीत महतो, अर्जुन महतो, रामदेव महतो, गनौरी महतो, चंचला देवी, महेश महतो, पारस महतो, रामदेव महतो, शिवनारायण महतो, जयंती चंचला देवी, कुमारी अंजू देवी, सुमन देवी, दीपा देवी, पूजा देवी, रेणुका कुमारी, मोनिका देवी, रेणु कुमारी, सुमन देवी, रीमा कुमारी आदि उपस्थित थीं।

### गोला में बाल विवाह रोका, बैरंग लौटे बाराती

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के चोकाद पंचायत के उपरखखरा गांव में एक और नाबालिग लड़की की शादी कराने का मामला सामने आया है। हालांकि सही समय पर पहुंची पुलिस व बाल संरक्षण की सहयोगी अग्रगति संस्था की टीम ने शादी को रुकवा दिया। बाल विवाह रुकवाने के लिए जब टीम पुलिस के साथ गांव पहुंची तो दुल्हा-दुल्हन पक्ष के लोगों में बेचैनी फैल गई। शादी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। लेकिन अंतिम वक्त पर शादी रुक जाने पर दुल्हा-दुल्हन पक्ष के लोगों के खुशियों पर पानी फिर गया। आधार कार्ड के अनुसार दूल्हा और दुल्हन दोनों नाबालिग हैं। गोला थाना क्षेत्र के उपरखखरा गांव निवासी विकास मांझी पिता जीवन मांझी का विवाह थर्मल बोकारो के ओरमो कुबरा पत्थर गांव की एक युवती के साथ शादी तय हुई थी। दुल्हा पक्ष के लोग एक सप्ताह पूर्व ही युवती को अपने घर में लाकर रखे हुए थे।

### प्रशिक्षु डीएसपी ने बंद डिपो का ताला तोड़ जब्त किया कोयला

**भुरकुंडा।** रामगढ़ जिला के प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद ने सयाल मोड़ स्थित भुरकुंडा कोल डिपो में छापामारी की। इस दौरान कोल डिपो के गेट पर ताला लगा हुआ था, जिसे तुड़वा कर डीएसपी ने डिपो परिसर में रखे करीब 7 टन कोयले को जब्त कर लिया। घटना बुधवार देररात्रि की है। सयाल मोड़ का इलाका नींद की आगोश में था, तभी जीप व बस में सवार पुलिसकर्मियों का दल कोल डिपो पहुंचा। बंद डिपो के गेट पर लगा ताला तोड़ने के बाद पुलिसकर्मियों ने डीएसपी के इशारे पर टीन की चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद डिपो में मौजूद करीब 7 टन कोयले को जब्त करते हुए दो अलग-अलग ट्रैक्टरों के माध्यम से भुरकुंडा थाना भेज दिया। आगे भुरकुंडा थाना में डीएसपी के निर्देश पर डिपो संचालक अनुपम पाठक के खिलाफ अवैध कोयला भंडारण का केस दर्ज किया गया।

पृष्ठ पांच की खबरें पृष्ठ छह पर भी देखें

विधायक ने ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# हर गांव में सड़कों का जाल बिछाना उद्देश्य : सुनीता चौधरी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के चार अलग-अलग स्थान में करोड़ों की लागत से सड़क सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती निर्माण कार्य हेतु सड़क का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर विधायक ने सभी स्थानों में शीलापट्ट का अनावरण किया और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि झारखंड के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान सांसद गिरिडीह चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा रामगढ़ विधानसभा में अनगिनत ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। पूरा रामगढ़ जिला एक विकसित जिला के रूप में जाना जाता है, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जो अब तक अधूरा कार्य पड़ा हुआ है जिसे मैं पूरा करने के लिए कटिबंध हूं और ग्रामीण सड़कों को राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया गया है। सड़क निर्माण कार्य होने से सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाका के लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिल सकेगी, तथा लोग दो पहिया अथवा चार पहिया वाहनों से सुलभ व सुगमता पूर्वक एक दूसरे स्थान पर ग्रामीण आवागमन कर सकते हैं.हमारा मकसद है कि पूरे विधानसभा का सर्वांगीण विकास करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं रहे। सुदूरवरती दोहाकातू पंचायत के सुभाष चौक से पंचायत सचिवालय तक 450 मी पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाना है जिसकी लागत 19 लाख 98 हजार 969 राशि से बनाया जाएगा। जबकि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 33 रांची रामगढ़ मार्ग चुटुपालु से वामनकट्टा हरेटोला होते हुए पर 1 करोड़ 68 लाख की लागत से बनखेता मध्य विद्यालय तक 3:19 कि मी तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। छतरमांडू तालाब से लोधमा तक 1 करोड़ 36 लाख की लागत से 3.10 किलोमीटर तक सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती कार्य किया जाना है।

सुरक्षा गार्डो को 8 माह से नहीं मिला वेतन

# मुख्य गेट में लगाया ताला



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** सिक्सलेन चौड़ीकरण कार्य करा रही कंपनी राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षा गार्ड में लगे मजदूरों को आठ माह से वेतन नहीं मिलने पर शुक्रवार को कंपनी के मुख्य गेट में ताला लगा दिया। मजदूर अपने वेतन की मांग को लेकर गेट के समक्ष धरने पर बैठ गए। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, गोल्डन सिक्युरिटी सर्वीस एजेंसी के प्रोवाइडर सुरज शांडिल्य, संचालक सुभाष शांडिल्य मौजूद थे। जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय ने कहा कि आठ माह से मजदूरों को वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्य की बात है। जहां मजदूर रात दिन मेहनत करते हैं और लोगों को समय पर मजदूरी नहीं मिले तो इससे घृणित कार्य और क्या हो सकता है। वहीं सीके पाण्डेय के नेतृत्व में राजकेशरी कंपनी के अधिकारी मो अजहरुद्दीन और सिक्युरिटी सर्वीस एजेंसी के संचालक की बैठक में सोमवार तक दो माह का वेतन और तीन महीने के अंदर सभी बकाया भुगतान करने पर सहमति बनी। मौके पर सुरक्षा गार्ड उमेश कुमार राम, धानेश्वर गोस्वामी, पाचु महतो, झमन साव, सुकरा उरांव, राजेन्द्र राणा, मोती निषाद, साबिर अली, मुमताज आलम,मो मुख्तार, सलामत मियां, विजय सिंह समेत आदि लोग मौजूद थे।

### न्यायिक हिरासत में भेजे गए राहगीरों को लूटने वाले चार अपराधी

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** भुरकुंडा थाना क्षेत्र में पांच दिन के अंतराल पर लूटपाट की दो घटनाओं को अंजाम देने वाले चार अपराधी गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेजे गए। इसमें गिद्दी ए निवासी विशाल कुमार, कुलदीप सिंह और रेलिगढ़ा निवासी राहुल करमाली व दीपक कुमार सिंह शामिल हैं। इन्हें रामगढ़ जिला पुलिस की टीम ने हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया है। गुरुवार को भुरकुंडा ओपी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ बिरेंद्र कुमार राम ने बताया कि गत16 फरवरी की रात भुरकुंडा सीएचपी मार्ग में जवाहरनगर निवासी उमेश राणा के साथ बाइक सवार तीन अपराधियों ने लूटपाट की थी। वहीं 20 फरवरी को भुरकुंडा रिवर साईड पीओ ऑफिस के समीप दूसरी घटना हुई थी। गुरुवार रात्रि में मनीष राजभर के साथ भी तीन बाइक सवार अपराधियों ने लूटपाट के बाद मारपीट की।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# विद्यालयों में छात्रों के स्वास्थ्य व कल्याण पर ध्यान दें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय रामगढ़ एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के संयुक्त प्रयास से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तरीय शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिला स्तरीय समन्वय समिति के बैठक का मुख्य लक्ष्य जिला, प्रखण्ड एवं विद्यालय स्तर पर विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति व निगरानी, क्रियान्वयन से संबंधित उपलब्धियों, समस्याओं व चुनौतियों के समाधान करना है। उपायुकत ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य व कल्याण पूरी तरह से ध्यान पदाधिकारी ताकि उन्हें पूरी तरह से लाभ मिल सके। उन्होंने यह यह भी आदेश दिया कि हर विद्यालय, अपने समय सारणी में प्रस्तावित एक घंटी के अनुसार प्रशिक्षित हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर्स द्वारा निर्धारित थीम पर सत्रों का आयोजन, प्रत्येक विद्यालयों में मंगलवार को 'हेल्थ एंड वेलनेस डे' के रूप में मनाना, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित गूगल फार्म में हर महीने के 30 या 31 तारीख को रिपोर्ट भरना, हर विद्यालय में प्रश्नपेटी / शिकायत पेटी की स्थापना, कार्यक्रम का नियमित अनुश्रवण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति का गठन एवं जिला एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली सभी तरह की समीक्षा बैठक के कार्यसूची में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम को शामिल करें।

### कल्याण विभाग ने लाभुकों को दिया बिमार सुकर, लाभुकों में रोष

**रामगढ़ / गोला।** गोला प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत के हुल्लू गांव में अनुसूचित जनजाति के तीन लाभुकों के बीच विगत दिनों मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कल्याण विभाग की ओर से सुकर वितरण किया गया। इसमें मादा व नर सूकर सहित दवाई व चारा भी लाभुकों को दिया गया। लाभुकों ने गोला प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ संजय कुमार सांडिल से मिलकर रोग ग्रस्त सूकर का बच्चा देने का आरोप लगाया। लाभुकों ने बताया कि कल्याण विभाग ने उन्हें चार मादा व एक नर सूकर का बच्चा दिया है, सभी सुकर रोग से ग्रसित हैं। सुकर मिले पांच दिन बीत जाने के बाद भी सूकर के बच्चे कुछ भी नहीं खा रहे हैं। लाभुकों ने बताया कि सूकर के बच्चे का वजन डेढ़ से दो किलो के करीब है। लाभुकों ने सप्लायर पर प्रति लाभुक 1600 रुपये व अलग से गाड़ी भाड़ा के नाम एक-एक सौ रुपया लेने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मुखिया सीताराम मुंडा ने कहा कि यह गंभीर मामला है।

# डेंटल कॉलेज में लगा दो दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा डेमोटांड स्थित डेंटल कॉलेज परिसर में दो दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। थैलेसीमिया पीड़ित एवं जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवाने को लेकर लगाया गया। शिविर में डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के कई छात्रों ने बढचढ कर अपना सरहानीय योगदान दिया। कुल 71 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि रक्त के अभाव के कारण कई पीड़ितों का अपना जान गवानी पडती है। थैलेसीमिया पीड़ित एवं जरूरतमंदों के सहयोगार्थ में दो दिवसीय रक्तदान शिविर लगाया गया है। ताकि ससमय उन्हें रक्त उपलब्ध हो सके व उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान पर फैली दुष्प्रभाव अब धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहा है। यह एक ऐसा प्रकरण है, जो हमारे शरीर एवं जरूरतमंदों के लिए काफी लाभकारी होता है।

विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

# वृद्धा पेंशन के लिए 50 वर्षीय लोगों के लिए कैंप लगाकर पंजीयन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के ग्राम खैरियो स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरियो में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न सरकारी योजनाओं की उपलब्धता पर क्षमता निर्माण विषयक पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने बताया कि हमारे देश और झारखंड राज्य में लगभग 170 योजनाएं देश की जनता के लिए चल रही है जबकि सुदूर गांव वाले जानकारी के अभाव में एक भी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया और सभी योजनाओं को लेने की प्रक्रिया समझाया। बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य महिला के लिए वृद्धा पेंशन में अब बस 50 वर्ष के उम्र में ही मिलने लगी है और सभी पंचायत भवन में अभी तीन दिवसीय कैंप लगा गया है, इसमें 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए वृद्धा पेंशन के लिए पंजीयन कराया जा रहा है। वहीं चेचकपी पंचायत की पंसस सुरजमुनी देवी ने बताया कि इस पंचायत में जिन लोगों को भी सरकारी योजना जैसे अबुवा आवास योजना, वृद्धा पेंशन और अन्य जितनी भी प्रकार की योजनाएं हैं सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करूंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था कर्मी राहुल कुमार, रोबिन कुमार, मारिया दास बास्के,अंजु देवी, दुर्गा सिंह समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुए।

महायज्ञ के मौके पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित


# भगवान तक पहुंचने के लिए भक्ति ही एक मात्र प्रशस्त मार्ग है : पूर्व विधायक



**भजन की भक्तिमय प्रस्तुति ऐसी थी कि नवयुवक सहित बुजुर्गों ने भी ताली व नृत्य के साथ भरपूर लुत्फ उठाया**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** श्री श्री 1008 सूर्यनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के सातवें दिन भोजपुरी भजन संध्या का आयोजन किया गया. जिसमें बिहार की प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय व टीम ने अपने भक्तिमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को सराबोर किया. उपस्थित लोग झूमने के लिए मजबूर होते रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, महायज्ञ समिति के संरक्षक स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, कैलाशपति सिंह, अध्यक्ष राज सिंह चौहान, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, यजमान जीतू ठाकुर सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. महायज्ञ समिति की ओर से स्टार गायिका सहित अतिथियों का स्वागत किया गया. भजन की भक्तिमय प्रस्तुति ऐसी थी कि नवयुवक सहित बुजुर्गों ने भी ताली व नृत्य के साथ भरपूर लुत्फ उठाया. अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने आयोजकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान तक पहुंचने के लिए भक्ति और भजन ही एक मात्र प्रशस्त मार्ग है. जहां एक और महायज्ञ से वातावरण सहित क्षेत्र ने सुख, शांति और समृद्धि आती है वही भजन से मन को सकून मिलता है. परोपकार और सहायता के भाव आते है और जीवन रसीला होता है. हम सभी को हर दिन भगवान का भजन करनी चाहिए. कार्यक्रम सफल बनाने में महायज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्पूर्ण भूमिका रही. कार्यक्रम सफल बनाने में सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, राजकुमार केशरी आदि महायज्ञ के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने महती भूमिका निभाई. मौके पर मोती सिंह, अमित कुमार सोनी, अशोक कुमार सिंह, सुशील सिंह, भोली पासवान, मेवालाल केसरी, अमित उर्फ छोटू सिंह, असलम ऊर्फ टिंकू अंसारी, विक्की सिंह, सोनू केशरवानी, नागेश्वर प्रजापति, बासुदेव सिंह, सुरेश राणा, अनुज सिंह, पवन सिंह, संजय सिंह, रामचन्द्र पांडेय, परमानंद पांडेय, कामेश्वर पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे.

# अनिकेत भुईयां के शव की दुबारा पोस्टमॉर्टम की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के होटल ला मेरिटल में 23 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा , जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी मौजूद थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ थाना के हाजत में अनिकेत भुईयां की मौत की घटना की निंदा की है। बताया की सांसद ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों से फोन पर बातचीत कर शोक संवेदना व्यक्त प्रकट किया। साथ ही सांसद श्री सिन्हा ने रामगढ़ एसपी से बातचीत कर घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। वक्ताओं ने बताया की मृतक अनिकेत भुईयां नंदा होटल में कार्य करता था। जहां से पुलिस किसी मामले में पूछताछ के लिए उसे साथ ले गयी। वक्ताओं ने बताया की सुबह परिवार वालों को पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए युवक द्वारा फांसी लगाकर मौत हो जाने की बात कही। जबकि युवक के परिवार वालों के मुताबिक युवक की मौत पुलिस की मारपीट से हुई। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग करते हुए युवक के परिजनों की उपस्थिति में युवक के शव के दुबारा पोस्टमॉर्टम कराने की मांग की।

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा थाना के प्रभारी बने सरोज कुमार चौधरी



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना में नये प्रभारी के रूप में सरोज कुमार चौधरी ने योगदान दिया। वर्तमान थाना प्रभारी गौतम कुमार का स्थानांतरण दूसरे जिले में हो गया है। गत गुरुवार को सरोज कुमार चौधरी ने अपना पदभार लिया। जिसके पश्चात कहा कि पुलिस-पब्लिक समन्वय के साथ अपराध पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों व आमलोगों का सहयोग अपेक्षित है। जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था व अपराध पर अंकुश लगाने में सहयोग करने के लिए सहयोग की अपील की।

### कल प्रखंड सभागार में लगेगा विधिक जागरूकता शिविर, मिलेगी कानूनी जानकारी

**बरही ।** आगामी 25 फरवरी अर्थात रविवार झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) की ओर सेप्रखंड सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा. प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश सहित झालसा के अधिवक्ता मौजूद रहेंगे. जिसमे विभिन्न मुद्दों को लेकर कानूनी जानकारियां दी जाएगी. इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा. कार्यक्रम में राजस्व, आवास, मनरेगा, बैंक, कृषि व पशुपालन, बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति आदि सहित विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाए जायेगे. इस बाबत बीडीओ सीआर इंदीवार ने संबंधित अधिकारियों व कर्मियो को शिविर के प्रचार प्रसार और परिसंपत्तियों के वितरण संबंधित सूची उपलब्ध करवाने को सूचित किया है. साथ ही निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से स्टॉल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया है. शिविर पूर्वाहन 11 बजे से प्रखंड सभागार में आयोजित किए जायेगे.

### 30वां वार्षिक सम्मेलन पर केसरवानी समाज ने लगाया रक्तदान शिविर




**बरही।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर केशरवानी समाज की ओर से केसरवानी धर्मशाला बरही में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसे वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से संचालित किया गया. शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, केशरवानी समाज के अध्यक्ष बलराम केसरी, महामंत्री महेंद्र केसरी, कोषाध्यक्ष काशी केसरी ने संयुक्त रूप से किया. जिसमे नंदकिशोर साव, अभिषेक कुमार केसरी, जय प्रकाश केसरी, लकी कुमार केसरी, सुबोध केसरी, नीरज कुमार केसरी, पप्पू कुमार केसरी, अमित कुमार केसरी, रंजीत कुमार केसरी सहित अन्य कई लोगो ने रक्तदान किया. जिन्हे एसोसिएशन के अध्यक्ष ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. साथ ही लोगो से केसरवानी समाज से प्रेरणा लेते हुए रक्तदान जैसे महादान कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया. उन्होंने बताया कि संग्रहित रक्त को थैलीसीमिया पीड़ित बच्चो को निःशुल्क दिया जायेगा. शिविर सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित दिलीप केसरी, नगर केशरवानी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन शमशाद, पूनम कुजूर, गोपाल कुमार, अजीत कुमार, शशि कुमार, सनी कुमार, सोनू कुमार का विशेष योगदान दिया.

### पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों आदि के बीच पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, पतरातू में बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर बच्चों ने काफी ध्यान पूर्वक विभिन्न नियमों एवं अपने अधिकारों को लेकर जानकारी प्राप्त की। वही उनके द्वारा कई सवाल जवाब भी किए गए। इसके साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों के लिए अलग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, बाल कल्याण समिति के सदस्य विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

### अस्पताल में बंद पीएसए प्लांट के मामले को लेकर सीएस से मिले रंजन चौधरी



**हजारीबाग ।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पीएम केयर फंड से अधिस्थापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के महीनों से बंद रहने की समस्या को लेकर शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह से मिले। रंजन चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह से मिलकर इस गंभीर और ज्वलंत मामले पर संज्ञान लेते हुए इसे जरूरतमंद मरीजों के हित में यथाशीघ्र सुचारू कराने की मांग की। सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने रंजन चौधरी को आश्वस्त किया की पीएसए प्लांट के सप्लाईयर से बात हुई है जल्द ही इसे सुचारू कर लिया जाएगा ।विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की ऑक्सीजन प्लांट से शुद्ध मेडिकल ऑक्सीजन बेड टू बेड मिलता है लेकिन इसके बंद होने से इंडस्ट्रियल ऑक्सीजन जंबो सिलेंडर के माध्यम से आपूर्ति हो रहा है। ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन सप्लाई होने से कई प्रकार के जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

### अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ का गोला में भव्य स्वागत

**गोला।** पटना बिहार से शुरू अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ गुरुवार को गोला पहुंचा। जहां पर झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप व कुंदन कुशवाहा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। चतुर्भुज कश्यप ने बताया कि जगदेव बाबू का सपना था कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा आयोग का गठन कर न्यायाधीशों की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यकों व आदिवासियों को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण लागू किया जाए।

## एक नजर

### घरेलू विवाद में कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

**बानो।** थाना क्षेत्र के बड़काडुवेल गांव में घरेलू विवाद में शंभू सिंह नामक व्यक्ति ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शंभू सिंह गुरुवार रात घर में किसी बात को लेकर परिवार वालों से बहस की, जिसके बाद घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया । बाद में परिवार वालों ने बिगड़ी तबीयत देख बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले और जहां से डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, इधर सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

### तीन दिनों से शहर के आधे क्षेत्र में पेयजलापूर्ति ठप

**कोडरमा / चंदवारा।** झुमरी तिलैया शहर के आधे आबादी को तीन दिनों से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बता दें कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पुरानी टंकी और सीएच स्कूल स्थित पानी टंकी से शहर के आधी आबादी को पेयजलापूर्ति होती है। लेकिन पिछले तीन दिनों से इन दोनों टंकी से पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इस संबंध में पीएचइडी के जेई अमित कुमार ने बताया कि चंदवारा पुल के पास एनएच फोरलेन निर्माण कार्य में पाइप लीकेज हो जाने के कारण पुरानी पानी टंकी और सीएच स्कूल के पानी टंकी में होने वाली पानी आपूर्ति कार्य प्रभावित है।

### हलवाई समाज की बैठक में 17 को होली मिलन मनाने का निर्णय

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर के रांची- पटना रोड स्थित अजंता रेस्ट हाउस में शुक्रवार को हलवाई समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता समाज के सदस्य रामशंकर प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक के दौरान होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा की गई। साथ ही समाज के लोगों ने पानी को बचाने 17 मार्च को सूखा होली खेलने का निर्णय लिया गया। मौके पर विनोद गुप्ता, कन्हैया लाल गुप्ता, संजीव साहा, डॉ. नीरज साहा, अमर गुप्ता, आकाश गुप्ता, कुणाल गुप्ता, रंजीत गुप्ता, विजय प्रसाद गुप्ता, संजय गुप्ता, रंजन कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, वीर गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमित साहा, शशि कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, विनोद प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### सीपीआई जिला परिषद की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** सीपीआई जिला परिषद की बैठक शुक्रवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में हुई। पार्टी जिला मंत्री प्रकाश रजक ने पिछले कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसे सबों ने पास किया। पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि किसान आंदोलन को जबरन कमजोर किया जा रहा है। दुनिया का इतिहास रहा है कि आवाज को दबाने के बाद आंदोलन और तेज होता है।



# क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना झापा की पहली प्राथमिकता : एक्का

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को सुनने वाला आज कोई नहीं है लेकिन झारखंड पार्टी माटी से जुड़कर काम करती है और क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का काम करती है उक्त बातें झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा जलडेगा के हर्रा पानी गांव में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक के दौरान कही, उन्होंने कहा कि लगातार इस क्षेत्र की जनता वर्तमान सरकार से पूरी तरह से ऊब चुकी है और अब झारखंड पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही है। आज क्षेत्र में बिजली पानी सड़क हाथी भ्रष्टाचार सहित कई प्रकार की समस्या व्याप्त है लेकिन उन समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी अब पूरी तरह से लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए कमर कस लिया है और समस्याओं का समाधान होने तक लगातार प्रयास करेगी। युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी समाज को संगठित करते हुए आने वाले चुनाव में अपनी सत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी इस क्षेत्र का विकास नहीं कर सकती इसके लिए झारखंड पार्टी आपकी क्षेत्रीय पार्टी है जिसका आप सहयोग करें क्षेत्रीय पार्टी आपकी सुख दुख में दिन-रात खड़ी रहेगी।

# हरे राम-हरे कृष्ण से गुंजायमान हुआ सिमडेगा कुंजनगर मोहल्ला



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** शहर के कुंजनगर स्थित संकट मोचन मंदिर में वार्षिकोत्सव के मौके पर शुक्रवार को अखंड हरिकीर्तन अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। मौके पर आचार्य सतीश पाठक ने पूरे विधि-विधान से पवन सुत हनुमान, राधा कृष्ण एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना करवाने के बाद अखंड हरिकीर्तन शुरू कराई। मौके पर रामजी यादव सपत्नीक यजमान की भूमिका निभाई। मौके पर आस-पास क्षेत्र के विभिन्न मंडलियां कीर्तन में भाग ले रहीं है। हरे-राम-हरे कृष्ण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया है। बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी व श्रद्धालु यहां पहुंचकर कीर्तन तथा अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं। कीर्तन का समापन शनिवार को किया जाएगा। अपराह्न में भंडारा का आयोजन किया गया है।इस आयोजन को सफल बनाने में कुलदीप ठाकुर,बजरंग रजक, दिनेश बाघवार, दिगंबर सिंह, भरत राम, परशुराम साहु,शशिभूषण सिंह, मुकेश कुमार मनीष प्रसाद, मुकेश आदि सेवार्थ सहयोग प्रदान कर रहे हैं। विदित हो कि मंदिर की स्थापना वर्ष 2011 में हुई थी। तब से प्रत्येक वर्ष मंदिर का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। कीर्तन के साथ भंडारा का भी आयोजन किया जाता है। वहीं पिछले वर्ष राधा कृष्ण एवं भगवान शिव की मंदिर बनाकर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था।

## न्यूज बॉक्स

### ग्राम पंचायत विकास योजना का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हजारीबाग। सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम एवं राज्य से आए हुए मास्टर ट्रेनर आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में हजारीबाग प्रमंडल के जिले रामगढ़, चतरा, बोकारो, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग जिला के मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया ताकि वह जिला संसाधन दल के प्रशिक्षक के तौर पर कार्य कर सके। चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्रशिक्षुओं को सदर प्रखंड के सखिया पंचायत का भ्रमण कराया गया। मौके पर जिला सह प्रखंड संसाधन दल को बताया गया की 15वें वित्त आयोग व मनरेगा योजनाओं से गांव में बेहतर जानकारी देकर सरकारी योजनाओं के प्रति उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जागरूक करें, ग्राम पंचायत का विकास तब तक संभव नहीं है जब तक की ग्राम सभा में योजनाओं को पारित कर योजनाओं का चयन नहीं किया जाए। वहीं प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद जिला सह प्रखंड संसाधन दल अपने जिले में जाकर ग्रामीणों को प्रशिक्षण देकर ग्रामसभा से जीपीडीपी अंतर्गत योजनाओं का चयन किया जाएगा। मौके पर स्टेट से नामित मास्टर ट्रेनर अरशद अंसारी, सुजीत नायक, सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### अबुआ आवास में हो रहे बिचौलिएपन को लेकर बीडीओ ने जारी किया कंप्लेन नंबर

**बरही।** राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को लेकर मिल रही शिकायत पर जिला प्रशासन सहित प्रखंड प्रशासन पूरी तरह गंभीर है. मामले के संबंध में बीडीओ सीआर इंदीवार ने सार्वजनिक सूचना जारी कर लोगो को बिचौलिए या असामाजिक तत्वों से बचने की सलाह दी गई है. सूचना में स्पष्ट किया गया है कि लाभार्थियों की सूची प्रखंड कार्यालय और संबंधित पंचायत मुख्यालय में आम जनता के अवलोकन के लिए उपलब्ध है. जिससे प्राथमिकता के आधार पर सरकार से कोष उपलब्ध होते ही आवास उपलब्ध करवाया जाना है. निर्धारित सूची को कोई भी कर्मी या अधिकारी नही बदल सकते है. ऐसे में किसी भी व्यक्ति या कर्मी अथवा अधिकारी द्वारा पैसे लेकर सूची हटाने या नया नाम जोड़ने की बात करना व्यर्थ है. कोई भी लाभार्थी इस प्रकार की बातो पर ध्यान नहीं दे. इस प्रकार के शिकायत मिलने पर पीड़ित व्यक्ति बीडीओ के मोबाईल संख्या 8789818244 या आवास प्रखंड समन्वयक 8210886314 पर शिकायत करे, त्वरित कारवाई होगी. शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जायेगा.

### निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग समिति के साथ उपायुक्त ने की बैठक



**सिमडेगा।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर निर्वाचन संबंधी कार्यों का सफलतापूर्वक एवं सुचारु रूप से संपादन के लिए उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए गठित समिति की बैठक का आयोजन हुआ।इस दौरान उपायुक्त के द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग समिति के संबंधित अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय पर प्रभावी नियंत्रण, कैंपेन के दौरान रैली, आम सभा, जुलूस, पोस्टर, बैनर, वाहनों के उपयोग, प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से निर्वाचन संबंधी प्रचार प्रसार पर कड़ी नजर रखने तथा निर्वाचन को प्रभावित बनाने के दृष्टिकोण से डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ मनी, अपराध नियंत्रण, अधिक शराब की बिक्री तथा अन्य कई प्रकार के गलत तरीके अपनाये जाने के विरूद्ध नजर रखने एवं उस पर कार्रवाई करने का व्यापक निर्देश दिया गया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री ओमप्रकाश यादव, एल.आर.डी.सी -सह- उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुणा कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने की छापामारी 1626 किलो जावा महुआ किया नष्ट



**सिमडेगा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। सिमडेगा जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में वभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह दिनांक- 15 फरवरी से 21 फरवरी तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 1626 किलोग्राम जावा महुवा नष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है।एसपी ने कहा सिमडेगा की जनता से अनुरोध है कि, वे भी अवैध शराब की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। अवैध शराब बनाये जाने से संबंधित कोई भी सूचना नियंत्रण रूम के मोबाईल न - 9262998531 पर निश्चित रूप से दें।

### सांसद-विधायक जनता को ठगना बंद करें: माले

**जयनगर।** भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य इब्राहिम अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव ने आम जनता को दिग्भ्रमित कर जनता को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा केवल शिलान्यास कर रहे। उसके बाद भी शिलान्यास किया गया योजना धरातल पर नहीं उतर रही है। पीडब्ल्यूडी रोड से कोसमाडीह तक सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास 7 जनवरी को किया गया था, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुई है। हिरोडीह से सुगासांख बराकर नदी घाट तक सड़क निर्माण का स्वीकृति मिलने की बात विधायक अमित कुमार यादव ने अपने कई कार्यक्रमों में भाषण में कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा कि मंत्री अन्नपूर्णा देवी जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। मंत्री रेभनाडीह और गोहाल में रेलवे अंडरपास का स्वीकृति हो जाने का झुठा भ्रम फैला कर जनता को गुमराह कर रही है।

# हेमंत की गिरफ्तारी के विरुद्ध शाहपुर में झामुमो ने निकाली न्याय मार्च यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** झामुमो सिमडेगा जिला कोलिबीरा प्रखंड के शाहपुर में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरुद्ध फिरोज अली झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य के नेतृत्व में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला गया।मौके पर फिरोज अली ने कहा की झारखंड के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार बीजेपी सरकार और इडी के द्वारा षडयंत्र कर के जेल भेजने का काम किया गया इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब तक न्याय नहीं मिलता है तब तक राज्य के सभी पंचायत स्तर पर पदयात्रा निकाला जा रहा है और हमलोग भी पदयात्रा में निकले हैं जब तक उनको न्याय नहीं मिलता है तब तक न्याय मार्च यात्रा जारी रहेगा, वही आलोक बागे ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने झूठा केस में फंसा कर जेल भेजा जब तक न्याय नहीं मिलती है तब तक पदयात्रा चलेगा वही प्रकाश बागेने कहा हम लोगों का नेता को षड्यंत्र करके केंद्र सरकार और ईडी ने जेल भेजा है आने वाले चुनाव में जनता जवाब देगी वही वकील खान ने कहा जब तक हम लोग का आदिवासी नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से रिहा नहीं होते हैं तब तक हम लोग का गांव गांव पदयात्रा चलते रहेगा।

### जमसं में शामिल हुई निशि पांडेय केंद्रीय उपाध्यक्ष बनीं

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** पतरातू निवासी समाजसेवी निशि पांडेय जनता मजदूर संघ में शामिल हुई हैं। गुरुवार को उन्होंने धनबाद में यूनियन की केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक कुंती देवी और केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम और केंद्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद की मौजूदगी में जनता मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुंती देवी ने बुके भेंट कर निशि पांडेय का यूनियन में स्वागत किया। आगे कुंती देवी व सिद्धार्थ गौतम ने निशि पांडेय को जनता मजदूर संघ का केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोनित करते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि निशि पांडेय के शामिल होने से जनता मजदूर संघ की नीव कोयलांचल में और भी मजबूत होगी। वहीं नवमनोनित केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय ने कहा कि जनता मजदूर संघ की नीति व सिद्धांत से वे बहुत प्रेरित व प्रभावित थी, इसलिए आज संघ परिवार में शामिल होकर उन्हें अच्छा महसूस हो रहा है।

# नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के स्वयंसेवकों द्वारा जिला के सभी प्रखंडों के विभिन्न स्थानों में सघन मतदाता जागरुकता एवं पंजीयन अभियान अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के तीसरे दिन मतदान करने वाले आयु वर्ग के ग्रामीणों को निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान करने के लिए विभिन्न स्थानों पर अलग अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान अंतर्गत प्रखण्ड बानो में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी के नेतृत्व में युवा मंडल सदस्यों द्वारा उन्नीकेल, सिमहातु, कोनसौदे, पबुड़ा और बिरता में पोस्टर द्वारा और शपथ दिलवाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । इसी प्रकार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सरिता लुगुन द्वारा प्रखण्ड ठेठईटांगर के केरेया, ठेठईटांगर और पंडरीपानी में, अनुराधा कुमारी द्वारा कुरडेग के लबडेरा और नवाटोली में, मैक्सिमाला होरो द्वारा जलडेगा के लोम्बोई और पतिअम्बा में लोगों को पोस्टर द्वारा जागरुक कर मतदान करने की शपथ दिलाई गयी।

# किसान आन्दोलन रोकने के बजाय विदेशी घुसपैठियों को रोके केन्द्र सरकार : डॉ आरसी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** गरीबी का पर्यायवाची शब्द किसान है यह बातें खैरा ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान डॉ आरसी मेहता ने कहा। उन्होंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं इसलिए कृषकों के दर्द समझता हूं आज देश में किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से किसान कृषि कार्य छोड़कर मेट्रोपॉलिटन शहरों में मजदूरी के लिए पलायन कर रहे हैं। आज किसान आंदोलन को केंद्र सरकार दिल्ली के हर बॉर्डर पर किल कांटे बेरिकेट लगा रही हैं ताकि किसान अपनी मांग सरकार से न कर सके। प्रधानमंत्री दिल्ली बॉर्डर में किल कांटे की वजाय चीन पाकिस्तान बांग्लादेश के बॉर्डर पर किल कांटे लगाकर विदेशी घुसपैठियों को रोके। पूर्व में वर्षों तक चला किसान आंदोलन के दौरान तीन कृषि काला बिल को प्रधानमंत्री ने क्षमा मांगते हुए निरस्त किया थे और वादा किया थे की किसानो को मांगों को पूरा किया जाएगा, जो आज तक नहीं किया गया। पुणः किसान आंदोलनरत है एमएसपी है क्या है? समझे एमएसपी के तहत किसान अनाज बेचने का न्यूनतम मूल्य सरकार को निर्धारित करने का मांग कर रहे हैं जैसे धान 23 रुपये केजी अभी है इस तरह गेहूं दलहन मकई फल सब्जी का दाम सरकार निश्चित करें ताकि किसान को लागत के अनुरूप लाभ मिल सके आज किसान टमाटर खेत में 5 बेच रहे हैं वही बिचौलिए बाजार 30-40 रुपए मुनाफा लेकर भेजते हैं आलू किसान 10 रुपये बेच रहे हैं बिचौलिए 30-40 रुपय तक मुनाफा लेकर बेजते हैं एम एसपी निर्धारित होने पर किसान और खरीददार जनता को लाभ होगा। 2022 के किसान आंदोलन में 750 किसान का मृत्यु हुई थी किसान मृतक के परिजनों को मुआवजा एवं नौकरी मांग रहे हैं जो भारत के संविधान के रूप है।

# सीलिंगा में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के सिलिंगा गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान संस्था के फील्ड प्रोग्राम फेसलिटेटर कुलदीप सुरीन और कलिंदर प्रधान ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आत्मा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्जवला योजना तथा ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया की श्रम विभाग में निबंधन करने पर मजदूरों को विभाग द्वारा 15 प्रकार का लाभ दिया जाता है। कार्यक्रम में ग्राम सभा के कार्य एवं दायित्व के जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब हर महिने ग्राम सभा की बैठक की जायेगी और ग्राम सभा बैठक की सूचना हरेक माह डुगडुगी के मध्यम से दी जाएगी।

## झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन की बैठक

# केंद्र ने वनाधिकार कानून 2006 को कर रही कमजोर : समर्पण सुरीन



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के बन्दरचुवा पंचायत अंतर्गत सेतासोया राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक की। जोलेन समद की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष समर्पण सुरिन एवं जिलास्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार सहित बंदरचुवां पंचायत के उप मुखिया मूल्याणी डॉंग को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के तहत सिमडेगा जिला सैकड़ों ग्राम सभा के लोगों द्वारा भौतिक सत्यापन एवं स्थल जांच कर अग्रेतर करवाई हेतु ग्राम सभा द्वारा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष जमा किया गया है लेकिन अभी तक सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न ग्राम सभा को सामुदायिक अधिकार का पट्टा एवं सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार दावा पट्टा नहीं मिल पाया और लैंड बैंक को अभी तक निरस्त नहीं किया गया है जो बेहद दुखद है।इसको लेकर ग्राम सभा के लोगों में आक्रोश भी है। अभी वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा वनाधिकार कानून 2006 को कमजोर करने के लिए नए कानून भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 2023 को लाकर हमें अपने अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे हम सभी कतई स्वीकार नहीं करेंगे। जबकि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।

### आदिवासी एकता मंच की बैठक आज

**बानो।** बानो प्रखंड के डाक बंगला में आदिवासी एकता मंच की बैठक आज 11:00 बजे से रखी गयी है बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया जाएगा साथ में विभिन्न सामाजिक बिंदुओं पर चर्चा किया जाएगा।

# फाइलेरिया कार्यक्रम के अनुश्रवण के लिए उपायुक्त ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में फाइलेरिया कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आईडीए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम -10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने डोर टू डोर जाकर फाइलेरिया से बचाव हेतु दवाई खिलाने से संबंधित कार्य की समीक्षा की। उपायुक्त ने लोगों को फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरुक करते हुए शत-प्रतिशत लोगों को दवाई खिलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जब दवा का सेवन सही रूप से नहीं किया जायेगा तक इस घातक बिमारी दूर नहीं हो सकती। साथ ही उन्होंने सभी स्कूलों में जाकर बच्चों को दवाई खिलाने हेतु निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### शपत पत्र

मैं कृष्ण कुमार केशरी पिता स्व बैधुनाथ साव ग्राम पोस्ट तामड़ा जिला सिमडेगा का निवासी हूँ। मेरे पिता स्व बैधुनाथ साव की मृत्यु 17-10-2023 को हो गया, जिनके द्वारा बैंक ऑफ इंडिया खूंटिटोली में खाता खोला गया था जिसका खाता संख्या 45701011304425 है, जिसमें उत्तराधिकारी नॉमिनी में मेरा नाम कृष्णा साव दर्ज है। क्योंकि मेरा आधार कार्ड नम्बर 622493270487 में कृष्ण कुमार केशरी दर्ज है। मैं शपथ करता हूँ कि कृष्ण कुमार केसरी एवं कृष्णा साव दोनों ही एक ही व्यक्ति है जो कि स्वयं मैं हूं।

## एक नजर

### गांव में पेयजलापूर्ति ठप, घरों में पानी की किल्लत



**गिरिडीह।** गिरिडीह गावां में पिछले चार दिनों से पेयजलापूर्ति ठप रहने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। गावां स्थित जल एवं स्वच्छता कार्यालय परिसर स्थित पानी टँकी से गावां बाजार, नगवां,पटना व माल्डा के दर्जनों गांवों में आदि स्थानों में जलापूर्ति की जाती हैं। जलापूर्ति के बन्द रहने से संबंधित गांवो के सैकड़ों लोगो को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा हैं। लाभुकों का कहना है कि हर माह लगभग एक सप्ताह से अधिक पेयजलापूर्ति ठप रहती हैं। हम लोग हर माह समिति को राशि का भुगतान करते हैं। लेकिन सप्लाई सुचारू रूप से नही होने के कारण लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। मामले में गावां मुखिया कन्हाय राम ने कहा कि मामला संज्ञान में आया हैं। मोटर में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। मोटर को ठीक करवाया जा रहा हैं। विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा कि बराबर जलापूर्ति बन्द रहना ठीक बात नही हैं। अक्सर मोटर खराब हो जाया करता हैं। इसमें सुधार की आवश्यकता हैं।

### डुमरी थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**जामतारा।** डुमरी थाना क्षेत्र के जामतारा पंचायत अंतर्गत एक निजी विद्यालय पीपीएस के पीछे झाड़ी में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खबर पाकर एसडीपीओ सुमित प्रसाद, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, नव पदस्थापित थाना प्रभारी प्रिनन द्वारा सदलबल घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले जाया गया। जहां आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए शव को गिरिडीह भेज दिया। बोरे से शव ढका हुआ था। पुलिस जांच में जूटी है।आशंका जताई जा रही है कि किसी ने हत्या कर शव को वहां फेंक दिया हो। बताया जाता है कि सुबह जब लोग उधर टहलने गये तो देखा कि एक व्यक्ति का शव फेंका हुआ है जिसके बाद इस बात की सूचना पुलिस सहित मुखिया खेमलाल महतो को दी।खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। मृतक पजामा और टीशर्ट पहने हुए है। उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच है।

# गिरिडीह पुलिस ने 7 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

## पुलिस प्रतिबिंब एप के माध्यम से लगातार साइबर अपराधियों की धर पकड़ में जुटी

**गिरोह के पास से 41 मोबाइल, 42 सिम, 4 बाइक, 3 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड जब्त**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिला पुलिस प्रतिबिंब एप के माध्यम से लगातार साइबर अपराधियों की धर पकड़ में जुटी है. बीते गुरुवार की रात भी पुलिस द्वारा गुप्त सूचना पर अहिल्यापुर थाना अंतर्गत पंदनिया गांव में छापेमारी कर 7 साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है. उक्त जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता में दी. एसपी ने कहा कि डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में साइबर थाना की टीम को यह सफलता प्राप्त हुई है. गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों की उम्र करीब 19 वर्ष से 24 वर्ष तक के बीच है. पुलिस ने इस गिरोह के पास से 41 मोबाइल, 42 सिम, 4 बाइक, 3 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड जब्त किया है। गिरिडीह एसपी ने कहा कि पकड़े गए साइबर अपराधियों के निशाने पर गांव के भोले भाले महिलाएं व पुरुष है. महिलाओं को फर्जी कुरियर सर्विस का विज्ञापन बनाकर और उस पर फर्जी अपना नंबर देकर ठगी करते हैं जबकि, पुरुषों को अश्लील वीडियो भेजकर उसका स्क्रीनशॉर्ट लेकर पैसा ठगते थे. इसके अलावा भी पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी अपराधियों ने दी है. पुलिस उन बिंदुओं पर काम कर रही है.

**इन लोगों की हुई है गिरफ्तारी**
पुलिस टीम ने छापेमारी कर सात साइबर अपराधी को पकड़ा है. सभी गिरिडीह और देवघर जिला के रहने वाले है. पकड़े गए लोगों में इस्तियाक अंसारी, असरफ अंसारी, रजाउद्दीन अंसारी, टिंकू कुमार, गणेश प्रसाद, मोजाहिद अंसारी और रोहित कुमार राणा शामिल हैं.

**टिंकू और गणेश का संबंध अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह से**
एसपी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी टिंकू कुमार और गणेश प्रसाद अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह से भी जुड़े हैं. दोनों शातिर साइबर अपराधी है. टिंकू कुमार पर पूर्व से 10 केस, तो गणेश पर 8 केस दर्ज है. यह सभी मामले मुंबई, श्रीनगर, पटना, दिल्ली, नवी मुंबई, पुणे, हैदराबद, तेलंगाना, लुधियाना और दिल्ली में दर्ज है.

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पंचायत सचिवालय, जरमुने पूर्वी मे बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह के द्वारा तथा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण विषयक जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गिरिडीह में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अभिव्यक्ति फाउंडेशन के सचिव कृष्णकांत, सामाजिक परिवर्तन संस्थान के सचिव उमेश तिवारी, बनवासी विकास आश्रम अध्यक्षा श्रीमती सुजाता, चाईल्ड हेल्पलाइन कोर्डिनेटर श्रीमती सुनीता, बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक अंजली एवं बनवासी विकास आश्रम के सचिव सुरेश कुमार शक्ति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। झारखंड राज्य बाल विवाह के मामले में देश में तीसरे एवं गिरिडीह चौथे स्थान पर है। जन संवाद कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन तथा ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से चुनाव के दौरान जिला बाल संरक्षण ईकाई को चुनावी ड्यूटी से दूर रखा जाये, लोगों में जागरूकता की कमी, सामाजिक मान्यता, बाल संरक्षण के कानून पर लोगों में जानकारी की कमी, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की कमी आदि अहम मुद्दे निकल कर आये। जिसका निष्कर्ष यह निकला कि सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों को आपसी समन्वय बनाना होगा, समुदाय स्तर पर जागरूकता, मुखिया को पंचायत की जिम्मेदारी लेना, जिला स्तरीय बच्चों का समूह बनाना एवं ग्राम सभा में बाल संरक्षण के मुद्दों पर चर्चा करना। जनसंवाद के बाद एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम बाल संरक्षण समिति को सशक्त करना, बाल मंच का गठन एवं संचालन, विधालय स्तर पर बाल विवाह एवं बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाना, बच्चों को बाल विवाह से संबंधित कानूनी जानकारी मुहैया कराना, वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़ना आदि मुद्दे निकल कर आये। कार्यक्रम में मोहनपुर, गादी श्रीरामपुर, जसपुर, मंगरोडीह, धरगुल्ली, तिरला पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य, आडवारा, उपमुखिया, झरघट्टा, आदि उपस्थित थे।

## बगोदर लूट कांड का फरार पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले की बगोदर थाना पुलिस ने पिछले दिनों औंरा अरगडिहा के समीप सीएसपी संचालक से हुई लूट के मामले में फरार पांचवें आरोपित नूर मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूट की बाइक और दो लाख 40 हजार में 38 हजार रुपये भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार नूर मोहम्मद बगोदर थाना इलाके के बेको गांव का निवासी है। सीएसपी संचालक से पांच अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। इनमें मुबारक अंसारी, जसीन अंसारी, अल्ताफ रजा, जावेद अख्तर और नूर मोहम्मद शामिल थे। इनकी गिरफ्तारी एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में गठित टीम ने की है। आरोपित ने स्वीकार किया है कि उसने ही सीएसपी संचालक से लूट की योजना बनाई थी।

## महिला महाविद्यालय के आसपास अतिक्रमण हटाने के विरोध में प्रदर्शन

**धनबाद।** शहर के लूबी सर्कुलर रोड स्थित एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय के आसपास फुटपाथ पर ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों को धनबाद नगर निगम के द्वारा हटाए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पथ विक्रेता समन्वय समिति के बैनर तले फुटपाथ दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। फुटपाथ दुकानदारों के नेता श्यामल मजूमदार ने कहा कि दुकानदारों को हटाए जाने पर निगम के अधिकारियों ने बताया है कि एसएसएलएनटी कॉलेज प्रबंधन की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जब इस मामले में कॉलेज के प्राचार्या से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने गरीब फुटपाथ दुकानदारों से मिलना तक मुनासिब नहीं समझा। अब आखिर वर्षो से व्यवसाय कर रहे ये गरीब दुकानदार जाएं तो कहा जाएं।

# बिरनी : भाकपा माले ने किया प्रतिवाद मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**बिरनी ।** भाकपा माले बिरनी के द्वारा पार्टी के प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉल बॉण्ड घोटाले के खिलाफ और किसानों के आंदोलन के पक्ष में प्रतिवाद मार्च किया गया।। यह मार्च माले कार्यालय से निकलकर पूरे सिमराढाब बाजार का भ्रमण करते हुए प्रखण्ड मुख्यालय के गेट के पास एक नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। जिसमे पार्टी के प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह और माले के राज्य कमिटि सदस्य मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि इलेक्ट्रॉल बॉण्ड यानी चुनाव में कॉर्पोरेटों के द्वारा मिलने वाले चंदे के रूप में मोटी रकम को भाजपा सार्वजनिक नहीं करना चाहती है। जो कि भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रतीक है। दूसरे के ऊपर ईडी और सीबीआई की खूब जाँच चल रही है लेकिन भाजपा खुद भ्रष्टाचार के दलदल में है। जिसका खुलासा भी हो चुका है,अब भाजपा की मोदी सरकार इससे बच नहीं सकती है। किसानों के साथ भी ये मोदी सरकार छलावा कर रही है,जिससे परेशान होकर किसान पिछले नौ दिनों से आँदोलनरत हैं और उस आंदोलन को भाजपा की मोदी सरकार आंसू गैस के गोले पानी के फव्वारे तथा रास्ते मे कील गाड़ कर कुचलने का प्रयास कर रही है जिसे देश की जनता देख रही है ।इसके साथ ही इस नुक्कड़ सभा के माध्यम से सरिया ओवरब्रिज जो बगोदर के माननीय विधायक विनोद सिंह के अथक प्रयास एवं आरवाईए के आंदोलन से स्वीकृति मिली है उस शिलान्यास के कार्यक्रम में 26 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई । मौके पर बिरनी प्रमुख रामु बैठा, रामविलास पासवान, मुंसी विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, सीताराम पासवान, रामसहाय यादव, रज्जाक अंसारी, सगीर अंसारी, विजय दास, भरत रजक, संतोष दास, देवा दास, गोपाल पंडित , रियाज अंसारी, तजमुल अंसारी, विजय राय, फूलदेव पासवान, अशोक बैठा, हरिहर दास समेत सैकड़ों माले कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## दो अलग-अलग लूट मामले में अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बगोदर थाना अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर अपराधियों ने अंजाम दिया था। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकार से मुखातिब होते हुए बताएं। एसपी शर्मा ने बताया कि बगोदर थाना क्षेत्र के औरा अरगडीहा के गैल ऑफिस के पास एक सीएसपी संचालक से दो लाख चालीस हजार की लूट हुई थी। डीएसपी बगोदर सरिया के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन हुआ था। एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त कुल चार अपराधियों कांड के अगले दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जो संलिप्त नूर मोहम्मद पिता गुलाबी अंसारी साकिन बको थाना बगोदर गिरिडीह से गिरफ्तार किया और लूट के समय जो मोटरसाइकिल को प्रयोग किया था उस मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त किया जिसकी संख्या जेएच 09यू 5951है।

# ग्रामीणों ने रोका पुलिया निर्माण कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**तिसरी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग गिरिडीह द्वारा तिसरी प्रखंड के गुमगी मुख्य सड़क से ककनी होते हुए लोकाय-नयनपुर तक संवेदक द्वारा कराए जा रहे निर्माण व संधारण कार्य को स्थानीय ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाकर पुलिया का काम रोक दिया है। अभी दो जगह पर पुलिया बना है। जिसमें एक जगह ही पुलिया में कम्प्लेन है, सिर्फ उसे ही रोका गया है। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत निमार्णाधीन पुलिया के फाउंडेशन में संवेदक द्वारा अनियमितता बरतते हुए एस्टीमेट से कम गहराई में ढलाई कर फाउंडेशन तैयार कर पुलिया निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर दक्षिणी भाग के जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस पुलिया निर्माण कार्य को तत्काल रोक दिया। जिसकी सूचना पर आरइईओ के जूनियर इंजीनियर धीरज कुमार निर्माण स्थल पर पहुंचे। जहां उनकी उपस्थिति में पुलिया निर्माण के फाउंडेशन की ढलाई को खोदकर देखा गया, जहाँ फाउंडेशन के ढलाई की मोटाई लगभग 4 इंच ही की गई थी। जिसके बाद जिप सदस्य और ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के तहत जेई के समक्ष ककनी में हो रहे पीसीसी निर्माण का भी जायजा लिया।

## धनबाद रेलवे ऑफिसर्स क्लब में पीएम विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला

**धनबाद।** रेलवे ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरूआत की। इसकी कुल लागत 1300 करोड़ रुपये है। इसके अंतर्गत 18 प्रकार की योजनाएं हैं, जिसमें बेरोजगार युवक युवतियां ट्रेनिंग लेकर स्वतः रोजगार कर सकेंगे। इस मौके पर जिले के एमएसएमई अधिकारी शशि शंकर शुक्ला संकेत, बैंक कर्मी और जिले के कई उद्यमी मौजूद थे।

## पंजी 2 का प्रतिलिपि नहीं, ग्रामीण बैठे अनिश्चितकालीन धरना पर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**तिसरी।** सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पंजी 2 के प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए अंचल का चक्कर लगा रहे दर्जनों ग्रामीण शुक्रवार से तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किसान जनता पार्टी के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। बताया जाता है कि उक्त लोगों द्वारा सुचना अधिकारी अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत पंजी 2 का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। जिसके लिए प्रखंड के बूटबरिया निवासी एलिजावेद मुर्मू, अंजनवा की खुशबु देवी, गोलगो की ललिया देवी, गड़कुरा के वसिया टुडू समेत अन्य लोगों ने जनवरी माह में ही नजीर रशीद भी कटवा लिया है बावजूद इसके उन्हें अभी तक पंजी 2 का प्रतिलिपि नहीं दिया गया है। जिसको लेकर किसान जनता पार्टी के बैनर तले प्रखंड के विभिन्न पंचायत के दर्जनों लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं.


**कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना, आमंत्रण सूचना संख्या **PR No- 319901 District (23-24)_D** द्वारा निकाली गई, खूँटी जिला के विभिन्न प्रखण्डों में नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के दुकानों के किराये पर आवंटित किये जाने हेतु प्रखण्ड रनियां, कर्रा एवं तोरपा समक्षा जाय।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR.NO.320188 District(23-24):D


# कई सक्रिय जेएमएम कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा गिरिडीह विधानसभा के पीरटांड़ से झामुमो को छोड़ कर आये हुए कार्यकर्ताओ का सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश मुर्मू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नुनूलाल मराण्डी, पूर्व प्रमुख पीरटांड़ सिकंदर हेम्ब्रम के नेतृत्व में जे एम एम के संस्थापक सदस्यों में से एक स्वर्गीय तारा बाबू मरांडी के पुत्र बब्लू मरांडी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पूरे जोश खरोस से भाजपा का संकल्प पत्र पढ़ कर सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते हुए उन्होंने बबलू मरांडी ने कहा कि मैं अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धांतो और प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के सबका साथ सबका विकास पर विश्वास प्रकट करते हुए आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहा हूँ। स्वर्गीय तारा बाबू मरांडी जे एम एम सुप्रीमो शिवू सौरेन के साथ कदम से कदम मिला कर चलने वाले सहयोगी थे,जब वे महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे और पुलिस उन्हें शूट आउट करने के लिए लगातार सघन छापेमारी कर रही थी तब पीरटांड़ में यही तारा बाबू ने ने उन्हें प्रश्रय दिया और पुलिस से उनकी जान बचाई थी, करीब बारह वर्षों तक पीरटांड़ और टुंडी के सघन जंगलों में दोनों व्यक्ति पुलिस से छुप छुप के रहे। तब स्वर्गीय तारा बाबू ने ही उन्हें एक जनसभा में दिशोम गुरु से लोगो के नवाजा था,तबसे शिबू सौरेन दिशोम गुरु कहलाने लगे। आज उसी तारा बाबू मरांडी के सुपुत्र बबलू मरांडी ने यह कहते हुए की महाजनों से लड़ाई लड़ कर यहाँ तक पहुचने वाली पार्टी के सुप्रीमो आज के तारिख में सबसे बड़ा महाजन बना बैठा है। इस सदस्यता समारोह को सम्बोधित करते हुए गिरिडीह के निवर्तमान विधायक ने कहा कि उस समय के गरीबो की आवाज बनकर उठने वाली पार्टी आज एक परिवार की पार्टी बन कर रह गयी है, झारखंड आंदोलन में साथ रहने वाले इनके सारे साथी एक एक कर हासिये पर चले गए और पूरी पार्टी पर इस सौरेन परिवार का कब्जा हो गया है। जल जंगल और जमीन की बात करने वाली यह पार्टी आज झारखंड के खनिज संपदा के साथ साथ जंगल और जमीन भी बेचने का काम कर रही है। उसी का परिणाम है कि पहले बाप और आज उसके बेटे हेमन्त सौरेन होटवार जेल में है, वह दिन दूर नही है जब झारखंड के इन गरीब आदिवासियों के आंखों से पर्दा उठेगा और झामुमो से उनका मोहभंग होगा। भाजपा की सरकार ने जो विकास इस पीरटांड़ की धरती पर किया है, यह आज पूरा झारखंड देख रहा है। सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नुनूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों के विकाश के लिए कृतसंकल्प है, आदिवासियों के भगवान कहलाने वाले भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती को उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप मनाने की घोषणा केंद्र की मोदी सरकार ने किया।देश की प्रथम नागरिक कहलाने वाला इस देश के राष्ट्रपति श्री मति द्रौपदी मुर्मू को हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाने का काम किया। आज जो आदिवासियों जनजाति को जो सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया है,वह स्वागतयोग्य है। हम धन्यवाद देते हैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले ये होनहार युवा बबलू मरांडी के नेतृत्व में सुरेश सौरेन, सूरज लाल मरांडी, अनिल मुर्मू, सचिन मरांडी, सूरज मुर्मू, सुशील मरांडी, निर्मल सिंह, अशोक तुरी, अनिल सिंह, अभिषेक सिंह, कैलाशपति ओझा, चरखु भोक्ता, सूरज सिंह , गणेश तुरी, सुनील मरांडी , उमेश तुरी जी को जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धान्त को अपनाया है और आगामी लोकसभा चुनाव में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार 400 के पार संख्या के साथ प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा**
**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

अति अल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/SIM/07/2023-24(4th^rd Call) Pr.No318249 (Rural Development)23-24(D)**

अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/SIM/07/2023-24 (4th^rd Call) Pr.No318249 (Rural Development)23-24(D)** द्वारा आमंत्रित निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए ई०पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के ताराबोगा पंचायत अन्तर्गत जिलिंगा रोड से ताराबोगा डीपाटोली के बीच का नाला में 2 स्पैन का पुलिया निर्माण। | 13.53900 | 27500.00 | 2500.00 | चार माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.02.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 26.02.2024 से दिनांक 03.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.03.2024 अपराह्न 4:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा

PR 320110 (Rural Development)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल ,सिमडेगा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 12/2023–24
(प्रथम आमंत्रण) दिनांक 23.02.2024
(जिला खनिज न्यास संस्थान **(DMFT)**, सिमडेगा मद अन्तर्गत)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.03.2024 के अपराहन 2.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.03.2024 के अपराहन 4.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 02.03.2024 के 11.00 बजे पूर्वाहन।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र० | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | कुल प्रा० राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण वि० का मूल्य (रू० में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of tube well of 125 mm x 115 mm dia x 75 mtr deep (av) drilled tube well complete with installation of india mark-ii hand pump with 32 mm dia medium class g. I. Riser pipe by dth rig machine, with 125 mm blue upvc casing pipe, including platform & drain etc. **at different Polling Booths in Simdega District**, under D.W.& S. Division, Simdega. during 2023-24. | I | 10 | 9,21,790.00 | 18,500.00 | 1250.00 | 20 दिन |
| 2 | Revival of IM II hand pumps defunct due to their rotten riser pipes by changing all riser pipes, all connecting rods and cylinder assembly etc in **different Polling Booths** of Simdega district under D. W. & S. Division, Simdega during 2023-24. | II | 9 | 1,49,274.00 | 3,000.00 | 500.00 | 20 दिन |
| 3 | Construction of water supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set in existing well due to no approach road at Haldibera school **Polling Booth** in Pakartanr Block under D.W&S division, Simdega, during 2023-24. | III | No. of Scheme 01 | 3,11,766.00 | 6,300.00 | 750.00 | 20 दिन |
| 4 | Repair of Rising & distribution Network with installation of water storage tank capacity 1000 liter capacity of 2nos at St. Bernard middle school **Polling Booth** no 153 in Bansjor Block under D.W&S Division Simdega for the year 2023-24. | IV | No. of Scheme 01 | 82,523.00 | 1700.00 | 500.00 | 20 दिन |

नोट :– 1. संवेदक का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत निबंधन एवं UCAN तथा GST में Registration अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य राष्ट्रीयकृत बैंक (जिसका शाखा सिमडेगा जिला में हो) से निर्गत ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे।ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगां

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,सिमडेगा

PR 320202 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

**समय किसी के लिए नहीं रुकता है, इसलिए आप अपने समय को किसी भी चीज के इंतजार में व्यर्थ मत गंवाइये : अज्ञात**



# रायसीना डायलॉग की ग्लोबल कनेक्टिविटी

***रायसीना*** डायलॉग विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। वहीं, विदेश मंत्रालय का मुख्यालय रायसीना पहाड़ी (नई दिल्ली) पर स्थित है, जिसे साउथ ब्लॉक भी कहा जाता है। इसलिए इस सम्मेलन का नाम रायसीना डायलॉग रखा गया है। साल 2016 में इस सम्मेलन की शुरूआत हुई थी। पहली बार 'एशिया रीजनल एंड ग्लोबल कनेक्टिविटी' थीम पर सम्मेलन का आयोजन हुआ था। 2016 के बाद हर साल इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के देशों के बीच समन्वय बनाए रखना है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। पिछले आठ सालों से इस सम्मेलन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। रायसीना डायलॉग सम्मेलन के नौवें संस्करण की शुरूआत 21 फरवरी 23 फरवरी तक चला । रायसीना डायलॉग एक वार्षिक सम्मेलन है जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाता है। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है जिसका उद्देश्य वैश्विक समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को हल करना है। रायसीना डायलॉग की शुरूआत साल 2016 में की गई थी। हर साल, राजनीति, व्यापार, मीडिया और नागरिक समाज के नेता नई दिल्ली में जुटते हैं। इस दौरान ये दुनिया की स्थिति पर चर्चा करते हैं और समसामयिक मामलों पर सहयोग के अवसर तलाशते हैं। संवाद में राष्ट्र प्रमुख, कैबिनेट मंत्री और स्थानीय सरकार से जुड़े अधिकारी शामिल होते हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र, मीडिया और शिक्षा जगत के विचारक भी कार्यक्रम से जुड़ते हैं।सम्मेलन की मेजबानी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन करता है। इसमें कई संस्थानों, संगठनों और व्यक्तियों का समर्थन भी हासिल होता है।रायसीना डायलॉग का नौवां संस्करण 21-23 फरवरी, 2024 तक आयोजित किया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 फरवरी को संवाद का उद्घाटन किया। वहीं, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। तीन दिनों के सम्मेलन के दौरान दुनियाभर के नेता बातचीत के जरिए एक-दूसरे से जुड़े। इस सम्मेलन के लिए छह विषय तय किए थे इनमें टेक फ्रंटियर्स विनियम और वास्तविकताएं, ग्रह के साथ शांतिः निवेश और नवाचार, युद्ध और शांतिः शस्त्रागार और विषमताएं, उपनिवेशवाद से मुक्तिः संस्थान और समावेशन, 2030 के बाद का एजेंडाः लोग और प्रगति और लोकतंत्र की रक्षाः समाज और संप्रभुता। 115 देशों के 2500 से अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से संवाद में शामिल हुए । विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन को दुनियाभर में लाखों लोगों ने विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर इसे देखा । रायसीना डायलॉग 2024 की कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छा नावाचार है। यह भारत की कूटनीतिक को बढ़ाता है। साथ ही भारत की छवि उन देशों में बढ़ती है जो इसमें भाग लेते हैं। साथ ही शशि थरूर ने कहा कि रायसीना डायलॉग भारत को एक ऐसी जगह बनाता है, जहां कई देश शिरकत करते हैं। लगभग 118 देश यहां यह देखने आएं हैं कि आखिर भारत में क्या चल रहा है। शशि थरूर ने कहा कि रायसीना डायलॉग दस साल पहले शुरू किया गया था, जो एक बेहतरीन नवाचारों में से एक है। इसके जरिए भाग लेने वाले देशों के बीच आम मुद्दों पर चर्चा होती है। इसके साथ ही बातचीत के जरिए संबंध प्रगाढ़ होते हैं। रायसीना डायलॉग को एक अच्छी पहल बताते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह एक अच्छी निजी-सार्वजनिक साझेदारी है और इसमें भाग लेने वाले सभी देशों के साथ भारत की कूटनीति की अच्छी छवि बनती है। प्रधानमंत्री मोदी तो मेजबान थे विश्व के बड़े नेताओं के सामने भारत की छवि अवश्य सुधरी जिससे कहा जा सकता है की ऐसे आयोजन भारत के जनसंपर्क के लिए होने चाहिए और विश्व नेताओं के बीच दूरी भी ऐसे में कम होगी जो आज की मांग है।

इन दिनों

# खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण-मोदी की गारंटी



पीयूष गोयल

***ऐसे*** समय में जब युद्ध, मौसम और अस्थिरता के चलते पैदा हुई बाजार की नाजुक स्थिति की वजह से वैश्विक खाद्य आपूर्ति दबाव में है, उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की दृष्टि से भारत में स्थितियां अपेक्षाकृत बेहतर है। गुरुवार को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गन्ना किसानों को पहले से ही विश्व में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्व में सबसे सस्ती चीनी उपलब्ध हो। इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरूआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है। इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा बाकी आबादी के लिए भी खाद्य उत्पादों की बहुत ही उचित कीमत तय की गई है। भारत राइस, आटा, दाल- मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में असाधारण वृद्धि से निपटने के लिए हमेशा तेजी से काम किया है। पिछले वर्ष, सरकार ने 60 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी दर पर 'भारत दाल' और 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर 'भारत आटा' लॉन्च किया था। इसी प्रकार केंद्रीय एजेंसियां सस्ता प्याज बेचती हैं। इन्होंने उस समय भी टमाटर की आपूर्ति की, जब इसकी कीमतें आसमान छू रही थी, केंद्र सरकार ने कीमतों में इस अंतर का भारी बोझ उठाया। 'भारत' खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ी है और ये पदार्थ 18,000 से अधिक दुकानों पर उपलब्ध हैं। अभूतपूर्व, तेजी- इससे पहले कभी भी केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में खाद्यान्न या दालें नहीं बेचीं। इनके मूल्यों पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमेशा निर्णायक कदम उठाते रहे हैं। पिछले वर्ष, जैसे ही बेमौसम की बारिश ने टमाटरों की आपूर्ति में बाधा डाली तो सरकार तुरंत हरकत में आई जिससे टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली दाल, चावल और आटे की आपूर्ति किफायती दरों पर की जाय। ये उपाय समाज के हर वर्ग की मदद के लिए बिना किसी भेदभाव के लागू किये गये हैं। इस सरकार की एक अन्य अभूतपूर्व कार्रवाई त्वरित बाजार उपायों के लिए कृषि-बागवानी वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने के लिए एक समर्पित मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाया गया। सरकार ने 27,489 करोड़ रुपये की संचयी बजटीय सहायता से प्रमुख दालों और प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है। सरकार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जमाखोरी या बाजार में हेराफेरी करने की कोई भी कोशिश भारी पड़ेगी। हालांकि, कुछ महीनों में ही गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है, परंतु सरकार कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती है। सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है। रोजाना 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यों पर नजर रखी जा रही है। 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 मूल्य-निगरानी केंद्रों से प्राप्त इनपुट के साथ, मूल्यों रुझानों का विश्लेषण किया जाता है ताकि मूल्यों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक जारी करने और जमाखोरी को रोकने के लिए स्टॉक सीमा लगाने के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके। सस्ती चीनी, खुशहाल किसान- नये गन्ना-पेराई सीजन की शुरूआत के बाद चीनी के एक्स-मिल मूल्यों में 3.5 से 4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों की आमदनी अच्छी हो और उन्हें समय पर भुगतान हो। इथेनॉल-सम्मिश्रण कार्यक्रम ने उद्योग की व्यवहार्यता को बढ़ावा दिया है जिससे मिल मालिकों को 2022-23 में लगभग 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया राशि का भुगतान करने में मदद मिली है। यह अब तक का सबसे कम लंबित बकाया है, जो किसान कल्याण पर पीएम मोदी के फोकस को दर्शाता है। आयात शुल्कों में बदलाव सहित उठाये गये सक्रिय कदमों के बाद खाना पकाने के तेल की कीमतें दो साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। पिछले साल सरसों के तेल के खुदरा मूल्य 18.3 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 17.1 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल 23.8 प्रतिशत और आरबीडी पामोलीन 12 प्रतिशत कम हुए हैं। सरकार गेहूं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठा रही है। खुदरा और थोक बाजारों में गेहूं व आटे के अखिल भारतीय औसत मूल्य गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं। भारतीय पहले - सरकार ने पर्याप्त घरेलू आपूर्ति और कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिलें। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए खुली बाजार बिक्री योजना के तहत चावल और गेहूं की बिक्री बढ़ाई है। 'भारत राइस' लॉन्च किये जाने के बाद किये गये अन्य उपायों की श्रृंखला के अनुकरण से चावल की कीमतों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में मुफ्त खाद्यान्न- मुफ्त खाद्यान्न योजना ने देश के लोगों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विनाशकारी महामारी का सामना करने में मदद की थी। महामारी का समय बीत गया है, लेकिन प्रधानमंत्री के दयालु नेतृत्व के परिणामस्वरूप उदार कल्याण योजना जारी है। सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीएमजीकेएवाई के तहत अगले पांच वर्षों में 11.80 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि का वादा किया है। यह योजना राजकोषीय अनुशासन से समझौता किये बिना उदार कल्याणकारी योजनाएं चलाने के प्रधानमंत्री के बेमिसाल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाती है। इसी प्रकार, यह सरकार आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बाजार में नैतिकता और अनुशासन सुनिश्चित करती है। मूल्यों के लिए सबसे अच्छा दशक-इस प्रकार महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे संकट के बावजूद, पिछला दशक मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत के लिए सबसे अच्छा रहा है, हालांकि, इन संकटों ने इसे बहुत चुनौतीपूर्ण बना दिया था। यह उपलब्धि इस तथ्य के बावजूद हासिल की गई है कि हमें यूपीए से 'फ्रैजाइल-5' अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गरीबों के लिए कम सम्मान और दो अंकों की मुद्रास्फीति से बुरी तरह प्रभावित थी। खाद्य सुरक्षा और मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उस समय किया जब देश सबसे चुनौतीपूर्ण माहौल का सामना कर रहा था। यह 140 करोड़ भारतीयों के इस विश्वास को मजबूत करता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

**(केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री, भारत सरकार)**

**गन्ना किसानों को पहले से ही विश्व में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्व में सबसे सस्ती चीनी उपलब्ध हो। इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरूआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर 'भारत राइस' का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है।**

## आपकी बात

### ...अब गोविंद न आयेंगे।



देवेश कु. घोष

***पश्चिम*** बंगाल की लज्जाशील गरीब महिलाओं ने अपना चेहरा ढक कर कैमेरे के सामने जो बयान दिया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकारी व्यवस्था में दोष है। ऐसे संदर्भ में पुष्य मित्र उपाध्याय जी की पंक्तियाँ सटीक बैठ रही हैं ।

**सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे** : छोड़ो मेंहदी खड़ग संभालो, खुद ही अपनी चीर बचा लो, द्युत बिछाये बैठे शकुनि, मस्तक सब बिक जायेंगे, सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे, कब तक आस लगाओगी तुम, बिके हुए अखबारों से, कैसी रक्षा मांग रही हो, दुसासन के दरबारों से। सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे, स्वयं जो लज्जाहीन पड़े हैं, वे क्या लाज बचायेंगे, कल तक केवल अंधा था राजा, अब गूंगा बहरा भी है, होंठ सी दिये हैं जनता के, कानों पर पहरा भी है। तुम ही कहो ये अश्रु तुम्हारे, किसको क्या समझायेंगे? सुनो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब गोविंद न आयेंगे।

### अनुकरणीय आलेख

'सवाल मातृभाषा का' शीर्षक आलेख से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। भाषा की अस्मिता पर लड़ते हुए शहीद हुए पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) के छात्रों को नमन। ढाका विश्वविद्यालय के भाषाई आंदोलन को यूनेस्को ने स्वीकृति प्रदान कर इस तिथि को विश्व मातृभाषा दिवस घोषित किया। संवेदनशील विश्व संगठन को साधुवाद! छोटानागपुर की आठ जनजातीय भाषाओं में ज्यादातर भाषाओं को उचित स्थान और सम्मान नहीं मिलना चिंतनीय है। आदिवासी संस्कृति के पक्षधर और विद्वानों का इसकी सुधि ले कर विरासत के प्रति कर्तव्य का निर्वहन करना प्रशंसनीय होगा। हिन्दी, अङ्ग्रेजी भाषा का प्रयोग दैनिक जीवन में संप्रेषण और व्यवसाय के लिए आवश्यक है परंतु निजी क्षणों में निजी लोगों के साथ गैर अङ्ग्रेजी या गैर हिन्दी भाषा का व्यवहार भाषाई संस्कृति को अवनति से बचा सकता है। आर के सिन्हा जी के आलेख 'पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस' को गंभीरता से पढ़ना आरंभ किया परंतु समझ नहीं पाया कि लेखक भारत को किस बात के लिए सावधान करना चाहते हैं। इशारों ही इशारों में यदि कुछ कहना चाहा है तो कई अर्थ सामने आ रहे हैं। आलेख का निष्कर्ष नहीं मिल पाया ।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

समाज सुधार

# सामाजिक सद्भाव के अग्रदूत हैं संत रविदास



डॉ. रमेश ठाकुर

***संत***-संस्कृति और सनातन के लिए संत रविदास जयंती खास है, क्योंकि इस दिन ही संयुक्त रूप से दो पर्व एक साथ मनाये जा रहे हैं। पहली माघ पूर्णिमा और दूसरी रविदास जयंती। दोनों पर्व एक-दूसरे पूरक माने जाते हैं। समाज सुधारक संत रविदास के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लोग लेते हैं। माघ पूर्णिमा को ध्यान, स्नान, दान के लिए खास मानते हैं। आज के ही दिन अखंड भारत के महान संत रविदास का अवतरण भी हुआ था। वह स्वामी रामानंद के शिष्य और कबीरदास के गुरु भाई हैं। संत शिरोमणि रविदास भक्तिकाल के अग्रिम पंक्ति के कवि हैं। उन्हें महानतम मानुष की उपाधि भी प्राप्त थी। उनके परिवर्तनकारी उपदेशों ने समाज का भरपूर मार्गदर्शन किया। संत रविदास ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। वह बिना भेदभाव किये आपसी सद्भाव पर जोर देते रहे। संत रविदास का एक प्रचलित दोहा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी प्रसिद्ध है, जिसका भावार्थ होता है शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किये काम का अच्छा पुण्य-परिणाम मिलना। संत रविदास का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। वह जूते बनाने में बहुत माहिर थे। उन्होंने कभी जाति-धर्म में अंतर नहीं किया। जो भी संत या फकीर उनके द्वार पर आते थे, वह बिना पैसे लिए उन्हें अपने हाथों से निर्मित जूते भेंट करना नहीं भूलते थे। वह प्रत्येक काम पूरे मन और लगन से किया करते थे। फिर चाहे वह जूते बनाना हो या ईश्वर की साधना करना। संत रविदास का जैसे-जैसे बड़े हुए, उन्होंने अपना अधिकांश समय भगवान राम और भगवान कृष्ण की पूजा में शुरू कर दिया। धार्मिक परंपराओं में उनकी लगन देखकर लोग उन्हें भगवान की भांति पूजना भी शुरू कर दिया था। वह लोगों की बीमारी चुटकियों में दूर कर देते थे। महापुरुषों के संदेश और उपदेश घोर कलयुग में भी हम सभी के लिए संजीवनी जैसे हैं। संत रविवाद जैसे उपदेशकों की कमी समाज को खलती हैं। इस रिक्तता की वजह से ही सामाजिक सौहार्द का ताना-बाना चरमराया हुआ है।

**समाज सुधारक संत रविदास के दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लोग लेते हैं। माघ पूर्णिमा को ध्यान, स्नान, दान के लिए खास मानते हैं। आज के ही दिन अखंड भारत के महान संत रविदास का अवतरण भी हुआ था।**

## फेसबुक वॉल से

झावेन्द्र कुमार ध्रुव
3d ·

पहले चिट्ठियां भेज सुनते थे फरमाइश के गाने, अब लोग लाइव कार्यक्रम के हैं दीवाने... See more




Rama + 20 · 11 comments 1 share

## X - से

Akhilesh Singh
@akhileshsi1

यूपी वाले ऐसे व्यक्ति को कैसे सीएम चुने जो गाय और सांड का फर्क ना कर पाए।

Akhilesh Yadav @yadavakhilesh · 1d
जहाँ भी जाओगे, सांड पाओगे : उप्र पशु पर्यटन




12:39 AM · 23/02/24 From Earth · 1.2K Views

8 Reposts 1 Quote 43 Likes

Dhananjay Kr. Putush @D... · 9h
पहले तो लगा कि ये अखिलेश यादव यादव का कोई फैन का अकॉउंट है, पर ध्यान से देखे तो ये ओरिजनल अकॉउंट था।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# कोरोना त्रासदी और स्वास्थ्य सजगता



डॉ राजेन्द्र प्र. शर्मा

***अमेरिकन*** एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पहले से अधिक बढ़ी है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझता रहता है। पिछले साल के अंत में कराये गये इस सर्वे में साफ हुआ है कि अब लोग युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टिप्स पर जोर देने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कोरोना के बाद देश-दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा है। जबकि एक समय था जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर पर ही खरीद कर रखने को तरजीह देने लगे हैं। अब लोग कर्ज लेकर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करने को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। कोरोना के अनुभव के साथ आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी दौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरीपेशा जिंदगी है। पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के ऑनलाईन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। इससे पहले स्वास्थ्य के प्रति चिंता तो रहती थी पर इतनी गंभीरता कभी नहीं देखी गई। सामान्य बीमारी को भी लोग अब गंभीरता से लेने लगे हैं। इसे स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ ही अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। स्वास्थ्य पैकेज को लेकर नित नई बीमा कंपनियां भी सामने आ रही है।

**एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य व एक्सरसाइज को लेकर लोग गंभीर होने लगे हैं।**



## बोधि वृक्ष

# भगवान परशुराम के परशु की होती है पूजा

***आज*** भी इस जनजाति के लोग आसपास के गांवों में रहने से घबराते हैं। भगवान परशुराम के टांगीनाथ धाम आने और वहां अपना फरसा जमीन में गाड़ने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। मान्यता है कि त्रेतायुग में जनकपुर में माता सीता के स्वयंवर के दौरान, जब भगवान राम ने शिवजी का धनुष तोड़ा, तो उसकी भयंकर ध्वनि सुनकर परशुराम जी गुस्से में जनकपुर पहुंच गये और उन्होंने भगवान राम और लक्ष्मण को पहचाने बिना ही उन्हें खूब बुरा-भला कहा, लेकिन बाद में जब उन्हें ये अहसास हुआ कि राम जी भगवान विष्णु के अवतार हैं, तो वो बहुत लज्जित हुए और अपने किये का प्रायश्चित करने के लिए घने जंगलों के बीच एक पहाड़ पर चले गये। वहीं पर उन्होंने अपना फरसा गाड़ दिया और तपस्या करने लगे। उसी जगह को आज टांगीनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि फरसे के अलावा भगवान परशुराम के पदचिह्न भी वहां मौजूद हैं। टांगीनाथ धाम में सैकड़ों शिवलिंग और प्राचीन प्रतिमाएं भी हैं और वो भी खुले आसमान के नीचे। बताया जाता है कि साल 1989 में पुरातत्व विभाग ने यहां खुदाई करवाई थी, जिसमें हीरा जड़ित मुकुट और सोने-चांदी के आभूषण समेत कई कीमती वस्तुएं मिली थीं। हालांकि, बाद में अचानक ही खुदाई बंद कर दी गई। अब इसके पीछे क्या वजह थी, यह आज भी एक रहस्य ही है। वहीं खुदाई में मिली चीजें आज भी डुमरी थाना के मालखाने में रखी हुई हैं।




**(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

# फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स

इसके साथ ही, लोग अपने फोटोग्राफी स्किल्स को निखारने के लिए विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे एप्स के बारे में बतायेंगे जो फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए बेहद उपयोगी हैं और हाई क्वालिटी फोटोज के साथ साथ प्रोफेशनल टच भी प्रदान करते हैं। **Adobe Lightroom :** यह एक प्रमुख फोटो एडिटिंग एप्लिकेशन है जिसे फोटोग्राफरों के बीच पसंद किया जाता है। इसमें उपयोगकर्ता को अनेक संपादन और फिल्टरिंग विकल्प प्रदान किये जाते हैं जो एक फोटो को प्रोफेशनल लुक देते हैं। **VSCO:** यह एक अन्य लोकप्रिय फोटोग्राफी एप्लिकेशन है जिसमें अनेक फिल्टर्स, एडिटिंग विकल्प और कस्टमाइजेशन फीचर्स उपलब्ध हैं। यह उपयोगकताओं को अपने फोटोग्राफी स्किल को स्टाइलिश तरीके से संजोने का अवसर प्रदान करता है। Sfapseed: यह एक अन्य मुफ्त फोटोग्राफी एप्लिकेशन है जिसमें प्रोफेशनल ग्रेड के फिल्टर्स और एडिटिंग टूल्स उपलब्ध हैं। इसमें उपयोगकर्ता को क्रिएटिव कंट्रोल के साथ फोटोग्राफी करने का मौका मिलता है। **ProCam X :** यह एक प्रोफेशनल कैमरा एप्लिकेशन है जिसमें उपयोगकर्ता को DSLR जैसे फोटोग्राफी के लिए अनेक नियंत्रण प्रदान किये जाते हैं। यह एक्स्पोजर, शटर स्पीड, व्हाइट बैलेंस आदि के निर्देशन के साथ उपयोगकर्ता को पूरी तरह से नियंत्रित करने की सुविधा देता है।



(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### ईडी को सूचनाएं लीक करने से रोकने की महुआ मोइत्रा की मांग खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी को गोपनीय और अपुष्ट सूचनाओं को लीक करने से रोकने की तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 22 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने 22 फरवरी को कहा था कि ईडी ने किसी भी सूचना को लीक नहीं किया है और समाचारों के स्रोत के बारे में उसे जानकारी नहीं है।

### बाहुबली नेता उदयभान सिंह की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के बाहुबली सपा नेता उदयभान सिंह को मिली अंतरिम जमानत की अवधि अगले आदेश तक बढ़ा दी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने उदयभान सिंह की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 5 अप्रैल को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान उप्र सरकार ने जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने उप्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया।

### नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या, दो को जान से मारने की धमकी

**सुकमा।** नक्सलियों के पामेड़ एरिया कमेटी ने शुक्रवार को प्रेस वक्तव्य जारी कर यह घोषणा किया कि पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों सोढ़ी उंगा और माड़वी नंदा की हत्या कर दी है। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों युवक अड़मा और देवे को भी जान से मारने की धमकी दी गई है।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड को मारी गोली, हालत नाजुक



**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बैंक लूटने आए अपराधियों ने बैंक के सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गार्ड की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक में शुक्रवार को दिनदहाड़े लूटपाट करने पहुंचे अपराधियों को सुरक्षा गार्ड ने बैंक में जाने से रोक दिया। विरोध करने पर अपराधियों ने गार्ड को गोली मार दी। गार्ड को पैर में गोली लगी है। हालांकि, गार्ड की सूझबूझ से बैंक लूटने से बच गया। गार्ड ने जान पर खेलकर लूट की योजना को विफल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि बैंक लूटने से बच गया है। बदमाशों ने गार्ड को गोली मारी है। गार्ड के पैर में गोली लगी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

## कांग्रेस को किसानों से कोई सरोकार नहीं | सिर्फ 'वोटों की फसल' पर है नजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली कांग्रेस जितना ही मुंह खोल रही है उसका दोहरा मापदंड उतना ही उजागर हो रहा है। कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के पास तो कांग्रेस के किसानों को लेकर किए गए करतूतों का जवाब नहीं है। जिसमें चुनाव से पहले किसानों के लिए किए गए लोकलुभावन वादे और फिर सरकार बनते ही किसानों को भूल जाना कांग्रेस की फितरत हो।

किसानों को अब कांग्रेस केंद्र में अपनी सरकार के गठन के बाद एमएसपी कानून देने का वादा कर रही है। ऐसे में साफ बता सकते हैं कि कांग्रेस की सोच केवल चुनाव जीतने की रही है उनका किसानों के उन्नति से कोई लेना-देना नहीं रहा है। इसके कई उदाहरण भी हैं।



नरेंद्र मोदी सरकार से एमएसपी को कानूनी जामा पहनाने की मांग कर रहे किसान सड़क पर उतरे तो विपक्षी दलों को भी मौका मिल गया कि वह सरकार को किसानों का शोषण करने वाला बताए। हालांकि सरकार की तरफ से एक-एक कर इसके बारे में बताया भी गया कि कैसे किसानों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। वहीं गन्ना किसानों के लिए सरकार की तरफ से बेहतरीन तोहफा दिया गया। गन्ने की एमएसपी में प्रति क्विंटल 25 रुपए की बढ़ोतरी की गई। जो अब तक की सबसे बड़ी कीमत है। दूसरी तरफ भाजपा शासित प्रदेशों की सरकारों को भी देखें तो गन्ने की कीमत जो कई सालों तक अटकी पड़ी रहती थी उसे लेकर योगी सरकार ने एक स्पष्ट नीति पर काम किया और जल्द से जल्द गन्ना किसानों को उनके गन्ने की कीमत मिले यह सुनिश्चित किया। वहीं हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर सरकार ने आज सदन में जो बजट पेश किया। इसमें हरियाणा सरकार ने किसानों के कृषि ऋण माफ करने की घोषणा की। इसके लिए सीएम खट्टर ने बजट में 1.89 लाख करोड़ रुपये की राशि को रखने की बात कही। इसके साथ ही हरियाणा सरकार ने किसानों के ऋण पर ब्याज और जुमार्ना दोनों को माफ किए जाने की भी बात कही।

ऐसे में किसान आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे और किसान हितैषी होने का दावा कर रहे कांग्रेस का किसानों को लेकर सोच और उनका चाल-चरित्र क्या रहा है यह जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे। किसान कांग्रेस के वादे से कैसा ठगा महसूस करते रहे हैं यह जानकर आपको भी ताज्जुब होगा। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लगातार किसानों के समर्थन में आकर वादा कर रहे हैं उनकी सरकार केंद्र में आई तो वह स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू करेगी। लेकिन, यूपीए सरकार के दौरान जब एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करने का प्रस्ताव सरकार के सामने आया था तो उनके द्वारा जो जवाब दिया गया था वह जानकर भी आपको हैरानी होगी। इस कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने से यूपीए सरकार के द्वारा मना कर दिया गया था।

स्वामीनाथन आयोग ने 2006 में सौंपी अपनी रिपोर्ट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को औसत लागत से 50 फीसदी ज्यादा रखने की सिफारिश की गई थी, जिससे छोटे किसानों को फसल का उचित मूल्य मिल सके। स्वामीनाथन आयोग की इस रिपोर्ट में एमएसपी फॉमूर्ले को तब की कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2007 में यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इससे बाजार खराब हो जाएगा और यह काउंटर प्रोडक्टिव होगा। वही कांग्रेस अब वादा कर रही है कि अगर वह सत्ता में वापस आई तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ देगी।

## दिल्ली में एक घर में लगी आग एक बच्चे समेत दो को बचाया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में शुक्रवार को एक घर में आग लगने के बाद एक आदमी और एक बच्चे को बचाया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने प्रारंभिक विवरण साझा करते हुए कहा कि मोहन गार्डन के एफ-ब्लॉक में एक घर में आग लगने के संबंध में सुबह 10:14 बजे एक कॉल मिली थी। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, कुल छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। आग एक घर में लगी है, जिसमें भूतल और तीन मंजिलें हैं। डीएफएस ने एक आदमी और एक बच्चे को सुरक्षित बचा लिया है। बचाव अभियान अभी जारी है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

## शेख शाहजहां के करीबी लोगों से जुड़े 6 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। कोलकाता**

संदेशखाली के फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख से जुड़े एक ठिकाने पर एक बार फिर ईडी ने छापेमारी की है। शुक्रवार को ईडी ने आयात-निर्यात कारोबार से जुड़े एक मामले के आधार पर शाहजहां के करीबी कारोबारियों के घरों की तलाशी शुरू की है। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी हावड़ा, कोलकाता, उत्तर 24 परगना समेत कुल छह जगहों पर तलाशी ले रहे हैं।

ईडी के एक अधिकारी के मुताबिक, उन्होंने आयात-निर्यात कारोबार में अनियमितताओं को लेकर एक नई ईसीआईआर या शिकायत दर्ज की है। उसी आधार पर जांच शुरू हुई। ईडी अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि प्रमोटिंग या आयात-निर्यात व्यवसाय में निवेश किया गया है या नहीं। यह भी जांच हो रही है कि मछली या अन्य सामान सीमा पार निर्यात किए गए थे या नहीं।

शुक्रवार सुबह करीब सात बजे ईडी के अधिकारियों ने हावड़ा के हलदरपाड़ा और कोलकाता के विजयगढ़ स्थित एक पते पर तलाशी शुरू की। इसके अलावा चार अन्य स्थानों पर भी तलाश जारी है। ईडी अधिकारियों के साथ केंद्रीय बलों के जवान भी हैं। हावड़ा के हलदरपाड़ा में पार्थप्रतिम सेनगुप्ता नाम के कारोबारी के घर की तलाशी ली जा रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक यह बुजुर्ग कारोबारी मछली कारोबार से जुड़ा है। विजयगढ़ में एक और कारोबारी अरूप सोम के घर की तलाशी ली जा रही है।

### पूर्व मंत्री दिवंगत हरिशंकर तिवारी के घर ईडी का छापा





**गोरखपुर।** पूर्व विधायक विनय शंकर के गोरखपुर स्थित आवास पर ईडी का छापा पड़ा है। शुक्रवार की सुबह पांच बजे से ही ईडी की कार्रवाई चल रही है। ईडी की यह कार्रवाई 750 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में विनय शंकर तिवारी समेत अन्य पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गोरखपुर के लच्छीपुर की प्रापर्टी पहले ही जब्त कर चुकी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवंगत हरिशंकर तिवारी के घर ईडी सुबह पांच बजे पहुंच गई। छापा में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए केंद्रीय सुरक्षा बल ने तिवारी अहाता को घेरे लिया। हरिशंकर तिवारी के बेटे बसपा से चिल्लूपार से पूर्व विधायक वर्तमान में सपा नेता विनय शंकर तिवारी, बड़े बेटे भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी संत कबीर नगर से सांसद रहे हैं।

#### 750 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला

पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के बेटे व चिल्लूपार विधानसभा के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर स्थित आवास पर शुक्रवार की सुबह ईडी ने छापा डाल दिया। 750 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में विनय शंकर तिवारी समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का पहले से केस है। पिछले दिनों उनकी सम्पत्ति भी जब्त की गई थी। इसी मामले में यह छापे की कार्रवाई देखी जा रही है। छापे की सूचना पर के बाद तिवारी 'अहाते' पर शुभचिंतक की भीड़ लगी है। दरअसल, विनय शंकर व उनकी कम्पनी द्वारा लिए गए बैंक लोन के बारे में बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ की टीम तीन साल पहले आई थी। यहां की सम्पत्ति की जानकारी करके लौट गई थी। जालसाजी के मामले में 2020 में पहले सीबीआई की एंट्री हुई बाद में यानी 2021 प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह से 750 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था।

## बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव की घोषणा



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। बिहार विधान परिषद में निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में पूरा हो रहा है। चुनाव आयोग के तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, विधान परिषद की रिक्त होनेवाली सीटों पर 4 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया जायेगा। नामांकन की आखिरी तिथि 11 मार्च है। इसके अगले दिन यानी 12 मार्च को नामांकन की जांच होगी। इसके दो दिन बाद 14 मार्च को नामांकन वापिस लिए जाएंगे और 21 मार्च को चुनाव की तारीख तय की गई है। इसी दिन देर शाम तक चुनाव परिणाम भी घोषित किया जायेगा।

विधान परिषद की रिक्त होने वाली इन सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होनेवाला है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन, जदयू नेता एवं पूर्व मंत्री संजय कुमार झा, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हम नेता संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर एवं रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं। विधान परिषद में कुल 75 सीटें हैं। इसमें विधानसभा सदस्यों द्वारा 27 जनप्रतिनिधियों का चुनाव किया जाता है। विधान परिषद की एक-तिहाई सीटें हर दो साल के बाद रिक्त होती है, जिस पर मतदान कराया जाता है। इसी क्रम में विधान परिषद की 11 सीटों पर निर्वाचित

### बिहार विस के उपाध्यक्ष बने नरेन्द्र नारायण यादव, मुख्यमंत्री ने दी बधाई



जदयू विधायक नरेन्द्र नारायण यादव विधानसभा उपाध्यक्ष होंगे। विधानसभा के स्पीकर नंद किशोर यादव ने शुक्रवार को उनके सर्वसम्मति से निर्वाचित होने का ऐलान किया है। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें बधाई दी। साथ ही सदन में उपस्थित दोनों उप मुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री सुमित सिंह, विधान पार्षद संजय गांधी और विधानसभा के निदेशक राजीव कुमार ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा सत्र के आठवें दिन यानी शुक्रवार को सबसे पहले उपाध्यक्ष के रूप में इनका निर्वाचन किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। नरेन्द्र नारायण यादव निवर्तमान विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुए पद पर चयनित हुए हैं।

### संदीप पाठक ने जमकर भाजपा पर हमला बोला

## केजरीवाल को सीबीआई से गिरफ्तार कराना चाहता है केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को भाजपा पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई से गिरफ्तार कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हमें संदेश भेजा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन को छोड़ दो, नहीं तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उन्होंने पत्रकार वार्ता कर कहा कि जिस दिन अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएगी। वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि सीबीआई सीआरपीसी 41ए के तहत नोटिस भेजेगी और दो-तीन दिन में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भाजपा इसलिए घबराई हुई है, क्योंकि जिन राज्यों में आप-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेगी, वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेगी और



सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं, आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार को समझ आ गया है कि वह ईडी से अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार नहीं करा पाएगी। इसलिए अब सीबीआई को लेकर आई है। आतिशी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि पिछले 2-3 महीने से एक-एक कर अरविंद केजरीवाल को सात बार ईडी का नोटिस आ चुका है। भाजपा को अब यह समझ में आ गया है कि वो ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार नहीं कर पाएगी। इसलिए भाजपा अब सीबीआई को सामने लेकर आई है और सीबीआई के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करने की कोशिश करने वाली है।

## सीएम नीतीश ने 1500 करोड़ की लागत से बनने वाले राज्य पुलिस भवनों का किया शिलान्यास

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस एवं कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 459.52 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 139 भवनों का उद्घाटन तथा 996.53 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले 192 भवनों का शिलान्यास किया। सीएम ने इस मौके पर सड़क दुर्घटना जांच एवं मुआवजा भुगतान हेतु परिवहन विभाग की ओर से पुलिस पदाधिकारियों को ईडीएआर (इलेक्ट्रॉनिक डीटेल्ड एक्सिडेंट रिपोर्ट) सॉफ्टवेयर युक्त 1220 स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री ने सांकेतिक रुप से 5 पुलिस पदाधिकारियों पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, हरिनारायण कुमार, राहुल कुमार एवं खुशबू खातून को स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस के लिए 419.06 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 114 भवनों का उद्घाटन किया गया। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस के लिए 932.57 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 173 भवनों का शिलान्यास किया गया। साथ ही भवन निर्माण विभाग द्वारा गृह विभाग (कारा एवं सुधार सेवाएं) के लिए 40.46 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 25 भवनों का उद्घाटन किया गया। भवन निर्माण विभाग द्वारा गृह विभाग (कारा एवं सुधार सेवाएं) के लिए 63.96 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 19 भवनों का भी शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास कराया गया है और जो भी बचे हुए कार्य हैं उसे तेजी से पूर्ण करें। सभी पुलिस थानों एवं पुलिस भवनों के ऊपर सोलर प्लेट लगवाएं ताकि सौर ऊर्जा का वहां उपयोग हो सके। सभी पुलिस भवनों एवं थानों को मेंटेन रखें। पुलिस भवन एवं थाना में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस गश्ती निरंतर हो, इसे सुनिश्चित करें।

## दिल्ली के विकासपुरी फ्लाईओवर पर हुड़दंग मचा रहे पांच लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के विकासपुरी इलाके में फ्लाईओवर पर उपद्रव मचा रहे पांच युवकों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन युवकों पर फ्लाईओवर पर गलत तरीके से कार चलाने और रंगीन बम फोड़ने का आरोप है। अधिकारियों ने कहा कि ये पांचों करीब 20-25 कारों में सवार लोगों के एक समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने हाल ही में दिल्ली की सड़कों पर हुड़दंग मचाया था। आरोपियों की पहचान तिलक नगर निवासी सुबीर सिंह (42), नाम सिंह (41), गुरुमीत सिंह (29), हरमीत सिंह (32) और मनमीत सिंह (36) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पांचों वाहनों को भी जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया, "हमें सूचना मिली कि लगभग 20-25 कारों में कुछ युवक विकासपुरी फ्लाईओवर से पीरागढ़ी की ओर जा रहे है। वह रंगीन बम फोड़ते हुए जिग-जैग तरीके से गाड़ी चलाकर उपद्रव मचा रहे है। डीसीपी ने कहा,"



हमने तुरंत, भारतीय दंड संहिता आईपीसी) की धारा 279 (रैश ड्राइविंग) और 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को एक शिकायतकर्ता द्वारा दी गई वीडियो फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान करने को कहा गया। डीसीपी ने कहा, सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमने आरोपी युवकों की पहचान की। पुलिस टीम ने पांच वाहनों के साथ तिलक नगर से पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में अभी जांच जारी है।

### दारुल उलूम देवबंद के गजवा-ए-हिंद फतवा पर भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कहा-

## यह देश को बांटने की बड़ी साजिश

**एजेंसी। हरिद्वार**

इस्लामिक शिक्षण केंद्र दारुल उलूम देवबंद गजवा ए हिंद को महिमामंडित करने वाले अपने फतवे को लेकर चचाओं में है। संस्था ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से ये फतवा दिया है। इसे लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि यह देश को बांटने की बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि बार-बार संविधान की दुहाई देने वालों का इस फतवे के बाद चुप रहना उनकी सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। विपक्ष की चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल सनातन



विरोधी थे और हैं। अन्यथा देश में गजवा-ए-हिन्द की बात करने वालों के खिलाफ विपक्ष को आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मां भारती का जब तक एक सपूत भी बाकी है, देश में गजवा-ए-हिन्द की कल्पना भी बेमानी है। ऐसी मानसिकता के लोगों को सरकार को जेल की सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। इसके साथ ही संजय गुप्ता ने कर्नाटक में मंदिरों पर 10 प्रतिशत कर लगाने के विधेयक पर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू विरोधी होने का पुख्ता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस सरकारें मंदिरों के चढ़ावे पर भी टैक्स वसूलने पर आमादा हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंसा सदैव हिन्दुओं को नीचा दिखाने और उन्हें दोयम दर्जे का साबित करने की रही है। कांग्रेस देश को बांटने का काम कर रही है, जिसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

### भाजपा की फंडिंग के लिए कंपनियों को जांच एजेंसियों के जरिये धमकाया गया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को केन्द्र पर भाजपा को फंड दिलाने के लिए निजी कंपनियों को जांच एजेंसियों के जरिये धमकाने का आरोप लगाया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यहां पत्रकार वार्ता कर कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को कुल लगभग 335 करोड़ रुपये का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को उसी अवधि के दौरान केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। इस संबंध में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री सीतारमण को पत्र भी लिखा है। रमेश ने कहा कि केन्द्र सरकार को व्हाइट पेपर लाकर जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराए जाने की मांग की है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**वृष :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें।

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कुंभ :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

## चौथा टेस्ट : पहले दिन की समाप्ति पर मेहमान टीम ने 7 विकेट पर बनाए 302 रन

# जो रूट के शतक से संभला इंग्लैंड



**रांची (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जो रुट ( नाबाद 106 ) के धैर्यपूर्ण शतक और उनकी दो उपयोगी साझेदारियों की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 302 रन का सम्मानजनक स्कोर बना लिया। सीरीज में अब तक रनों के लिए जूझ रहे रुट ने बैजबॉल शैली को दरकिनार करते हुए अपना पुराना स्वाभाविक खेल दिखाया और 226 गेंदों पर नाबाद 106 रन की संयमित पारी में नौ चौके लगाए। रुट ने इंग्लैंड को पहले सत्र में लगे पांच झटकों से संभाला। इस प्रारूप में रुट ने अपना 31वां शतक और भारत के खिलाफ उनका दसवां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने बेन फॉक्स के साथ छठे विकेट के लिए 113 रन और ऑली रॉबिंसन के साथ आठवें विकेट के लिए 57 रन की अविजित साझेदारी की। फॉक्स ने 47 रन बनाये जबकि रॉबिन्सन स्टंप्स के समय 31 रन बनाकर क्रीज पर हैं। एक समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आज शायद दो सत्र भी नहीं खेल पाएगा। लेकिन रूट ने फोक्स, टॉम हार्टली और रॉबिंसन के साथ साझेदारी करते हुए इंग्लैंड को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। भारत की तरफ से नवोदित तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने पदार्पण मैच में 70 रन पर तीन विकेट, मोहम्मद सिराज ने 60 रन पर दो विकेट लिए जबकि आर अश्विन तथा रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। पहले सत्र में पांच विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गंवाया लेकिन अंतिम सत्र में दो विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में इंग्लैंड ने जैक क्रॉली (42 रन), बेन डकेट (11 रन), ओली पोप (0), जानी बेयरस्टो (38) और बेन स्टोक्स (3 रन) के विकेट गंवाए। आखिरी सत्र में धीमी शुरूआत के बाद फॉक्स ने रविचंद्रन अश्विन को मिड-विकेट पर सिक्स जड़ा और अपनी कलाइयो का इस्तेमाल करते हुए दो चौके भी लगाए। लेकिन मोहम्मद सिराज ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी को तोड़ दिया क्योंकि फोक्स शॉर्ट मिडविकेट पर कैच दे बैठे। टॉम हार्टले ने सिराज के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद बल्ले के बाहरी किनारे को छका कर ऑफस्टंप से जा टकराई। रूट ने यॉर्कर को फाइन लेग से आकाश की गेंद पर चौका लगाया और चौका लगाने के लिए शानदार कवर ड्राइव से अपना शानदार शतक पूरा किया।



### रूट ने कैलिस और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

**रांची।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज जो रूट का बल्ला भारत के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में नहीं चला था, लेकिन चौथे टेस्ट मैच की पहली पारी में यानी रांची में उन्होंने विषम परिस्थितियों में टीम के लिए शतक लगाया। यह रूट के टेस्ट करियर का 31वां शतक था साथ ही साथ इस पारी के दम पर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 19,000 रन भी पूरे कर लिए। वह अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 19 हजार रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी बने। इसके अलावा उन्होंने रन के इस आंकड़े को छूकर जैक कैलिस और राहुल द्रविड़ का यह रिकॉर्ड भी तोड़ा।

### मैं बस प्रोसेस पर काम कर रहा था : आकाशदीप

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में पदार्पण करने वाले भारत के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने शुक्रवार को पहले दिन के बाद कहा कि उनके लिए कुछ नया नहीं था और वह बस प्रोसेस पर काम कर रहे थे। आकाशदीप ने पहले सत्र में इंग्लैंड के शीर्ष तीन बल्लेबाजों को आउट कर मेहमान टीम को झकझोर दिया। हालांकि इंग्लैंड ने अनुभवी बल्लेबाज जो रुट (नाबाद 106) के शानदार शतक से दिन की समाप्ति तक अपना स्कोर सात विकेट पर 302 रन पहुंचा दिया। आकाश ने कहा,"मुझे पता नहीं कि मैंने पहले क्या किया, मैं हर मैच को यही सोच कर खेलता था कि यह मेरी ज़िंदगी का आखिरी मैच है।" जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिए जाने के बाद उनकी जगह मैदान पर उतरे आकाश ने कहा,"बुमराह भाई की सीख भी मेरे काम आई, मैं बस लाइन और लेंथ पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। मुझे इस बात का बुरा नहीं लग रहा था कि मेरा पहला विकेट था और गेंद नो बॉल हो गई बल्कि इसलिए क्योंकि इसके बाद वह बहुत अच्छा खेल रहे थे और मुझे इस बात का अफसोस हो रहा था कि कहीं मेरी गलती टीम को नुकसान ना पहुंचा दे।" उन्होंने रांची के विकेट के लिए कहा,"विकेट अच्छी है, यहां पर हमें अधिक कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने पदार्पण मैच में 70 रन पर तीन विकेट, मोहम्मद सिराज ने 60 रन पर दो विकेट लिए जबकि आर अश्विन तथा रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

## गुवाहाटी में ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट में रिकॉर्ड भागीदारी पर है बीएफआई की नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले तीन टैलेंट हंट प्रोग्राम की सफलता के बाद बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) आरईसी लिमिटेड के सहयोग से मार्च में होने वाले ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट के साथ अगला अध्याय शुरू करने के लिए तैयार है। ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट देश के विभिन्न क्षेत्रों में बीएफआई द्वारा आयोजित चार ओपन प्रारंभिक टूर्नामेंटों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये टूर्नामेंट पुरुष और महिला दोनों मुक्केबाजों के लिए युवा, जूनियर और सब-जूनियर श्रेणियों को पूरा करते हैं। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'असम और पूर्वोत्तर ने असंख्य मुक्केबाजी प्रतिभाओं की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुझे उम्मीद है कि गुवाहाटी में यह ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक असाधारण अवसर देगा और साथ ही उन्हें लोगों की नजरों में आने का सीधा मौका भी मिलेगा। 'मुझे उम्मीद है कि खेल और मुक्केबाजी प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे और हम इस क्षेत्र से और अधिक नई प्रतिभाओं को सामने लाने में सक्षम होंगे।' इस टूर्नामेंट में कोई भाग ले सकता है और अपना कौशल दिखाने के लिए अपना नामांकन करा सकता है। आरईसी ईस्टर्न ओपन टैलेंट हंट के लिए पंजीकरण वर्तमान में चल रहा है। जूनियर/सब-जूनियर श्रेणी के पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 फरवरी निर्धारित की गई है और एलीट/युवा श्रेणी के पंजीकरण की समय सीमा 4 मार्च, 2024 तक खुली है। यह आयोजन 2 मार्च को शुरू होगा, जिसमें जूनियर और सब-जूनियर इवेंट शामिल होंगे और 9 मार्च, 2024 तक जारी रहेंगे। एलीट और यूथ इवेंट 11-18 मार्च, 2024 तक होंगे।




## इंग्लैंड के खिलाफ अश्विन ने पूरे किए 100 टेस्ट विकेट, जय शाह ने की सराहना

**रांची (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनने की उपलब्धि हासिल करने के लिए अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की।




आर.अश्विन ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन 22वें ओवर में जॉनी बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 42 पारियां लगीं। अश्विन को उनके करियर की एक और उपलब्धि पर बधाई देते हुए शाह ने एक्स पर लिखा, 'एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्थापित करते हुए अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। 'उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उनकी स्थिति को महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में मजबूत किया है। उनकी असाधारण उपलब्धि उनकी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है। बधाई हो!' यह उपलब्धि अश्विन को गेंदबाजों के एक विशिष्ट समूह में रखती है, सक्रिय खिलाड़ियों में केवल ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने भी इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लिए हैं। शेन वॉर्न के नाम 72 पारियों में 195 विकेट के साथ समग्र रिकॉर्ड है। इससे पहले अश्विन ने 500 टेस्ट विकेट लेने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल होकर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया और यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बने। 37 वर्षीय स्पिन उस्ताद ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान जैक क्रॉली को विकेट नंबर 500 पर आउट किया।

### अभय गुडफेलो क्लासिक के सेमीफाइनल में
## रमित विंडी सिटी से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्क्वैश खिलाड़ी अभय सिंह कई महीनों में दूसरे पीएसए चैलेंजर टूर खिताब की कतार में हैं, 25 वर्षीय अभय सिंह टोरंटो में गुडफेलो क्लासिक स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के मैसियो लेवी को 33 मिनट में 13-11, 11-7, 11-3 से हराया और अंतिम चार चरण में उनका मुकाबला मिस्र के अब्देलरहमान अब्देलखलेक से होगा। दुनिया के 66वें नंबर के भारतीय ने पिछले महीने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए इवेंट जीता था, 2023 के यादगार मुकाबले के बाद जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में निर्णायक मैच खेला और हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष टीम का स्वर्ण जीतने के लिए भारत के लिए दो मैच प्वाइंट बचाए। इस बीच, शिकागो में, पीएसए वर्ल्ड टूर प्लैटिनम इवेंट विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारेक मोमेन से 34 मिनट में 5-11, 11-4, 11-4, 11-8 से हार गए।

## क्वालीफायर कलिंस्काया की गॉफ पर सनसनीखेज जीत

**दुबई (एजेंसी)।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 2-6, 6-4, 6-2 से हराया और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक के साथ आश्चर्यजनक रूप से दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में, नंबर 40 कलिंस्काया फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक से भिड़ेंगी। शनिवार के फाइनल में विजेता का सामना नंबर 22 सोराना क्रिस्टिया या नंबर 26 जैस्मीन पाओलिनी से होगा। गॉफ ने 46 मिनट के शुरूआती सेट में तीन बार कलिंस्काया की सर्विस तोड़ी और मैच पर अच्छी तरह से नियंत्रण बनाए रखा। सात दिनों में अपने छठे मैच में खेलते हुए, कलिंस्काया ने अपनी ऊपरी पीठ का इलाज कराने के लिए 5-2 पर मेडिकल टाइमआउट लिया और सेट ब्रेक के दौरान अतिरिक्त उपचार प्राप्त किया।

## फीफा महिला विश्व कप ऑस्ट्रेलिया के लिए आर्थिक वरदान : एफए रिपोर्ट

**कैनबरा (एजेंसी)।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने खुलासा किया है कि फीफा महिला विश्व कप 2023 का आर्थिक प्रभाव एक अरब डॉलर से अधिक होगा। एफए ने शुक्रवार को अपनी लिगेसी 23 रणनीति पर एक व्यापक रिपोर्ट जारी की, जिसका उद्देश्य खेल के लिए स्थायी लाभ प्रदान करने के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में विश्व कप का उपयोग करना है। रिपोर्ट के अनुसार, अकेले ऑस्ट्रेलिया में 1.32 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (865.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के आर्थिक प्रभाव के साथ यह टूर्नामेंट पहला महिला विश्व कप था। विश्व कप के लिए 1.7 मिलियन से अधिक टिकट बेचे गए। 2015 में बनाए गए 1.35 मिलियन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की हार 2001 में वर्तमान रेटिंग प्रणाली शुरू होने के बाद से देश का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टेलीविजन प्रसारण बन गया। एफए के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन ने कहा कि टूर्नामेंट की गति को जारी रखने के लिए एफए का लक्ष्य 2026 एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला एशिया कप के लिए मेजबानी के अधिकार सुरक्षित करना है।

## डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स दमदार प्रदर्शन करेगी : राणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चाहे बात घरेलू क्रिकेट की हो या विदेशों में जाकर टी20 लीग और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलनी की। हर क्षेत्र में भारतीय महिला क्रिकेटरों ने अपनी छाप छोड़ी है। इसलिए, लंबे इंतजार के बाद आईपीएल की तर्ज पर पिछले साल भारत में महिला प्रीमियर लीग की शुरूआत हुई जिसे भारतीय फैंस का भी सपोर्ट मिला। एक बार फिर मंच सज चुका है और शुक्रवार से टूर्नामेंट के दूसरे सीजन का आगाज हो रहा है। इस बीच भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा को पूरी उम्मीद है कि इस बार लीग को पहले से भी ज्यादा सपोर्ट और फैंस का प्यार मिलेगा। मैदान पर भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा अपनी टीम के लिए विकेट लेने और रन बनाने के प्रति गंभीर नजर आती हैं। लेकिन मैदान के बाहर, वह काफी 'कूल' रहना पंसद करती हैं। डब्ल्यूपीएल 2023 में स्नेह राणा को अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी गुजरात जायंट्स का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था, जब बेथ मूनी भावी मुंबई इंडियंस के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में सिर्फ तीन गेंदों का सामना करने के बाद चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चली गईं। उसके बाद, जाइंट्स के लिए यह सीजन यादगार नहीं रहा और वह अंक तालिका में सबसे नीचे रही, जबकि स्नेह उंगली की चोट के बावजूद टीम को बचाए रखने की पूरी कोशिश कर रही थी। लेकिन अब, कई बदलावों और चोटों के प्रतिस्थापन के साथ यह टीम नई शुरूआत करने के लिए तैयार है। फ्रेंचाइजी द्वारा आयोजित आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में स्नेह ने जाइंट्स टीम में उप-कप्तान के रूप में अपनी भूमिका, डब्ल्यूपीएल 2024 की तैयारी, मानसिक रूप से मजबूत होने के महत्व और महिला क्रिकेट के प्रति अपने द्वारा देखे गए बदलावों के बारे में बात की।




### डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट का नया दौर : जय शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल की तर्ज पर बीसीसीआई ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल महिलाओं के लिए टी20 लीग की शुरूआत की थी। एक सफल सीजन के बाद अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा सीजन शुक्रवार को शुरू हो रहा है। पहला मैच बेंगलुरु में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि हम महिला प्रीमियर लीग सीजन 2 की शुरूआत के साथ एक नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। हमारा दृष्टिकोण सबसे बड़ी महिला क्रिकेट लीग स्थापित करना था और मैं उन सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने में योगदान दिया है।' टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में 25-दिवसीय गाथा में 22 मैचों में पांच टीमें भिड़ेंगी। मुंबई इंडियंस ने पिछले साल मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स पर रोमांचक जीत के साथ लीग का उद्घाटन संस्करण जीता था और एक बार फिर उसे पसंदीदा माना जा रहा है। इस सीजन में बेंगलुरु और नई दिल्ली के मैच साझा होंगे, लीग प्रारूप में कोई बदलाव नहीं होगा। प्रत्येक टीम ग्रुप स्टेज राउंड में अन्य चार से दो बार खेलेगी और विजेता फाइनल में प्रवेश करेगा। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 17 मार्च को नई दिल्ली में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए एलिमिनेटर में भिड़ेंगी।




### वेस्टइंडीज की मौजूदा टी20 टीम के पास वर्ल्ड कप जीतने की क्षमता : ब्रावो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खतरनाक ऑलराउंडरों से सजी हुई वेस्टइंडीज टीम का टी20 क्रिकेट में दबदबा रहा है, लेकिन बीते दो टी20 वर्ल्ड कप इस टीम के लिए बेहद खराब रहे। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो का मानना है कि पिछले दो टी20 विश्व कप में संघर्ष के बावजूद मौजूदा वेस्टइंडीज टीम जून में आगामी मेगा इवेंट में तीसरा खिताब जीतने की क्षमता रखती है। वेस्टइंडीज ओमान और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप में सिर्फ एक जीत हासिल कर सका और फिर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। लेकिन ब्रावो वेस्टइंडीज के हालिया फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने पिछले 12 महीनों के दौरान टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड को हराया है। इसलिए ब्रावो को लगता है कि कैरेबियाई टीम इस साल के आयोजन की यूएसए के साथ सह-मेजबानी में तहलका मचा सकती है। ब्रावो ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में 2024 टी20 विश्व कप के शुरू होने के 100 दिन पूरे होने के जश्न के हिस्से के रूप में कहा, 'मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज टीम के पास आईसीसी ट्रॉफी जीतने का बहुत अच्छा मौका है।

## खबरें व्यापार जगत की

### सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक दिन की तेजी के बाद आज एक फिर सरार्फा बाजार में गिरावट का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी देखी जा रही है। हालांकि 24 कैरेट सोना के भाव में आज 20 रुपये से 30 रुपये प्रति 10 तक की ही गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण देश के कई सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 57,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गया है। सोना की तरह चांदी की कीमत में आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी आज 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में कमजोरी दिख रही है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरू, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**चेन्नई (एजेंसी)।** सरकारी स्वामित्व वाले बंधक ऋणदाता बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों में धीमी वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 प्रतिशत होने की भविष्यवाणी की है। अर्थशास्त्री जाह्नवी प्रभाकर ने एक रिपोर्ट में कहा, 'वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के लिए कृषि और उद्योग क्षेत्र में धीमी वृद्धि के कारण दूसरी तिमाही में हुई 7.6 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले अर्थव्यवस्था 6.4 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ने का अनुमान है। सेवा क्षेत्र में वृद्धि की उम्मीद है।' प्रभाकर के अनुसार, तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि हालांकि दूसरी तिमाही की तुलना में थोड़ी धीमी है, यह सभी क्षेत्रों में असमान है और उनमें से कुछ ने दूसरों की तुलना में बेहतर वृद्धि दर्ज की है। पूरे साल के लिए अनुमान 6.8 प्रतिशत है। प्रभाकर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर 6.75-6.8 प्रतिशत के समान स्तर पर रहेगी। आईएमएफ के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के लिए 6.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अक्टूबर 23 में अपने पिछले पूर्वानुमान से अनुमान को 40 बीपीएस तक उन्नत किया गया है। वित्त वर्ष 24 और 25 के लिए, 'घरेलू मांग में लचीलेपन' के दम पर अर्थव्यवस्था में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। प्रभाकर ने कहा, 'दूसरी ओर, विश्व बैंक को उम्मीद है कि मजबूत घरेलू मांग, मजबूत निजी क्षेत्र की ऋण वृद्धि के साथ-साथ बढ़ते बुनियादी ढांचे के खर्च के कारण वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करेगी।' इन पूर्वानुमानों के विपरीत, एनएसओ के अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024 में देश की विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।




### मुनाफावसूली के दबाव में शुरूआती बढ़त गंवाकर गिरावट में बंद हुआ निफ्टी

**मुंबई (एजेंसी)।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुक्रवार को हरे निशान में खुलने के बाद सुबह की बढ़त को बरकरार रखने में विफल रहा, और मुनाफावसूली के कारण मामूली गिरावट में बंद हुआ। निफ्टी 50 गुरुवार को 4.75 अंक (0.02 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 22,212.70 अंक पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 15.44 अंक (0.02 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 73,142.80 अंक पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि हालांकि, अल्पावधि के लिए धारणा सकारात्मक रही क्योंकि सूचकांक 22,200 के महत्वपूर्ण प्रतिरोध स्तर से ऊपर बंद हुआ। अगला प्रतिरोध 22,400 पर देखा गया। अल्पकालिक समर्थन 21,900 पर स्थित है। उन्होंने कहा, जब तक निफ्टी 21,900 से ऊपर का स्तर बनाए रखता है, तब तक गिरावट की स्थिति में खरीतदारी शुरू हो जाएगी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों के कारण घरेलू बाजार शुक्रवार को दिन की शुरूआत में एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कुछ देर के लिए ठिठक गये। विशेष रूप से, पूंजीगत सामान और औद्योगिक क्षेत्रों ने मजबूती दिखाई, जो विनिर्माण और सेवाओं में प्रगति से समर्थित है। जैसे-जैसे वित्तीय परिणाम जारी करने का मौसम खत्म हो रहा है, बाजार बेसब्री से नए उत्प्रेरकों का इंतजार कर रहा है।




### बायजू के प्रमुख निवेशकों ने एडटेक फर्म के राइट्स इश्यू के खिलाफ खटखटाया एनसीएलटी का दरवाजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बायजू के प्रमुख निवेशक प्रोसस, जनरल अटलांटिक, सोफिना और पीक एक्सवी ने राइट्स इश्यू को लेकर जूझ रही एडटेक कंपनी के खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया है। निवेशक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, वीसी फर्मों ने 'निवेशकों के अधिकारों के दमन और कंपनी के कुप्रबंधन' का हवाला दिया है। सूत्रों के मुताबिक, चारों निवेशकों ने ट्रिब्यूनल की बेंगलुरु पीठ के समक्ष याचिका दायर की। यह पहली बार है जब बायजू के निवेशक राइट्स इश्यू के खिलाफ कानूनी तौर पर आगे आए हैं। निवेशकों के इस कदम पर बायजू ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। एडटेक कंपनी ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि उसकी मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राइट्स इश्यू जारी किया गया है। लिमिटेड को 99 प्रतिशत मूल्यांकन कटौती पर 200 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया था।

## एक नजर

### संत गाडगे महाराज की 148 वीं जयंती समारोह मनाई गई

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के जनक, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत व समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी की 148 वीं जयंती समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ,राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ,भाजपा के वरीय नेता नेता विनोद कुमार सिंह,कर्नल संजय सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक छेदी बैठा ने की। जबकि संचालन ब्यापार मंडल अध्यक्ष सह समाजसेवी कृष्णा बैठा ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि संतो की कोई जाति नहीं होती हैं,संत समाज के मार्गदर्शक होते है। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि संत गाडगे दलितों और वंचितों के पथप्रदर्शक थे।

### दो बाइक की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कोलियरी मोड़ के समीप दो बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पंडवा थाना की पुलिस को दी गई।पुलिस और ग्रामीणों ले सहयोग से सभी घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा दिया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना करीबन 6:30 बजे की है।जानकारी के अनुशार कुटुंबा थाना क्षेत्र के निवासी सिंटू सोनी पिता कृष्ण देव प्रसाद मेदिनीनगर से अपने घर कुटुंबा जा रहे थे।जबकि पड़वा मोड़ से चैनपुर थाना क्षेत्र के चेडाब्रार के नर्वदेश्वर सिंह पिता वृक्ष सिंह व एक व्यक्ति मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे।दोनों बाइक सवार आपस में टकरा गये। जिससे तीन व्यक्ति घायल हो गये।सभी घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया।

### बाइक और पिकअप वैन में आपने-सामने की जोरदार टक्कर

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर सोनबरसा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को बाइक और पिकअप वैन में आपने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।जिसमे बाइक में बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए हैदरनगर स्वास्थ्य केंद्र भेजा।जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा निवासी सुरेंद्र मेहता का पुत्र मिथलेश कुमार व सतेंद्र पाल का पुत्र रजनीश कुमार है।परिजनों ने बताया की बाइक से मैट्रिक की परीक्षा देने वह मोहम्मदगंज जा रहा था।सोनबरसा पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल लेकर निकलने के क्रम में पिकअप वाहन से टक्कर हो गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसआई बिपिन ठाकुर ने घटना स्थल से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन और बाइक को जब्त कर थाना ले गए।

#### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता

# जिले में एक वर्ष में हुई 276 दुर्घटनाओं में 225 की मौत, कमी लाने पर हुआ विचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुजरे वर्ष 2023 से चालू फरवरी 2024 में अब तक जिले हुई 276 दुर्घटनाओं में 225 लोगों की मौत हुई है। इनमे अब तक 16 प्रभावितों को हिट एंड रन के तहत सरकारी मुआवजा का भुगतान किया गया है, वहीं 15 मामले बीमा कम्पनी के पास लंबित है। यह खुलासा शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति की हुई बैठक में हुआ है। उपरोक्त जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव द्वारा दी गई है। दुर्घटना के उपरोक्त आंकड़ो पर चिंता जताते हुए बैठक में जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लायी जाये, इस पर चर्चा की गई।बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की तो बताया गया कि जनवरी 2023 से लेकर अबतक कुल 16 लोगों के बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजा का भुगतान किया गया है,वहीं 15 मामले बीमा कंपनी के स्तर से पेंडिंग है।यह भी बताया गया 2023 से अबतक गुड समैरिटन (अच्छे मददगार )स्कीम के तहत दो लोगों को लाभान्वित किया गया है, इनमें आज एक मददगार को उपायुक्त ने 5 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

**एक्सीडेंट प्रोन एरिया में पर्याप्त एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश :** बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने डीटीओ व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जिले में चिन्हित किये गये कुल 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया में आवश्यकतानुसार एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। कहा कि दुर्घटना वाले संभावित स्थानों पर आवश्यकतानुसार साइनएज लगाई जाये, ताकि दुर्घटना के प्रति सचेत कर इसमें कमी लाई जा सके। उन्होंने डीटीओ को हर माह सड़क सुरक्षा की बैठक कराने के निर्देश दिये।उन्होंने रोड सेफ्टी मैनेजर को पीडब्लूडी के कार्यपालक अभियंता,संबंधित पुलिस उपाधीक्षक के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक्सीडेंट प्रोन एरिया में सड़क दुर्घटना होने के क्या कारण है, इसे कैसे कम किया जा सकता है इस विषय पर डिटेल रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।इसी तरह आईआरएड सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री हेतु सभी संबंधितों को सक्रिय रहकर जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का एंट्री ससमय करने के निर्देश दिये गये।.इसके लिये उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी प्राइवेट अस्पतालों से भी डेटा अपलोड करवाने के निर्देश दिये।कहा कि हेलमेट चेकिंग व ट्रिपल राइडिंग का अभियान लगातार चलाया जाये। बैठक में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार,छत्तरपुर एसडीओ,उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार,सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,राष्ट्रीय राज मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि,सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह,सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू उपस्थित थे।

# होमगार्ड बहाली में पलामू उपायुक्त की चुप्पी संदेह के घेरे में : रूचिर तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बहाली हुए गृह रक्षा वाहिनी में मेरिट वाले अभ्यर्थियों का नहीं हुआ चयन आज दर्जनों की संख्या में होमगार्ड बहाली में शामिल हुए अभ्यर्थी भाकपा जिला सचिव श्री रुचिर कुमार तिवारी से मुलाकात किया और उन्होंने बताया कि हम सभी नौजवानों के साथ अन्याय किया गया है मेरिट में अंक रहने के बाद भी बिना मेरिट वाले व्यक्तियों को पैसा लेकर बहस किया गया जिसमें गोलू कुमार दुबे ने बताया कि हमारा मेरिट में सबसे अधिक अंक था इसके बावजूद भी मेरी बहाली नहीं की गई। मौके पर भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने सभी युवक युक्तियां को ढांढस बंधाया और यह आस्वस्त किया कि जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी ने होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया को कराया है जिसमें भारी अनीयमता बरती गई है एवं करोड़ों रुपया की घूसखोरी किया है पलामू आयुक्त को इस पर संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि सैकड़ो व्यक्ति प्रतिदिन दो दिन पर समहारनालय पहुंच रहे हैं एवं सूचना के अधिकार कानून के तहत इनफॉरमेशन भी प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया है इसके बावजूद भी पलामू के उपायुक्त इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं जो संदेह के घेरे में आता है। झारखंड राज्य में ही दो दो उपायुक्त बिरसा मुंडा जेल में हवा खा रहे हैं।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी में 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**9 लोगों पर 82 हजार का जुमार्ना भी लगा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 9 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 9 लोगों के खिलाफ मोहम्मदगंज थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 9 लोगों पर 82 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के शिवपूजन मेहता, रामधारी चंद्रवंशी, कौशल चंद्रवंशी, शिवशंकर चंद्रवंशी, सूचित पासवान,फूलचंद यादव, सूरज यादव, उपेंद्र यादव व जितेंद्र साव शामिल हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद, ललितेश्वर मेहता, रविशंकर सिंह व मंटू मुंडा शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा।

### बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी दल का गठन

**मोहम्मदगंज।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित छापेमारी दल में शामिल विद्युत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 9 लोगो को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा।कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कुल 85 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है।

# बच्चों को स्कूल ले जाते समय बस पलटी, दर्जनों बच्चे हुए घायल

**डीएवी प्रबंधन की लापरवाही उजागर,बस में क्षमता से अधिक बच्चे थे सवार**

**चालक पर शराब के नशे में होने का आरोप**

**विधायक ने डीएवी प्रबंधन के रवैया पर नाराजगी जताई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार की सुबह हुसैनाबाद के बच्चों को नबीनगर (बिहार) लेकर जा रही बस गोगो ठेंगों गांव के समीप पलट गई। बस में सवार दर्जनों बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। जबकि अन्य बच्चे भी मामूली रूप से घायल हैं। अभिभावकों का आरोप है की दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर ले जाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया है की बस का ड्राइवर शराब के नशे में था। उसे एक बार इसी वजह से हटाया भी गया था। जबकि प्रबंधन ने उसे पुनः रख कर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। अभिभावक डॉ. एजाज आलम ने बताया कि उनकी बच्ची शरिया एजाज भी घायल है। इसके अलावा आयुष कुमारी, लक्ष्मी लता, रिचा कुमारी,नवाब अली, आरएन पाठक, शबाहत, फैजल खान, स्वामी कुमारी का इलाज नबीनगर के एक निजी क्लीनिक में किया गया। खबर मिलते ही सभी बच्चों के अभिभावक घटनास्थल पहुंच कर बच्चों का हाल जाना। जिन बच्चों को अस्पताल भेजा गया था। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। नबीनगर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर बस को कब्जे में ले लिया है। जबकि चालक भागने में कामयाब रहा। घटना की खबर मिलते ही हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्यकताओं को नबीनगर भेज कर पूरी घटना की जानकारी ली।उन्होंने एक एक बच्चे का हाल जाना। उन्होंने क्षमता से अधिक बच्चों को बस ने ले जाने और नशे के आदि चालक को स्कूल प्रबंधन द्वारा रखे जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर सभी दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को सबक मिलना चाहिए, जिससे आगे इस तरह की घटनाएं नहीं हो।

# शत प्रतिशत लाभ अपने क्षेत्र की जनता को दिलाना उद्देश्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में वैष्णवी एचपी गैस के माध्यम से प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी वार्ड 31 एवं सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने संयुक्त रूप से उज्वला गैस वितरण किया मौके पर प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि अपने क्षेत्र की सम्मानित जनता के लिए दिन-रात चिंतन करते हुए कार्य कर रही हूं एवं हमारा प्रयास रहती है कि हमारे क्षेत्र की जनता को सत प्रतिशत सरकारी लाभ मिले एवं जनता से किए हुए वादे को मैं सत प्रतिशत पूरा करने की भी कोशिश की हूं या प्रधानमंत्री आवास योजना हो सड़क योजना हो या विभिन्न प्रकार के जल कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतरने का प्रयास की हू तथा अपने क्षेत्र की जनता के विश्वास पर मैं खरा उतरी हूं आगे भी उनका दुआ आशीर्वाद रहा तो अपने क्षेत्र की जनता का विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी यहां तो पूर्व के जन प्रतिनिधि सिर्फ जनता को भ्रमित करने का एवं अपने घर भरने का काम किए है पर मेरे लिए सर्वपरी मेरे क्षेत्र की जनता है।सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि पलामू सांसद बीडी राम ने ठाना है अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता का समस्याओं को दूर भगाना है उसी के तहत हम सब लगे रहते हैं की चैनपुर प्रखंड की।जनता को एवं मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र की जनता को सत प्रतिशत सरकारी लाभ मिले मौके पर उपस्थित लाभुक अजमेरी बीवी राधिका देवी रिंकू देवी उपस्थित जेपी गुप्ता मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल मेजर पासवान जीतू रिशु सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पलामू टाईगर रिजर्व में भालू के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इस घटना में एक वयस्क भालू ने एक 40 वर्षीय आदिम जनजाति व्यक्ति जिनकी पहचान लखन कोरवा के रूप में हुई को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। लखन कोरबा शरवत पहाड़ के नीचे से होकर गुजर रहे थे। तभी इस भालू ने उन पर हमला किया, इस हमले में भालू ने उनके चेहरे को बुरी तरह जख्मी कर दिया है। यह हमला जो बिल्कुल अचानक था लखन कोरवा के लिए मुश्किल था संभालना लेकिन लखन कोरवाने साहस दिखलाते हुए इस भालू से अपने को किसी सूरत से बचा लिया। इस गुथम गुत्थी में जो उनकी और भालू के साथ हुई उसमें कोरबा के एक हाथ की कलई भी टूट गई। यह सारी घटना बुधवार की शाम को हुई किसी गाड़ी के सहूलियत ना मिलने के कारण लखन कोरबा अपने घर पर ही इस जख्मी हरत में रह जाते हैं। बृहस्पतिवार को वह दिन के 12:00 बजे के आसपास जो भंडारिया जो कुटकु रेंज में ही हैं के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचते हैं। जहां उनका इलाज चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर वीके रजक करते हैं। वीके रजक ने प्रेस को बताया की भालू ने कोरबा के चेहरे को बुरी तरह से जख्मी किया था उनकी मांसपेशियां टूट फूट गई थी। यह पूछे जाने पर कि किया उनकी दोनों आंखें सही सलामत है। तो डॉक्टर रजक ने बताया के उम्मीद की जा सकती है कि उनकी आंख की रोशनी बच गई होगी। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने इस बात की पुष्टि की है। कि इस वर्ष का भालू का यह पहला हमला है जिसमें एक आदिम जनजाति के व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जैना ने बताया पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधक इस घायल व्यक्ति के इलाज के लिए कटिबध है और पलामू टाइगर रिजर्व के प्रबंधन ने ही गढ़वा सदर अस्पताल में इनके उपचार के बाद 108 एंबुलेंस से रिम्स कल ही देर शाम तक भेज कर एडमिट कर लिया गया है।

# मिलन समारोह में प्रदेश भर के चंद्रवंशीयों का होगा जुटान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लातेहार के बाजार टांड में 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को 'चंद्रवंशी सेना' के तत्वावधान में 'चंद्रवंशी उलगुलान मिलन समारोह का आयोजन किया गया है' इस समारोह में पलामू प्रमंडल के सभी गाँव से चंद्रवंशीयो का आगमन होगा पलामू प्रमंडल के सभी चंद्रवंशीयों से अनुरोध है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिला पुरुष सभी वर्ग के लोग इस गुलाम मिलन समारोह में पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का कार्य करें चंद्रवंशी समाज के लोग एकजुट होकर चट्टानी एकता को दिखाएं और राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें चंद्रवंशी समाज का इतिहास पौराणिक काल से ही महान रहा है चंद्रवंशी समाज के क्षत्रिय राजा महाराज जरासंध का इतिहास बहुत ही पुराना है उनके इतिहास को सभी को जानना चाहिए महाराज जरासंध पराक्रमि राजा थे जिन्होंने पूरे भारतवर्ष में कई सालों तक राज किया उनका अखाड़ा आज भी बिहार के राजगीर में प्रसिद्ध चंद्रवंशियों के इतिहास को दबाने का काम किया गया है।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कैबिनेट से ...

से संपोषित परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल एक अरब साठ करोड़ उन्नीस लाख रुपये के खर्च की स्वीकृति दी गयी। पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत चक्रधरपुर अनुमण्डलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

बीआईटी मेसरा के साथ वर्ष 2017 में हुए एकरारनामा का वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक के लिए अवधि विस्तार करने एवं उस एकरारनामा की शर्तों के अधीन बीआईटी मेसरा को क्रमानुसार सहायता अनुदान की राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही झारखंड राज्य पुलिस नियुक्ति नियमावली (पुलिस सेवा के लिए भर्ती पद्धति), 2014 (समय-समय पर यथा संशोधित) में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

झारखंड न्यायिक सेवा (भर्ती) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गयी. झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक संवर्ग नियुक्ति नियमावली, 2016 (यथासंशोधित) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य स्कीम के तहत देवघर जिलान्तर्गत देवघर पुलिस लाइन में 225 बेड 08 बैरक के निर्माण कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राक्कलित राशि बियालीस करोड़ उन्नीस लाख संतावन हजार पांच सौ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। झारखंड न्यायिक सेवा/वरीय न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को विभिन्न भत्तों की स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।

चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के लैम्पस/पैक्स में 100 एमटी गोदाम, मार्केटिंग सेंटर एवं ड्राईंग यार्ड का निर्माण को लेकर दो सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे लैम्पस/पैक्स को 500 एमटी क्षमता के गोदामवाले मॉडल लैम्पस/ पैक्स के रूप में विकसित करने के लिए एक सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी।

झारखंड में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू में संचालित किये जाने वाले अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी. इसके साथ ही सिविल जज (जूनियर डिविजन) संवर्ग में प्रधान दंडाधिकारी, अतिरिक्त किशोर न्याय बोर्ड, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)-क का 01 (एक) पद सृजन की स्वीकृति दी गयी।

## पहल

### जल जीवन मिशन के तहत पलामू जिले में अभी भी

# 2 लाख घरों तक पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य शेष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 3 लाख 65 घरों में पीने का पानी पाइप के द्वारा पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। इसके विरुद्ध अभी तक 1लाख 68 हजार घरों तक में पाइप के द्वारा पीने का पानी पहुंचए जाने का दावा पेयजल विभाग की ओर से किया जा रहा है। पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने प्रेस को बताया की जल जीवन मिशन में पलामू एक प्रयास कर रहा है कि वह इस वित्त वर्ष में अपने निर्धारित लक्ष्य से बहुत दूर ना रहे। गुप्ता ने प्रेस को बताया कि 3 लाख 65 हजार घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य के विरुद्ध 168296 घरों में पाइप के द्वारा पाइप पहुंचा जा रहा है। इस तरह से पलामू जिला का जल जीवन मिशन में 46% उपलब्धि है। यह 46% उपलब्धि पलामू जिले की गढ़वा जिले से काफी पीछे है , इस बात को कार्यपालक अभियंता पेयजल रामेश्वर गुप्ता ने स्वीकार किया। गढ़वा जिले में पेयजल की उपलब्धता 59% है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में की पलामू में पीने के पानी में अधिक मात्रा में फ्लोराइड मौजूद है और इस अधिक मात्रा के फ्लोराइड से दांत की तकलीफ और हड्डियों की तकलीफ की समस्याएं आ रही है। इसके उत्तर में कार्यपालक अभियंता गुप्ता ने बताया कि इस समय पलामू जिले में 35 ऐसे गांव है जहां ऊंची मात्रा के फ्लोराइड युक्त पानी की बात थी यहां पर फ्लोराइड से निपटने के प्लांट लगा दिए गए हैं। जो सुचारू रूप से चल रहे हैं और अब इन 35 गांव में फ्लोराइड पानी की समस्या सुनने को नहीं मिल रही है। उन्होंने माना के चुकरू गांव फ्लोराइड के लिए एक अत्यंत ही समस्यात्मक गांव है जहां पिछले 4 दशक से फ्लोराइड के लिए युद्ध स्तर पर काम किया गया है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कार्यपालक अभियंता ने बताया की पलामू जिले में ही जल जीवन मिशन करीब 800 करोड़ रुपए की योजना है और इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक घरों में पीने के पानी को पाइप से पहुंचने का लक्ष्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेदिनीनगर नगरनिगम, छतरपुर , विश्रामपुर और हुसैनाबाद जहां नगर परिषद जैसे संस्था मौजूद है वहां जल जीवन मिशन से पाइप के द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। यह पीने कितने की व्यवस्था इन नगर के संस्थानों को ही स्वयं से पूरा करना है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से इंटर के परीक्षार्थी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के कटैया मोड के समीप एनएच 98 पर अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी. हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सतगांवा निवासी अजय साव का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार उर्फ रौनी की मौत सड़क हादसे में हुयी है. मृतक के परिजनो ने बताया कि बीते गुरुवार की रात्रि करीब 8 बजे सूरज कुमार उर्फ रौनी अपने बाइक से हरिहरगंज से कौवाखोह गया था. लौटने के दौरान करीब 9 बजे कटैया मोड समीप अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी. साथ ही बताया कि सूरज कुमार उर्फ रौनी इंटर का परीक्षार्थी था. दो भाई, दो बहनों में सबसे बड़ा था. सड़क हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घटना की सूचना हरिहरगंज थाने को दिया. सूचना पर हरिहरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए थाना लाया. बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है. घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. घटना की सूचना पाकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने मृतक के घर पहुंच कर दुःख जताते हुए परिजनों को आर्थिक मदद किया. वही बसपा नेता प्रमोद रवि, संजय मेहता, एनसीपी के जिला सचिव अजय सिंह सहित कई लोगों ने मौत पर दुःख जताते प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार सहायता करने की मांग की है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More" पहल
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### फिलीपींस में सैन्य और एनपीए विद्रोहियों के बीच संघर्ष में छह की मौत

**मनीला।** सेना ने बताया कि फिलीपींस में बोहोल प्रांत में हुई झड़प में छह लोग मारे गए, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और पांच एनपीए विद्रोही शामिल हैं। बता दें कि सुबह आठ बजे से पहले ही यह झड़प संयुक्त बल, पुलिस अधिकारी और न्यू पीपल आर्मी के बीच हुई थी। जहां से झड़प हुई, वहां से सेना ने भारी मात्रा में राइफल्स और पिस्तौल बरामद की। एनपीए विद्रोही सरकारी सेना से साल 1969 से ही झगड़ रहे हैं।

### विधायक लस्या नंदिता की सड़क दुर्घटना में मौत



**हैदराबाद।** तेलंगाना के विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक लस्या नंदिता (33 वर्ष) की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संगारेड्डी जिले के अमीनपुर सुल्तानपुर ओआरआर के निकट हादसा हुआ है जब विधायक एक निजी समारोह में भाग लेकर कार से हैदराबाद लौट रही थीं। माना जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब सामने आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में कार चला रहे उनके पीए ने अचानक ब्रेक लगाया और अनियंत्रित होकर कार रेलिंग से जा टकराई। सीट बेल्ट न लगाने के कारण लास्या की मौके पर ही मौत हो गई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि लस्या नंदिता की असामयिक मृत्यु से गहरा सदमा लगा है। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना। लस्या नंदिता का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### भाजपा विधायक राजेंद्र पाटनी का निधन



**मुंबई।** भाजपा के विधायक राजेंद्र पाटनी (59 वर्ष) का वासिम जिले के एक अस्पताल में शुक्रवार सुबह निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार थे। राजेंद्र पाटनी वासिम के कारंजा विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राजेंद्र पाटनी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। देवेंद्र फडणवीस ने सोशल साइट एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, विधानसभा में मेरे सहयोगी राजेंद्र पाटनीजी का शुक्रवार को निधन हो गया।

# 'जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो यूपी के मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं'

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। यूपी के नौजवानों का अपमान कोई नहीं भूलेगा। परिवारवादी लोग युवा टैलेंट से डरते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल, यूपीसीडा एग्रो पार्क, करखियांव में 13,100 करोड़ से अधिक की 35 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान वह विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जो खुद होश में नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। ये अपने परिवार के बाहर नहीं देख सकते। पहले की सरकार और हमारी सरकार में यही अंतर है कि हम आत्मनिर्भर भारत बनाने का कार्य करते हैं। पहले की सरकारें हर जरूरत की चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहती थी। इससे देश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बनास डेरी प्लांट किसानों-पशुपालकों को बेहतर पशुओं की नस्ल और बेहतर चारे को लेकर भी जागरूक करेगा, प्रशिक्षित करेगा। पशुपालन तो एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें सबसे अधिक हमारी बहनें जुड़ी हैं। ये बहनों को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा माध्यम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बनारस जाम से जूझता था। जितना समय दिल्ली जाने में नहीं लगता था, उससे ज्यादा समय फ्लाइट पकड़ने में लग जाता था। आज बनारस की रफ्तार कई गुना बढ़ने लगी है। ये परियोजनाएं पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का राह बनेंगी। इन योजनाओं से पूर्वांचल में नौकरी के ढेर सारे अवसर बनेंगे। पीएम मोदी ने कहा, "काशी की धरती पर आज एक बार फिर आप लोगन के बीच आने का मोका मिलल हौवा। 10 साल पहले आप लोगन आपन सांसद बनइल। अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बनाई दिहलस।"



### पीएम और सीएम योगी ने नवनिर्मित सड़क का किया रात्रि निरीक्षण

पीएम ने गुरुवार रात में हाल ही में उद्घाटन किए गए शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा मार्ग का निरीक्षण किया। पीएम के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी भी थे। 360 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सड़क बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से वाराणसी हवाईअड्डे के बीच यात्रा के समय को 75 मिनट से घटाकर 45 मिनट कर देती है। वहीं लहरतारा और कचहरी के बीच यात्रा के समय को भी 30 मिनट से घटाकर 15 मिनट कर देती है।

### पीएम मोदी आज सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

**नई दिल्ली।** देश के सहकारी क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पीएम शनिवार को सुबह 10:30 बजे भारत मंडपम में सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री 'सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना' की पायलट परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिसे 11 राज्यों की 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रधानमंत्री गोदामों और कृषि से जुड़ी अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पीएसीएस की आधारशिला भी रखेंगे।

### काशी का स्वरूप फिर से संवर रहा, यह देश के लिए गौरव की बात : पीएम

मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन सभागार में काशी सांसद ज्ञान, सांसद संस्कृत एवं सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्कृत के छात्रों को किताबें, निःशुल्क ड्रेस, वाद्ययंत्र और 66 छात्रों में योग्यता छात्रवृत्ति वितरित कर सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता गैलरी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कालातीत काशी सर्वविद्या की राजधानी है। आज काशी का सामर्थ्य स्वरूप फिर से संवर रहा है। यह पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी जैसी तीर्थ और विश्वनाथ धाम जैसे मंदिर ही राष्ट्र की प्रगति की यज्ञशाला हुआ करती थीं। यहां साधना भी होती थी और शास्त्रार्थ भी होते थे। उन्होंने कहा कि भारत ने जितने भी नये विचार और विज्ञान दिये उनका संबंध किसी न किसी सांस्कृतिक केंद्र से थे। काशी शिव की नगरी है और बुद्ध के उपदेशों की भूमि है। काशी जैन तीर्थंकरों की भूमि है और आदि शंकराचार्य को भी यहां से बोध मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के वक्त मैंने कहा था कि ये धाम भारत को निर्णायक दिशा देगा। भारत को उज्ज्वल भविष्य की ओर लेकर जाएगा।

### जाति के नाम पर सिर्फ अपना हित साधती हैं परिवारवादी पार्टियां

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन में संत रविदास की 647वीं जयंती पर उनकी 25 फीट उंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि भाजपा सरकार उनके संकल्पों को पूरा कर रही है। गरीब, वंचित, पिछड़े और दलित के लिए सरकार की नीयत साफ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारा इतिहास रहा है कि जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत, ऋषि, महान विभूति भारत में जन्म लेते हैं। संत रविदास तो उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोर और विभाजित हो चुके भारत को नई ऊर्जा दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया था और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव समेत सभी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई। संत रविदास कहते हैं, 'जात पात के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग।' यानी ज्यादातर लोग जातपात के फेर में उलझे और उलझाते रहते हैं। यह रोग मानवता का नुकसान करता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज देश के हर दलित, पिछड़े को एक और बात ध्यान रखनी है। हमारे देश में जाति के नाम पर उकसाने और उन्हें लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलित, वंचित के हित की योजनाओं का बड़ा विरोध करते हैं। जाति की भलाई के नाम पर ये लोग सिर्फ अपने परिवार के स्वार्थ की राजनीति करते हैं। परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं।

## पीएम, लोस अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने मनोहर जोशी को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे मनोहर जोशी के निधन पर प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेन्द्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा अन्य राजनीतिक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। कहा, सदन के संचालन की विशिष्ट और निष्पक्ष शैली के कारण उन्हें सभी दलों के नेताओं का सम्मान प्राप्त था।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी एक मृदुभाषी और विद्वान सांसद थे। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा, एक कुशल संगठनकर्ता, उत्कृष्ट सांसद, उत्कृष्ट वक्ता, प्रखर विपक्षी नेता और सम्मानित लोकसभा अध्यक्ष जोशी ने हर भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जोशी एक अनुशासित और दृढ़ नेता थे, जिनकी शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के प्रति गहरी निष्ठा थी और उन्होंने महाराष्ट्र के निर्माण में पूरे दिल से योगदान दिया। शिंदे ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र, मराठी लोगों से गहरा लगाव था। वह बहुत विनम्र, उदारवादी, और अनुशासित थे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि जोशी के निधन से महाराष्ट्र के राजनीतिक, सामाजिक और शिक्षा क्षेत्र को बहुत बड़ी क्षति हुई है। मराठी लोगों के उचित अधिकारों के लिए लड़ने वाले सुसंस्कृत नेता खो गए हैं। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने अपने शोक संदेश में कहा कि मनोहर जोशी एक बहुत ही अनुशासित, उदारवादी और अध्ययनशील नेता के रूप में जाने जाते थे।

राकांपा संस्थापक शरद पवार ने कहा कि जोशी को राजनीतिक हलकों में एक सीधे-सादे नेता के रूप में जाना जाता था जो काम पूरा करने के लिए प्रयासरत रहते थे।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भी जोशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जोशी अपनी आखिरी सांस तक एक 'शिव सैनिक' की तरह रहे।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जोशी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था।

## विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को दी रूस-यूक्रेन संघर्ष से दूर रहने की सलाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत ने आज स्वीकार किया है कि कुछ भारतीय रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना में भूमिका निभा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को संघर्ष से दूर रहने का परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में एक बयान जारी किया है। उनका कहना है कि भारतीयों ने रूसी सेना में सहयोगी नौकरियों के लिए करार किए हैं। इसकी हमें जानकारी है। भारतीय दूतावास लगातार संबंधित रूसी प्राधिकार से उन्हें जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने के लिए कहा है। साथ ही हम भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि संघर्ष से दूरी बनाएं और उससे जुड़े कामों को लेकर सतर्कता बरतें। उल्लेखनीय है कि ऐसी रिपोर्टें सामने आईं कि दर्जनों भारतीय धोखे से रूसी सेना में सेवा दे रहे हैं। भारतीयों को सहायक नौकरियों का वादा कर रूसी सेना में भर्ती कर लिया गया है। दस्तावेजों के गलत अनुवाद और उनकी प्रारंभिक समझ के उलट उन्हें सैन्य प्रशिक्षण से गुजरना पड़ रहा है।


## अमेरिका ने 50 वर्षों में पहली बार की चंद्रमा पर लैंडिंग

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स का पहला चंद्र लैंडर शुक्रवार की सुबह चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में चंद्र सतह पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। ओडीसियस नाम का बिना चालक दल वाला लैंडर गुरुवार शाम 6.23 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा। ओडीसियस नासा के विज्ञान और अन्य वाणिज्यिक पेलोड को चंद्रमा पर ले जाता है। अंतरिक्ष यान को पिछले सप्ताह गुरुवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था। मिशन, जिसका कोडनेम आईएम-1 है, इंटुएटिव मशीन्स की चंद्रमा की सतह पर पहली रोबोटिक उड़ान है।

# नेपाल में तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी पर अड़ा विपक्ष, संसद में हंगामा, पीएम से मांगा जवाब

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल की प्रचंड सरकार के तीन मंत्रियों की बर्खास्तगी की मांग को लेकर शुक्रवार को मुख्य विपक्षी पार्टी नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने संसद में जमकर हंगामा किया। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' के बयान की मांग पर अड़ा रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन में दिनभर कोई कामकाज नहीं हो सका। नेकपा (एमाले) के सदस्यों ने प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके तीन मंत्रियों पर दोष साबित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने को लेकर आलोचना की। नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की



कार्यवाही में नेकपा (एमाले) के नेता योगेश भट्टराई ने कहा कि जब तक भौतिक निर्माण एवं यातायात मंत्री प्रकाश ज्वाला, स्वास्थ्य मंत्री मोहन बहादुर बस्नेत और पर्यटन संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी नहीं होती, सदन की कार्रवाई नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को स्वयं इस विषय पर सदन में जवाब देना चाहिए। पुलिस की गोली लगने से दो नागरिकों की मौत होने के बाद सरकार की जांच समिति ने मंत्री प्रकाश ज्वाला को दोषी ठहराया है। विपक्ष की मांग है कि सरकारी जांच समिति में ही जब मंत्री को मुख्य दोषी करार दे दिया गया है तो फिर उस मंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नेकपा (एमाले) के प्रमुख सचेतक पदम गिरी ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वो मंत्री प्रकाश ज्वाला को तत्काल बर्खास्त करें। पिछले महीने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्री ज्वाला के जबरन भीड़ में जाने के कारण पुलिस को गोली चलानी पड़ी जिससे दो प्रदर्शनकारियों की मौत गई थी। दूसरे विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने संस्कृति मंत्री सुदन किरांती की बर्खास्तगी की मांग की है। कुछ दिन पहले हिन्दू विरोधी अभिव्यक्ति देने और क्रिश्चियन धर्म नहीं मानने वाले को संविधान विरोधी कहने वाले मंत्री किरांती को हटाने की मांग की गई है।

## ओडिशा में परीक्षा के दबाव में दो छात्रों ने की आत्महत्या, दिल्ली में एक ने दी जान



**एजेंसी। भुवनेश्वर/दिल्ली**

ओडिशा में अलग-अलग घटनाओं में कथित तौर पर बोर्ड परीक्षा के दबाव के कारण दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। गंजाम जिले में 12वीं कक्षा के छात्र देबासिस सेठी के माता-पिता गुरुवार को बाजार से घर लौटे तो बेटे को उसके कमरे की छत के पंखे से लटका पाया। वे तुरंत उसे पास के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेठी के माता-पिता ने कहा कि उसे उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई) की वार्षिक प्लस 2 बोर्ड परीक्षा के दौरान खलीकोटे विश्वविद्यालय में आंतरिक दस्ते द्वारा कदाचार में लिप्त पाया गया था। एसडीपीओ ने कहा कि भौतिक विज्ञान के पेपर में खराब प्रदर्शन के गंभीर मानसिक दबाव में छात्र ने यह कदम उठाया होगा। इस बीच, भद्रक जिले के धामनगर थाना क्षेत्र के जहांगीर सासन गांव में शुक्रवार को 10वीं कक्षा का एक छात्र अपनी मौसी के घर में फंदे से लटका हुआ पाया गया। छात्र अभिषेक पांडा, जिसे वार्षिक मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल होना था, ने कथित तौर पर परीक्षा के दबाव के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं नई दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल, शंकर विहार के प्रशासन के खिलाफ एक छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि 10वीं कक्षा के एक छात्र ने यहां अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोलह वर्षीय छात्र के पिता ने गुरुवार को वसंत विहार थाने में शिकायत दी थी जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

# विशाखापट्टनम तट के पास भारत ने खोजा पाकिस्तानी पनडुब्बी 'गाजी' का मलबा

**भारतीय नौसेना ने हासिल की पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज और बचाव क्षमता**

**भारत की पेशकश के बाद कई मित्र देशों ने डीएसआरवी के प्रति दिखाई दिलचस्पी**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज और बचाव क्षमता हासिल की है। भारत ने अपने कई मित्र देशों के साथ अपनी पनडुब्बी बचाव क्षमताओं के लिए पेशकश की है, जिसमें कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। नौसेना की डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 1971 में विशाखापट्टनम तट के पास डूबी पाकिस्तानी पनडुब्बी पीएनएस गाजी का मलबा खोजा है। इसके अलावा जापानी पनडुब्बी आरओ-110 का मलबा भी पिछले 80 वर्षों से बंदरगाह शहर के पास समुद्र तल पर पड़ा हुआ है। भारतीय नौसेना की विशाखापट्टनम में स्थित डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट के ऑफिसर इंचार्ज कैप्टन विकास गौतम ने बताया कि भारतीय नौसेना के पास समुद्र की गहराई में जलमग्न पोत की बचाव क्षमता है। इस प्रणाली में संकटग्रस्त पनडुब्बी का पता लगाने के लिए एक साइड स्कैन सोनार है, जो दूर से संचालित वाहन (आरओवी) की मदद से आपातकालीन कंटेनरों को तैनात करके पनडुब्बी के चालक दल को बचाता है। दरअसल, पनडुब्बी दुर्घटना में तीव्रता के साथ जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए इस सिस्टम को फ्लाईअवे कॉनफि गरेशन में खरीदा गया है जो वायु, भूमि, समुद्री जहाजों का उपयोग करके बेस से संकटग्रस्त पनडुब्बी के सटीक स्थान तक बचाव प्रणाली के तेजी से परिवहन की अनुमति देता है। कैप्टन गौतम ने बताया कि 2018 में भारत ने डूबे हुए जहाजों और पनडुब्बियों का पता लगाने और आवश्यकतानुसार बचाव अभियान चलाने के लिए गहरे जलमग्न बचाव वाहन (डीएसआरवी) तैनात करने की क्षमता प्राप्त की। दुर्घटनाग्रस्त पनडुब्बी को बचाने की यह सुविधा कुछ चुनिन्दा देशों के पास ही है लेकिन भारतीय डीएसआरवी प्रौद्योगिकी और क्षमताओं के मामले में नवीनतम है। पनडुब्बी आकस्मिकता से निपटने के लिए भारत को यह प्रौद्योगिकी ब्रिटेन की कंपनी जेम्स फिशेज डिफेंस ने आपूर्ति की है, जो भारत के पश्चिमी और पूर्वी तट पर स्थापित की गई हैं। इस प्रौद्योगिकी में विभिन्न प्रकार की पनडुब्बियों को समुद्र के भीतर खोजने के साथ ही कर्मियों को बचाकर पनडुब्बी से डीएसआरवी में सुरक्षित स्थानांतरण किया जा सकता है।

## लोस चुनाव कार्यक्रम 13-14 मार्च को जारी होने की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) 13-14 मार्च को आगामी संसदीय चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। आयोग की टीमों ने अब तक कई राज्यों का दौरा किया है और वहां चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकें की हैं। वर्तमान में टीम तमिलनाडु का दौरा कर रही है, जहां वह राज्य मशीनरी द्वारा चुनाव संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ले रही है। आने वाले सप्ताह में चुनाव आयोग उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि चुनाव तैयारियों और वहां सुरक्षा परिदृश्य का आकलन करने के लिए संपूर्ण आयोग 11-12 मार्च को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा करने के लिए चुनाव आयोग के कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर अंतिम स्थान पर है। ऐसे में माना जा रहा है कि आयोग जम्मू-कश्मीर से लौटने के तुरंत बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उल्लेखनीय है कि सात चरणों वाले 2019 के लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, जबकि नौ चरणों वाले 2014 के संसदीय चुनावों की तारीखों की घोषणा 5 मार्च को की गई थी। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लगभग 97 करोड़ भारतीय मतदान के पात्र होंगे। महीनों तक चले गहन विशेष सारांश संशोधन 2024 के बाद फरवरी की शुरूआत में देश भर के सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियां प्रकाशित की गईं।